गरिमामयी परम्परा के १०७ वर्ष

Facebook आज आगरा
E-Paper ऑन लाइन पढ़ने के लिए वेबसाइड पर क्लिक करें

आज

www.ajhindidaily.com

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय
मध्यप्रदेश-राजस्थान संस्करण

★
नगर संस्करण पृष्ठ १२
मूल्य ₹ ६

आगरा, २० अक्टूबर २०२६, मंगलवार, वर्ष ४० अंक २७७ सौर २४ आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी सं. २०८३ वि.

वाराणसी, गोरखपुर, इलाहाबाद (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना, रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

सीजेपी के सौरव-रांका की दो दिन बढ़ी न्यायिक हिरासत

नयी दिल्ली। दिल्ली की एसईएम कोर्ट ने सीजेपी के सह-संयोजकों सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन बढ़ा दी है। विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा यह फैसला पुलिस की मांग पर लिया गया। इससे पहले, कोर्ट ने दोपहर में सुनवाई के बाद उनकी रिहाई पर फैसला सुरक्षित रखा था। जानकारी के अनुसार, सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली की स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) अदालत ने पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए तिहाड़ जेल भेजने के आदेश दिए हैं। इन दोनों नेताओं पर पहले से तय बेल बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर, इसी मामले में शामिल तीसरे नेता अजिंक्य शिंदे को राहत देते हुए अदालत ने उनसे नया बेल बॉन्ड भरवाकर प्रक्रिया पूरी की है।

जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों की सूची से हटाए जाने के बाद भी सीजेपी के नेताओं ने वहां विरोध प्रदर्शन किया। रांका, दास और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पार कर अंदर पहुंचे और तिरंगा लहराते हुए नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब सीजेपी और विपक्षी शेष पृष्ठ २ पर

पर्वों के उत्साहपूर्ण माहौल में न हो सुरक्षा की अनदेखी–योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं मंगलवार को मनाए जाने वाले विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए अपील की कि पर्वों के उत्साहपूर्ण माहौल में सुरक्षा की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों का आह्वान किया कि सौहार्दपूर्ण माहौल में उत्साह और उमंग के साथ पर्व और त्योहार मनाइये लेकिन साथ में सुरक्षा और अनुशासन का जरूर ध्यान रखा जाए। सीएम योगी, बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि पर कन्या पूजन अनुष्ठान के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें सभी

प्रकार के विकारों से मुक्त होने का भी संदेश देता है। यह पर्व किसी भी प्रकार के विकार को, चाहे वह व्यक्ति के व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन को प्रभावित कर रहा हो या फिर राष्ट्र की प्रगति में बाधक हो, तिलांजलि देने का भी अवसर है। शारदीय नवरात्र के अनुष्ठान और विजयादशमी का यह भी संदेश है कि समाज में नशा, भ्रष्टाचार, अराजकता, असुरक्षा और आतंकवाद के लिए कोई जगह न हो। हमें इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी करनी चाहिए। ये पर्व और त्यौहार समाज को तोड़ने वाले, समाज की एकता को भंगकर राष्ट्र को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास करने वाले अराजक और उच्छृंखल तत्वों को बेनकाब करने का भी संदेश देते हैं। ह्यमुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म की परंपरा में मातृशक्ति के प्रति सर्वोच्च सम्मान व्यक्त किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष में दो बार बासंतिक और शारदीय नवरात्र में जगतजननी मां भगवती की आराधना एवं कन्या पूजन के अनुष्ठान के साथ हर सनातन धर्मावलंबी जुड़ता है। उन्होंने गोरक्षपीठ में कन्या पूजन के अवसर को खुद का सौभाग्य बताते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी हुई है।

शेष पृष्ठ २ पर

राम मंदिर चढ़ावा चोरी :

कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की जांच की मांग

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों को क्लीन चिट दे दी, जबकि चोरी की कुल रकम का अब तक खुलासा नहीं किया गया है।जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि चार जून 2026 को मामला सार्वजनिक होने के नौ दिन बाद, 13 जून को उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी गठित की थी। उनके मुताबिक, 17 अगस्त को गृह विभाग ने जांच की अंतिम रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी, जिसमें चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट दी गई। रमेश ने दावा किया कि 27 अप्रैल से पांच जून 2026

के बीच की सीसीटीवी फुटेज में नोटों की गिनती करने वाले कर्मचारी 105 बार नोटों की गड्डियां छिपाते दिखाई दिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब चोरी की रकम और जिम्मेदार लोगों शेष पृष्ठ २ पर

नेहा बोरा ने पुलिस के नोटिस को हाईकोर्ट में दी चुनौती

नयी दिल्ली। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा ने दिल्ली पुलिस के उस नोटिस को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें 10 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने और जांच के दौरान शांति बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।नेहा बोरा को शुक्रवार शाम कनॉट प्लेस में प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' मार्च से पहले हिरासत में लिया गया था। उन्हें शनिवार सुबह रिहा कर दिया गया। बार एंड बेंच के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने 18 अक्तूबर को नोटिस जारी कर उन्हें 19 अक्तूबर को विशेष कार्यपालक मजिस्ट्रेट (एसईएम) के सामने पेश होने का निर्देश दिया था। नोटिस में जांच की अवधि के दौरान शांति बनाए रखने के लिए जमानती के साथ 10 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने को कहा गया था। नेहा बोरा की कानूनी टीम ने बताया कि वह एसईएम को सूचित करेगी कि नेहा मुचलके पर हस्ताक्षर नहीं करेंगी। एसईएम के अगले निर्देश के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दशहरे की छुट्टियों के कारण दिल्ली हाई कोर्ट फिलहाल बंद है और 26 अक्तूबर को खुलेगा।

मणिपुर में चौबीस घंटे में चार की हत्या

इंफाल। मणिपुर में 24 घंटे के भीतर हिंसा की 2 घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। सोमवार सुबह इम्फाल ईस्ट और कांगपोकपी जिलों की सीमा के पास लकड़ी लेने गए लोगों पर संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य घायल हुए और 3 लोग लापता बताए गए हैं।घटना से नाराज लोगों ने इम्फाल में मुख्यमंत्री के आवास के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। इससे पहले रविवार रात थौबल जिले में दो समुदायों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हुई थी।

कानपुर में सड़क हादसा, दो की मौत

कानपुर। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे किलोमीटर-216 पर ईसन नदी पुल के पास तेज रफ्तार अर्टिगा कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में चालक मुनेंद्र उर्फ मुन्ना (50) और टगोरी बालादास (56) की मौत हो गई, जबकि करिश्मा (20) और सोना (18) गंभीर रूप से घायल हो गईं। कार सवार अंकित सुरक्षित बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा टीम ने घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल महिलाओं को लखनऊ रेफर कर दिया गया। कार सवार राजस्थान के रेवाड़ी से अंबेडकर नगर जा रहे थे। प्रारंभिक जांच में चालक को झपकी आने से हादसा होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

रिश्वत मांगने वाले अफसरों की जांच के लिए मंजूरी जरूरी नहीं-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि किसी पुलिसकर्मी पर रिश्वत मांगने का आरोप हो, तो उसके खिलाफ जांच शुरू करने के लिए पहले से अनुमति लेना जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा कि रिश्वत मांगना सरकारी ड्यूटी का हिस्सा नहीं है, इसलिए ऐसे मामलों में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत मिलने वाली सुरक्षा लागू नहीं होती।सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल तेजाराम की अपील खारिज करते हुए उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आरोप तय करने के फैसले को बरकरार रखा। जस्टिस एस.वी.एन. भट्टी और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने 16 अक्टूबर को यह फैसला सुनाया। अदालत ने

राजस्थान हाई कोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें कांस्टेबल के खिलाफ आरोप तय करने के निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी।अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए हर मामले में लागू नहीं होती। इस धारा के तहत कुछ मामलों में लोक सेवक के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले मंजूरी लेना जरूरी है, लेकिन यह नियम तभी लागू होता है, जब आरोप उसके आधिकारिक काम के दौरान लिए गए किसी फैसले या की गई सिफारिश से जुड़ा हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रिश्वत मांगना या लेने की कोशिश शेष पृष्ठ २ पर

टाइगर श्राफ पर हमला करने के तीन आरोपी कोटा से गिरफ्तार

मुंबई। अभिनेता टाइगर श्रॉफ को निशाना बनाकर की गई फायरिंग के मामले में मुंबई पुलिस ने आरोपियों को राजस्थान के कोटा से पकड़ लिया है। मुंबई पुलिस के डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि घटना के बाद आरोपियों की

तलाश के लिए 20 टीमें बनाई गई थीं। जांच में पता चला कि आरोपी ट्रेन से राजस्थान की ओर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने कोटा में उन्हें पकड़ लिया। मामले की जांच हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत की जा रही है। घटना के वक्त मौके पर मौजूद तीन लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि पुलिस के पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है, जिससे यह पता चले कि फायरिंग की घटना से पहले टाइगर श्रॉफ को शेष पृष्ठ २ पर

युद्ध में एआई प्रणालियों का बढ़ेगा इस्तेमाल, समुद्री सुरक्षा पर जोर-नौ सेना उपप्रमुख

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना हवा, समुद्र, पानी के भीतर संचालन से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्वांटम तकनीक तक सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर दे रही है। इसका

उद्देश्य नौसेना को एक बहुआयामी नेटवर्क आधारित सैन्य बल के रूप में तैयार करना है। नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर ने सोमवार को यह जानकारी दी।नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कोचर ने कहा कि नौसेना केवल नई तकनीक अपनाने पर ही काम नहीं कर रही, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि इन तकनीकों से उसकी परिचालन क्षमता मजबूत हो।पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और समुद्री हितों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका से जुड़े सवाल पर कोचर ने कहा कि मौजूदा संकटों के कारण नौसेना की सोच और तैनाती, दोनों स्तरों पर गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने नौसेना के ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा का भी उल्लेख किया। उनके मुताबिक, इस अभियान के तहत महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर हमलों के बीच कई जहाजों को सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुंचाने में मदद मिली है।हाल के संघर्षों से तकनीक के इस्तेमाल के बारे में मिले सबक पर कोचर ने कहा कि इन घटनाओं ने नौसेना के सामने कुछ नई जरूरतों को स्पष्ट किया है।

शेष पृष्ठ २ पर

वाराणसी : ओवरब्रिज पर सेल्फी ले रहे पांच की मौत

मिर्जामुराद में तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी स्कॉर्पियो में मारी टक्कर

वाराणसी। मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव के सामने सोमवार को प्रातः छ बजे प्रयागराज-वाराणसी हाईवे (एनएच-19) के ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार ट्रक ने विंध्याचल दर्शन कर वापस लौटते समय स्कॉर्पियो रोककर सेल्फी ले रहे आठ लोगों को को रौदा ।पांच दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गयी जब कि तीन की हालत गंभीर है।घायलों को पुलिस एंबुलेंस की सहायता से बीएचयू ट्रामा सेंटर भेज दिया। जानकारी के अनुसार शिवपुर थाना क्षेत्र के निखिल यादव उर्फ गोलू (32वर्ष) अपने सात अन्य दोस्तों के साथ स्कॉर्पियो से रविवार नवरात्रि अष्टमी के रात विंध्याचल (मिर्जापुर) दर्शन करने गये थे,

स्कॉर्पियो में निखिल के साथ प्रदीप सिंह (35वर्ष) पुत्र योगेंद्र सिंह, आनंद यादव (26वर्ष) पुत्र वनवासी यादव निवासी चमाव शिवपुर, आलोक मिश्रा (27वर्ष) पुत्र अजय मिश्रा निवासी शिवपुर, विध्वंश यादव (30वर्ष), सावन यादव (26वर्ष) पुत्र संजय यादव निवासी मुंगेर (बिहार), किशन यादव (35वर्ष) पुत्र पारस यादव निवासी चमाव शिवपुर, राजकुमार यादव (36वर्ष) पुत्र शिव शंकर यादव निवासी लोहता सभी दोस्त दर्शन कर वापस वाराणसी की तरफ अपने घर लौट रहे थे, किसी कारणवश मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर स्थित नेशनल हाईवे पर स्कॉर्पियो खड़ा करके जैसे ही बाहर निकले, प्रयागराज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कॉर्पियो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशन और आनंद लगभग 10 फीट ऊपर उड़कर ओवर ब्रिज से नीचे सर्विस लेन पर जा गिरे। इस घटना में आनंद, प्रदीप, आलोक और विध्वंश की मौके पर ही मौत हो गती। जबकि निखिल, किशन सावन और राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए।जहां उपचार के दौरान किशन की भी मौत हो गयी ।हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गयी।सभी घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया हाईवे पर लाशें बिखर गयी। शेष पृष्ठ २ पर

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग सारा सामान व बेटी की शादी के लिए रखा सामान भी जलकर खाक

बकेवर (इटावा)। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेघुपुर के मजरा रामनगर में सोमवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से एक कच्चे कमरे में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कमरे के ऊपर पड़े घास-फूस के छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से कपड़े, अनाज और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। वहीं, बेटी की शादी के लिए जुटाकर रखा गया सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। आसपास के तीन घर आग की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रामनगर निवासी सुनीता पत्नी अरविंद सिंह ने बताया कि सोमवार दोपहर वह बकरियों के लिए घास लेने खेतों की ओर गई थीं। घर लौटकर आई तो कच्चे कमरे में आग लगी हुई थी। उनके मुताबिक, कमरे में लगे एलईडी बल्ब के फटने से कपड़ों में आग लग गई, जिसने धीरे-धीरे पूरे कमरे और छप्पर को अपनी चपेट में ले लिया। सुनीता ने बताया कि परिवार कच्चे कमरे में छप्पर डालकर गुजर-बसर कर रहा था। आग में कपड़े, अनाज और रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान जलकर नष्ट हो गया। परिवार को सबसे ज्यादा दुख बेटी की शादी के लिए जुटाए गए सामान के जलने का है। परिजनों के अनुसार, बड़ी बेटी शिवानी की जुलाई में शादी होनी है। इसके लिए परिवार अपनी सामर्थ्य के अनुसार धीरे-धीरे सामान खरीदकर घर में रख रहा था, जो आग में जलकर राख हो गया। घटना के समय परिवार के बच्चे गांव के मंदिर में प्रसाद बनवाने गए थे। आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों की तत्परता से आग आसपास के तीन घरों तक नहीं पहुंच सकी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की। आग से परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है।

परम हंस कुटी उझियानी में आज भागवत कथा में दशरथ देह त्याग की कथा व्यास जी ने सुनाई

बकेवर (इटावा)। ग्राम पंचायत उझियानी परमहंस कुटी मंदिर परिसर में चल रही राम कथा में सोमवार को राम बन गवन महाराज दशरथ के देह त्याग का मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। दरबटपुर औरैया से आऐ कथा व्यास पंडित अमित तिवारी उर्फ छुन्ना ने भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। राम कथा व्यास ने कहा कि युवाओं को भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए मयार्दा त्याग और कर्तव्य निष्ठा जैसे गुण अपनाकर ही मानव जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है राम कथा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वही दुर्गा देवी पंडाल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पंडित शिवकांत तिवारी ने गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने बृजवासियों को इंद्र के अहंकार और अनावश्यक भय मुक्त करने के लिए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की प्रेरणा दी। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने ब्रज में मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी बरषा से बृजवासियों की रक्षा करने के लिए भगवान श्री कृष्णा अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया ।

विधान परिषद चुनाव की तैयारी हेतु भ ज प ने रघुनाथ वाटिका महेवा में की बैठक

बकेवर (इटावा)। आगरा स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं एवं पन्ना प्रमुखों सहित पार्टी के संबंधित पदाधिकारी गणों की पोलिंग सेंटर 187, 187अ स्नातक , 111शिक्षक मतदेय स्थल रूरल इंटर कॉलेज महेवा पर पड़ने वाले मत 1884 स्नातक वोट, 184शिक्षक वोट को 23अक्टूबर को प्रातः 08बजे से शाम 04बजे तक होने वाले मतदान को लेकर बैठकमहेवा रघुनाथ वाटिका पर संपन्न हुई। मुख्य रूप से गोपाल मोहन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा/जिला संचालन समिति प्रमुख स्नातक ने पन्ना प्रमुखों को शत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए कहा बाद में भी इस बात की समीक्षा होगी कि पन्ना प्रमुखों की सूची से कितने वोट पड़े। उन्होंने ने कहा कि एक एक कार्यकर्ता एक एक वोट से हर सूरत में संपर्क बनाकर मतदेय स्थल तक लाने की जिम्मेदारी है। जिला संचालन समिति स्नातक के प्रमुख गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि पन्ना प्रमुखों की सक्रियता से संपर्क के द्वारा वोटो को डा मानवेंद्र सिंह गुरु जी का प्रथम नंबर पर अंकित नाम तथा इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी 02नंबर पर अंकित नाम के आगे पोलिंग पर उपलब्ध पेन से नाम के आगे खड़ी पाई बनाकर विजयी बनाएं। उन्होंने पार्टी जनों को पूरी ताकत के साथ जुटने का आवाहन किया।पूर्व विधायक श्रीमती सावित्री कठेरिया स्नातक प्रभारी संयोजक शिक्षक अशोक चौबे, मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, रवींद्र दुबे, दिनेश तिवारी, अरविंद ऋषिश्वर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी पन्ना प्रमुखों की मौजूदगी रही। मीनाक्षी चौहान ने संचालन किया।

विजयादशमी पर बकेवर में होगा विशाल भंडारा, दोपहर 12 बजे से बंटेगा प्रसाद

बकेवर (इटावा)। शारदीय नवरात्र के समापन पर विजयादशमी के पर्व पर युवा उत्थान समिति की ओर से 20 अक्टूबर को बकेवर कस्बे के मुख्य चौराहे पर सातवें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से शुरू होने वाले भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष आशीष शर्मा, नितिन तथा संयोजक प्रवेश शर्मा लल्ला और देवेंद्र राजौरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि भंडारे का आयोजन समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

आज की राम लीला का उदघाटन संतोष चक ने किया कमेटी को दिए 5100 रुपए

अहेरीपुर इटावा। स्थानीय कसवा में पुरानी सब्जी मंडी में होने वाली श्री राम लीला में आज दलित सीट से संभावित ग्राम प्रधान प्रत्याशी संतोष चक ने फीता काट कर उदघाटन किया तथा राम लीला कमेटी अध्यक्ष रामू राठौड़ को 5100 रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की संतोष चक का कमेटी अध्यक्ष रामू राठौड़ कुलदीप तिवारी गणेश तिवारी गजेन्द्र राजावत सहित कमेटी के पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र एवं फूलमाला पहना कर स्वागत किया तत्पश्चात छाया क्लब ककोर औरैया ने सीता हरण लीला का मंचन किया

ब्रह्माणी देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नवमी पर मां सिद्धिदात्री के स्वरूप में हुआ माता का भव्य श्रृंगार, सुबह पांच बजे शुरू हुई पूजा-अर्चना

जसवंतनगर/इटावा। बलरई थाना क्षेत्र में यमुना नदी की तलहटी में स्थित प्राचीन मां ब्रह्माणी देवी मंदिर में नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां सिद्धिदात्री के स्वरूप में माता का भव्य श्रृंगार किया गया। सुबह पांच बजे पूजा-अर्चना के साथ मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए। सोमवार को नवमी होने के कारण आसपास के सैकड़ों गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मंदिर पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। आसपास के कई जिलों के अलावा मध्यप्रदेश और राजस्थान से भी श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। मान्यता के अनुसार आसपास के गांवों से आने वाली महिलाओं ने अपने नन्हें-मुन्ने बच्चों के मुंडन संस्कार भी मंदिर परिसर में कराए। इससे पूरे दिन मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। सीओ आयुषी सिंह, थानाध्यक्ष आलोक कुमार, उपनिरीक्षक शेर सिंह तोमर, पीएसी के जवानों के साथ महिला और पुरुष पुलिसकर्मी मौके पर तैनात रहे। पुलिस ने मंदिर परिसर में व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की अलग-अलग लाइन लगवाई। वहीं, वाहनों को मंदिर से करीब एक किलोमीटर दूर बनाए गए स्टैंड पर रोक दिया गया।

नवमी पर कालिका देवी मंदिर लखना में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने चढ़ाए झंडा-घंटा

बकेवर (इटावा)। शारदीय नवरात्र की नवमी पर लखना नगर स्थित मां कालिका देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मां के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर झंडा, घंटा और जवारे चढ़ाए तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

दिनभर मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। नवरात्र के दौरान मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। इस दौरान झंडा-घंटा चढ़ाने के साथ बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए गए। नवविवाहित जोड़ों ने मां के दरबार में माथा टेककर सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद मांगा। कई श्रद्धालु दंडवत होकर मां के दरबार पहुंचे और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए अरदास लगाई।मान्यता के अनुसार, जिन श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी हुईं, वे हाथों में जलते दीपक लेकर घुटनों के बल मां के दरबार तक पहुंचे और पूजा-अर्चना की। मंदिर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए। बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक और लखना चौकी इंचार्ज राजपाल सिंह पुलिस बल व महिला आरक्षियों के साथ तैनात रहे।

गैर इरादतन हत्या में नामजद अभियुक्त को किया गिरफ्तार

हाथरस। थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के अभियोग में नामजद 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि गत् 12 अक्टूबर 2026 को आकाश पुत्र गिरीश चन्द्र निवासी ग्राम मुन्नापुर, थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस द्वारा थाना सिकन्द्राराऊ पर लिखित तहरीर देकर सूचना दी गई थी कि 8 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे उनका भाई राहुल नल पर पानी पी रहा था। इसी दौरान पड़ोस के खेत में ट्रैक्टर चला रहे शिव कुमार पुत्र सूरजवीर सिंह उर्फ रवि निवासी ग्राम मुन्नापुर, थाना सिकन्द्राराऊ जनपद हाथरस ने राहुल को आवाज देकर अपने पास बुलाया। आरोप है कि शिव कुमार द्वारा ट्रैक्टर तेज गति से चलाते हुए राहुल के ऊपर चढ़ा दिया गया, जिससे राहुल रोटावेटर में फंस गया और करीब 3/4 मीटर तक घसीटता चला गया। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राराऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक, थाना सिकन्द्राराऊ को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के क्रम में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए सोमवार को अभियोग में नामजद अभियुक्त शिव कुमार पुत्र सूरजवीर सिंह उर्फ रवि, निवासी ग्राम मुन्नापुर, थाना सिकन्द्राराऊ हाथरस को रतिभानपुर ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार शर्मा मय पुलिस टीम, थाना सिकन्द्राराऊ हाथरस थे।

दून पब्लिक स्कूल की टीम राष्ट्रीय समूहगान के फाइनल में पहुंची

हाथरस। भारत विकास परिषद, संस्कार शाखा हाथरस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूह गान का भव्य आयोजन शहर के दून पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ, जिसमें दून पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बहुत ही सुंदर गायन की प्रस्तुति की। हिंदी और संस्कृत दोनों समूह में गायन सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह गान प्रभारी राकेश वार्ष्णेय, प्रांत संगठन सचिव मनोज अग्रवाल, विद्यालय प्रधानाचार्य के अग्रवाल, जिला समन्वयक अनिल वार्ष्णेय एवं संस्कार शाखा के अध्यक्ष कमलेश जैन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय के की संगीत की अध्यापिका भावना शर्मा ने अपनी टीम के साथ प्रस्तुति दी। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में राकेश वार्ष्णेय एवं अनिल वार्ष्णेय रहे। प्रांतीय संगठन सचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर राष्ट्रवाद और देश के प्रति देश प्रेम की भावनाएं विकसित करती हैं निश्चित ही आज की विजयी टीम हाथरस जिले का प्रांत में 25 अक्टूबर को अलीगढ मे प्रतिनिधित्व करेगी और आगे क्षेत्र स्तर में भी अपना स्थान प्राप्त करेगी।

कार्यक्रम के अंत में शाखा अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभी विजयी प्रतियोगियों को पुरस्कारं एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

अमापुर में 9 करोड़ से बनेगी चाण्डी चौकी-खितौली नहर पुल तक सड़क

विधायक हरिओम वर्मा के प्रयासों से निर्माण कार्य तेज, दर्जनों गांवों को मिलेगी राहत

कासगंज। अमापुर विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर सड़क निर्माण कार्यों में तेजी आ रही है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए चाण्डी चौकी से खितौली नहर पुल तक मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। करीब 9 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस सड़क से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने की उम्मीद है।

इस मार्ग के निर्माण के लिए अमापुर विधायक हरिओम वर्मा के प्रयासों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके प्रयासों के बाद शासन स्तर से सड़क निर्माण को मंजूरी मिली और बजट स्वीकृत हुआ। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। निर्माण पूरा होने के बाद दर्जनों गांवों के लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही यात्रा में लगने वाले समय और ईंधन की बचत होने की भी उम्मीद है।

विधायक हरिओम वर्मा की पहल पर इससे पहले प्रतापपुर के समीप नहर पर नए पुल का निर्माण भी कराया गया था। पूर्व में यह स्थान दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन गया था, जहां आए दिन सड़क हादसे होते थे। पुल निर्माण के बाद राहगीरों को राहत मिली और दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद जगी। विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। वहीं, सड़क और पुल जैसे बुनियादी निर्माण कार्यो को लेकर भी चर्चा बढ़ी है। इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था मजबूत होने और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलने की उम्मीद है।

नवमी पर सोमवती स्व जोर सिंह पेट्रोल पंप पर भंडारे का आयोजन

बकेवर/इटावा। शारदीय नवरात्र की नवमी के अवसर पर सोमवार को लखना कस्बा स्थित पहलाद सिंह एडवोकेट के पेट्रोल पंप पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में बकेवर के पूर्व अध्यक्ष जनवेद सिंह यादव, पूर्व सभासद प्रशांत यादव, लखना नगर पंचायत के चेयरमैन गणेश शंकर पोरवाल, संजय यादव, अमित यादव एडवोकेट, आशीष यादव, कृष्ण यादव, ऋषभ यादव और निशांत यादव धर्मेंद्र यादव उर्फ संजू पूर्व सहकारी संघ अध्यक्ष अजय यादव सहित नगर पंचायत के अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करने में सहयोग किया।

मीरपुर में मकान के सामने से बुलेट मोटरसाइकिल चोरी

सादाबाद। कोतवाली क्षेत्र के गांव मीरपुर में मकान के सामने खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना 18 अक्टूबर की दोपहर करीब 12रू41 बजे की बताई गई है। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गांव मीरपुर, कजरौठी निवासी हरिराम सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 मोटरसाइकिल मकान के सामने खड़ी थी। आरोप है कि दोपहर के समय अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। जानकारी होने पर उन्होंने अपने स्तर से मोटरसाइकिल की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर भी दी गई। कोतवाल विजय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

प्रथम पृष्ठ के शेष

सीजेपी के सौरव-रांका की दो दिन बढ़ी न्यायिक हिरासत

दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग का विरोध कर रहे हैं।सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अब राष्ट्रीय ध्वज फहराना भी गैरकानूनी हो गया है? उन्होंने कहा कि आशु और सौरव को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उनकी गलती ? जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराना। थोड़ी हिम्मत दिखाइए, नरेंद्र मोदी। अगर आप विरोध की आवाज को दबाने के लिए इतने ही पक्के इरादे वाले हैं, तो इन कायरतापूर्ण तरीकों की आड़ लेने के बजाय आधिकारिक तौर पर आपातकाल घोषित करने की हिम्मत दिखाइए। सीजेपी नेता अजिंक्य शिंदे ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराने और %भारत माता की जय% के नारे लगाने के कारण अशुतोष रांका और सौरव दास को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि आज अशुतोष का जन्मदिन है और इसी दिन उन्हें जेल भेजा गया। शिंदे ने मोदी-शाह सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जेल भेजकर नेताओं को डराने की कोशिश सफल नहीं होगी और वे सिर ऊंचा करके जेल जा रहे हैं। सीजेपी और विपक्षी दलों का आरोप है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। इसी को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं। चुनाव आयोग ने पक्षपात के आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि जिन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटे हैं, वे दोबारा नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीजेपी की मांग है कि एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर जवाबदेही तय हो और मुख्य चुनाव आयुक्त अपने पद से इस्तीफा दें। विवाद उस समय बढ़ा, जब दिल्ली पुलिस ने 12 अक्तूबर को जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल की सूची से हटा दिया। अधिकारियों ने प्रदर्शन के लिए रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान जैसे वैकल्पिक स्थान तय किए। सीजेपी ने इस फैसले पर आपत्ति जताई और जंतर-मंतर पर ही प्रदर्शन करने की मांग की। पार्टी ने पुलिस को प्रदर्शन की तारीख तय करने के लिए समय भी दिया था। इससे पहले 10 अक्तूबर को भी सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके, आशुतोष रांका और सौरव दास को पुलिस ने हिरासत में लिया था। बाद में 11 अक्तूबर को उन्हें एक साल तक शांति बनाए रखने की शर्त पर रिहा किया गया। हालांकि, अभिजीत दिपके ने दावा किया था कि उन्होंने ऐसा कोई बांड नहीं भरा, जो उन्हें आगे प्रदर्शन करने से रोकता हो। इसके बाद पार्टी ने विरोध जारी रखने का फैसला किया।

पर्वों के उत्साहपूर्ण माहौल में न हो सुरक्षा की अनदेखी-योगी

मां विंध्यवासिनी धाम में नया कॉरिडोर बनने के उपरांत वहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आए हुए है। कल रविवार को 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने वहां दर्शन पूजन किया। आज भी ब्रह्म मुहूर्त से वहां भारी भीड़ लगी है। 20 से 25 लाख की संख्या में श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी धाम में दर्शन पूजन कर रहे हैं। ऐसे ही देवीपाटन शक्तिपीठ में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हैं। सहारनपुर के मां शाकंभरी शक्तिपीठ और सीतापुर में ललितादेवी शक्तिपीठ में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आकर अपनी श्रद्धा निवेदित कर रहे हैं। महिलाओं के लिए सरकार की विशेष योजनाओं की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 25,000 रुपये का पैकेज उपलब्ध करा रही है। बेटी जब विवाह के योग्य होती है तो एक लाख रुपये की सहायता प्रदेश सरकार देती है। 5 लाख से अधिक कन्याओं का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से अब तक संपन्न हो चुका है। प्रदेश पुलिस की भर्ती में 20 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। प्रदेश में 2017 तक मात्र 10,000 महिला पुलिस सेवारत थीं जबकि आज लगभग 45,000 महिला पुलिस कार्मिक सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में अपना योगदान दे रही हैं। इसी तरह प्रदेश की अलग अलग ग्राम पंचायतों में 54,000 बीसी सखी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करवा रही हैं। मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्र और विजयादशमी पर्व पर समस्त नागरिकों के सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश में लगभग 45,000 स्थानों पर दुर्गा पूजा के पंडाल लगे हुए हैं। पंडालों और देवी मंदिरों में शासन-प्रशासन ने अपने स्तर पर सुरक्षा, सुविधा और यातायात प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था की है। मंगलवार को अधर्म, असत्य और अन्याय पर धर्म, सत्य और न्याय के विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व है। इसे लेकर प्रदेश में हर जगह सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट की व्यापक तैयारियां की गई हैं।

कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में की जांच की मांग

की भूमिका स्पष्ट नहीं हुई, तो जांच कैसे बंद कर दी गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि 23 जून की प्रारंभिक रिपोर्ट में निगरानी संबंधी नियमों के पालन में कमी और कंट्रोल रूम कई बार खाली रहने की बात सामने आई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 25 जून को प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अगले दिन गिनती से जुड़े आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन ट्रस्ट उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जुड़े सवाल उठाते हुए पूछा कि मामले में बड़े पदों पर बैठे लोगों से कड़ी पूछताछ क्यों नहीं की गई ।रमेश ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि चढ़ावे का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए और सभी जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच हो। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पर भी इस मामले में चुप्पी साधने का आरोप लगाया ।उन्होंने कहा कि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में किसी भी पदाधिकारी को जवाबदेही से बचने नहीं दिया जाना चाहिए। हालांकि, जयराम रमेश द्वारा लगाए गए आरोपों और जांच से संबंधित दावों की स्वतंत्र पुष्टि इस खबर में नहीं की गई है।

वाराणसी : ओवरब्रिज पर सेल्फी ले रहे पांच की मौत

एक शख्स कार से उछलकर ओवरब्रिज से नीचे गिर गया ।पुलिस के मुताबिक, ट्रक भी प्रयागराज से वाराणसी की तरफ आ रहा था। उसमें सेब लदा था। ट्रक की स्पीड 80 से 90 किमी के बीच थी। यही वजह है कि ओवरब्रिज पर अचानक स्कॉर्पियो खड़ी देखकर ड्राइवर ट्रक संभाल नहीं पाया। पीछे से स्कॉर्पियो को टक्कर मार दी ।इससे स्कॉर्पियो करीब 30-40 मीटर तक आगे घिसटती चली गयी ।सभी आठ दोस्त भी गाड़ी के आसपास खड़े थे। ट्रक उनमें से चार दोस्तों को रौंदता निकल गया, जबकि बाकी चार दोस्त भी ट्रक की चपेट में आ गये ।हादसे के बाद करीब दो सौ मीटर दूर ड्राइवर ट्रक छोड़कर भाग गया। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ड्राइवर को ट्रेस करने में जुटी है। जांच में स्कॉर्पियो के अंदर प्रसाद के डिब्बे, नारियल और चुनरी मिली ।हादसे के बाद क्रेन की मदद से स्कॉर्पियो को हाईवे से हटाया गया।

युद्ध में एआई प्रणालियों का बढ़ेगा इस्तेमाल...

इनमें स्वायत्त प्रणालियों और युद्ध के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की तैयारियों में मानवरहित विमान प्रणालियों का मुकाबला करने वाली तकनीक यानी काउंटर-यूएएस और क्वांटम तकनीक भी शामिल हैं। नौसेना उप प्रमुख ने कहा कि केवल युद्ध या संघर्ष ही नौसेना के भविष्य की दिशा तय नहीं करते। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलती जरूरतों के अनुसार तकनीक को अपनाना और सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

रिश्वत मांगने वाले अफसरों की जांच के लिए मंजूरी जरूरी नहीं-सुप्रीम कोर्ट

के तहत लिया गया फैसला नहीं है। ऐसे में इस तरह के आरोपों की जांच के लिए पहले से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 का मकसद लोक सेवकों को उनके आधिकारिक काम के दौरान लिए गए फैसलों या की गई सिफारिशों के कारण होने वाली बेवजह की जांच से बचाना है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि हर तरह के भ्रष्टाचार के आरोप में जांच से पहले मंजूरी लेनी होगी। अदालत ने पहले के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि गबन, खातों में हेराफेरी, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और रिश्वत लेने जैसे अपराधों को इस सुरक्षा के दायरे में नहीं रखा जा सकता। यानी कोई अधिकारी अपने पद का इस्तेमाल रिश्वत मांगने के लिए करता है, तो वह यह कहकर जांच से नहीं बच सकता कि उसके खिलाफ पहले अनुमति नहीं ली गई ।मामले के रिकॉर्ड के मुताबिक, तेजाराम राजस्थान के सिरोही में पुलिस उपाधीक्षक के कार्यालय में तैनात थे। उनके साथी कांस्टेबल देवेंद्र कुमार ने 22 अप्रैल 2021 को ईमेल के जरिए शिकायत की थी कि तेजाराम ने पुलिस अधीक्षक (स्क्र) के नाम पर डेढ़ लाख रुपये मांगे थे। इस शिकायत के बाद 4 जून 2021 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और भारतीय दंड संहिता (ढ्ढक्क्ष्ट) की धारा 120क्कके तहत एफआईआर दर्ज की गई। धारा 120क्क आपराधिक साजिश से जुड़ी है। तेजाराम को 1 सितंबर 2021 को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में 8 दिसंबर 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत मुकदमा चलाने की मंजूरी मिली। इसके बाद 19 जनवरी 2024 को अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई। 12 सितंबर 2024 को राजस्थान के पाली की विशेष अदालत ने तेजाराम के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत आरोप तय किए। धारा 7 के तहत किसी लोक सेवक द्वारा अपने सार्वजनिक कर्तव्य को अनुचित तरीके से निभाने के बदले रिश्वत या कोई अनुचित लाभ लेने पर कार्रवाई की जा सकती है।

टाइगर श्राफ पर हमला करने के तीन आरोपी कोटा से गिरफ्तार

कोई धमकी मिली थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस घटना के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाया जाएगा। पुलिस इस तरह के मामलों में तय नियमों और सुप्रीम कोर्ट समेत अदालतों के पुराने आदेशों के मुताबिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में फिलहाल तीन आरोपी पकड़े गए हैं। इनमें से दो हरियाणा के रहने वाले हैं, जबकि एक आरोपी बिहार का है। पुलिस ने साफ किया है कि तीनों में से कोई भी नाबालिग नहीं है। अब जांच के जरिए यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि फायरिंग के पीछे किसका हाथ था और इसके पीछे क्या वजह थी। डीसीपी राजतिलक रौशन ने बताया कि टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने के बाद तीनों आरोपी बाइक से अंधेरी रेलवे स्टेशन पहुंचे, वहां से लोकल ट्रेन पकड़कर बोरीवली गए और फिर कैब से सूरत पहुंचे। उन्होंने आगे का सफर स्टेट ट्रांसपोर्ट बस से करने की योजना बनाई थी, लेकिन रास्ता समझ न आने के कारण वे सूरत रेलवे स्टेशन पहुंच गए और वहां से कोटा जाने वाली ट्रेन में सवार हो गए।

15 लाख की उधारी चुकाने के बजाय बुजुर्ग को पुलिस का डर दिखाकर ठगा

एसआई से डीआईजी तक के नाम पर कई दिन तक वसूली, जमा पूंजी खत्म होने पर रिश्तेदारों से मांगे रुपये

बाह पुलिस ने 20 वर्षीय अनंत बरुआ को किया गिरफ्तार, 14.71 लाख रुपये बरामद

बाह (आगरा)। उधार लिए 15 लाख रुपये लौटाने से बचने के लिए कथित तौर पर पुलिस के नाम पर ठगी का ऐसा जाल बिछाया कि रिटायर्ड शिक्षक अपनी जमा पूंजी गंवाने के बाद रिश्तेदारों से रुपये मांगकर देने लगे। आरोप है कि बाह निवासी उमाशंकर गुप्ता को कभी एसआई, कभी इंस्पेक्टर, एसीपी, पुलिस कमिश्नर तो कभी डीआईजी के नाम पर कार्रवाई का डर दिखाया गया। कई दिन तक उनसे अलग-अलग बहाने से रकम वसूली जाती रही। बुजुर्ग के बेटों को शक हुआ तो पूरा मामला सामने आया। शिकायत के आधार पर बाह थाना पुलिस ने अनंत बरुआ उर्फ रिशु बरुआ को गिरफ्तार कर 14 लाख 71 हजार रुपये बरामद किए हैं। उमाशंकर गुप्ता रिटायर्ड शिक्षक हैं। वह परचून की दुकान चलाकर गुजारा करते हैं। शिकायत के अनुसार, रमेश बरुआ उनकी दुकान से सामान खरीदता था। इसी दौरान दोनों के बीच परिचय बढ़ा। आरोप है कि रमेश ने जरूरत बताकर उमाशंकर से 15 लाख रुपये उधार लिए।

उमाशंकर ने अपने स्टेट बैंक खाते से रकम निकालकर उसे दे दी। समय बीतने के बाद भी रुपये वापस नहीं मिले तो उन्होंने तकादा शुरू किया। आरोप है कि इसके बाद रमेश अपने बेटे अनंत को लेकर पहुंचा और जल्द रकम लौटाने का भरोसा दिया।

शिकायत के मुताबिक, 14 सितंबर को अनंत ने उमाशंकर को फोन कर बताया कि वह उधारी चुकाने के लिए रुपये लेकर आ रहा था, लेकिन रास्ते में पुलिस ने बैग पकड़ लिया है। उसने कथित तौर पर पुलिस को बता दिया कि बैग में रखी रकम उमाशंकर की है।

इसके बाद व्हाट्सऐप पर पुलिस के एसआई का लोगो लगाकर कॉल किया गया। कथित पुलिसकर्मी ने रकम के बारे में पूछताछ की तो उमाशंकर ने बताया कि रुपये बैंक से निकालकर उधार दिए थे।

अधिकारियों के नाम पर डराकर वसूली का आरोप

आरोप है कि अनंत ने उमाशंकर से कहा कि पुलिस बैग में रखे रुपये वापस नहीं कर रही है। इसके लिए रकम देनी पड़ेगी, नहीं तो उन्हें परेशानी में फंसाकर जेल भेज दिया जाएगा। पुलिस कार्रवाई के डर से बुजुर्ग रुपये देने लगे। शिकायत के अनुसार, वसूली का सिलसिला कथित एसआई के नाम से शुरू हुआ और बाद में इंस्पेक्टर, एसीपी, पुलिस कमिश्नर तथा डीआईजी के नाम पर भी रकम मांगी गई। हर बार किसी अधिकारी तक मामला पहुंचने का हवाला देकर रुपये देने का दबाव बनाया जाता था।

जमा पूंजी खत्म हुई तो रिश्तेदारों से मांगे रुपये

आरोप है कि उमाशंकर पहले अपनी जमा पूंजी से रुपये देते रहे। जब पैसे खत्म होने लगे तो रिश्तेदारों से मांगकर रकम देने लगे। छोटे बेटे अमन को पिता के लगातार रुपये मांगने पर शक हुआ। उसने अपने भाई को जानकारी दी। दोनों ने पिता से पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आया। आरोप है कि अनंत से बात करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उमाशंकर ने पुलिस से शिकायत की।

आरोपी गिरफ्तार, 14.71 लाख रुपये बरामद

बाह थाना पुलिस के अनुसार, 19 अक्टूबर को अनंत बरुआ उर्फ रिशु बरुआ को गिरफ्तार किया गया। करीब 20 वर्षीय आरोपी मोहल्ला सराय, बाह का निवासी है। पुलिस ने उसके कब्जे से 14 लाख 71 हजार रुपये बरामद किए हैं। मामले में बाह थाने में मुकदमा संख्या 234/26 दर्ज किया गया है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 318(4), 316(2), 308(5), 351(3) और 61(2) के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक द्विवेदी प्रसाद तिवारी, उपनिरीक्षक सचिन कुमार, निहाल सोनी, सतनाम यादव और रोहित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

एसएन में जांच शुल्क पूछने पर तीमारदारों से मारपीट का आरोप

- 265 रुपये मांगने पर पूछा था, क्या खून की जांच निशुल्क नहीं होती
- वीडियो बनाने पर मोबाइल तोड़ने का आरोप, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

आगरा। एसएन मेडिकल कॉलेज में खून की जांच के 265 रुपये मांगने पर सवाल करना दो तीमारदारों को भारी पड़ गया। आरोप है कि शुल्क के बारे में पूछने पर लैब स्टाफ ने अभद्रता की। तीमारदारों ने मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाई तो कर्मचारी भड़क गए। आरोप है कि बाहर आकर उनके मोबाइल तोड़ दिए और अन्य कर्मचारियों को बुलाकर दोनों के साथ मारपीट की। रविवार रात हुई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। कॉलेज प्रशासन ने भी मामले की जांच कराने की बात कही है। पथवारी निवासी सुधांशु कठेरिया के फूफा वीरेंद्र सिंह (47) शिकोहाबाद में रहते हैं। रेल हादसे में उनके दोनों पैर कट गए थे। उन्हें बीते गुरुवार को एसएन मेडिकल कॉलेज की नई सर्जरी बिल्डिंग में भर्ती कराया गया था। रविवार रात डॉक्टर ने खून की जांच कराने के लिए कहा। इस पर सुधांशु अपने फुफेरे भाई अंकित कठेरिया के साथ खून का नमूना लेकर दूसरी मंजिल पर स्थित लैब पहुंचे। सुधांशु के मुताबिक, लैब में स्टाफ आशुतोष ने जांच के लिए 265 रुपये मांगे। इस पर उन्होंने पूछा कि खून की जांच के लिए शुल्क देना पड़ता है या यह निशुल्क होती है। आरोप है कि कर्मचारी ने कहा कि जांच करानी है तो कराओ, नहीं तो यहां से जाओ। इसके बाद उन्होंने शुल्क जमा कर दिया। सुधांशु का कहना है कि उन्होंने मोबाइल से वीडियो बनाई और फोटो खींचीं तो स्टाफ नाराज हो गया। आरोप है कि लैब से बाहर आने पर कर्मचारियों ने सुधांशु का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। इसके बाद अन्य कर्मचारियों को बुलाकर सुधांशु और अंकित के साथ मारपीट की गई। सुधांशु ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि तीमारदारों और लैब स्टाफ के बीच मारपीट की जानकारी मिली है। प्रमुख अधीक्षक को जांच के लिए कहा गया है। डीसीपी सिटी रविंद्र कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

आधी रात सड़क पर नंगे पैर मिली दिल्ली की युवती

बोली-ज्यादा कमाई का लालच देकर लाए थे आगरा

आगरा। थाना एकता क्षेत्र में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब 100 फुटा रोड पर एक युवती बिना चप्पल और बेहद घबराई हुई हालत में अकेली घूमती मिली। शंकर ग्रीन्स के पास पैदल जा रही युवती को देखकर स्थानीय युवकों ने उससे बातचीत कर उसकी स्थिति जानने की कोशिश की। युवती काफी डरी हुई थी और अकेले आगे जाने से भी परहेज कर रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवती को सुरक्षित तरीके से भीड़भाड़ वाले पंचवटी मार्ग की ओर ले जाया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद एक महिला ने युवती को पहनने के लिए लोअर दिया। युवती की हालत को देखते हुए लोगों ने पुलिस को भी सूचना दी।

दिल्ली जाने के लिए बुक की रैपिडो, तभी पहुंच गई पुलिस

बताया जा रहा है कि युवती ने वहां से दिल्ली वापस जाने के लिए रैपिडो बुक की थी। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई और युवती को रोककर पूरे मामले की जानकारी ली। महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी में पुलिस युवती को थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की गई। पुलिस के सामने युवती ने दावा किया कि वह दिल्ली की रहने वाली है और आगरा में एक स्पा सेंटर में काम करती थी। युवती का आरोप है कि उसे अधिक कमाई का लालच देकर आगरा लाया गया था।

वापस दिल्ली जाने पर रोकने का आरोप

युवती के अनुसार, जब उसने वापस दिल्ली जाने की कोशिश की तो कथित तौर पर उसे रोकने का प्रयास किया गया। युवती ने दावा किया कि मौका मिलने पर वह वहां से निकल गई और पैदल ही सुरक्षित स्थान की तलाश में आगे बढ़ती रही। हालांकि, युवती के इन दावों की अभी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवती आगरा कैसे पहुंची, वह किसके साथ रह रही थी और वास्तव में उसके साथ किसी तरह की जबरदस्ती या रोक-टोक की गई थी या नहीं।

नंगे पैर और सहमी हालत में मिलने से उठे सवाल

युवती के नंगे पैर होने और उसकी घबराई हुई हालत ने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा। पंचवटी के पास मैनी मोमोज के नजदीक भी उसे अकेला और परेशान हालत में देखे जाने की बात सामने आई है। शुरूआती स्तर पर यह भी आशंका जताई गई कि किसी युवक के साथ विवाद के बाद युवती को वहां छोड़ दिया गया होगा। हालांकि, यह केवल प्रारंभिक संभावना है। घटना की वास्तविक वजह पुलिस की जांच और युवती के बयान के आधार पर ही स्पष्ट हो सकेगी।

महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में जांच

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में युवती से बातचीत की और उसे थाने ले गई। पुलिस युवती के बताए स्थान, उसके संपर्क में रहे लोगों और स्पा सेंटर से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटा रही है। फिलहाल पुलिस मामले के प्रत्येक पहलू की जांच कर रही है। युवती के आरोप सही हैं या घटना के पीछे कोई दूसरा कारण है, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही मामले में आगे की तस्वीर साफ होगी।

आगरा में दो लोगों से 16.80 लाख की ठगी, महिला से कारोबार तो बुजुर्ग से पेंशन कार्ड के नाम पर धोखाधड़ी

दुकान के कारोबार के नाम पर सात लाख रुपये लेने का आरोप, वापस मांगने पर धमकाया

फेसबुक लिंक से संपर्क कर बुजुर्ग को फंसाया, 9.80 लाख रुपये निकालने का आरोप

आगरा। कारोबार में रुपये लगाने का भरोसा देकर महिला से सात लाख रुपये लेने और पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर बुजुर्ग के खाते से 9.80 लाख रुपये निकालने के दो मामले सामने आए हैं। छत्ता क्षेत्र में महिला ने पांच लोगों पर रकम हड़पने और वापस मांगने पर अभद्रता व धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं, साइबर ठगी के दूसरे मामले में अनूप कुमार अग्रवाल को फेसबुक पर फर्जी लिंक के जरिए जाल में फंसाने का आरोप है। शिकायत के मुताबिक, ठगों ने व्हाट्सएप पर संपर्क कर नेट बैंकिंग शुरू कराई और खाते में जमा करीब 10 लाख रुपये की एफडी तुड़वाने के बाद कई ट्रांजेक्शन से रकम निकाल ली। दोनों मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छत्ता क्षेत्र की एक महिला ने भोले शर्मा, किक्की शर्मा, कल्लू, गीता और राकेश शर्मा के खिलाफ शिकायत दी है। महिला के मुताबिक, आरोपियों ने दुकान के कारोबार से जुड़े काम के नाम पर उससे करीब सात लाख रुपये लिए थे। उसने भरोसा करके अलग-अलग समय पर रकम दी। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर उसके साथ अभद्रता की गई और धमकी दी गई। काफी प्रयास के बाद भी रकम नहीं मिलने पर महिला ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लेनदेन से जुड़े दस्तावेज और अन्य तथ्यों की जांच शुरू कर दी है।

फेसबुक लिंक के जरिए बुजुर्ग से संपर्क

दूसरा मामला साइबर क्राइम थाने का है। शिकायत के अनुसार, अनूप कुमार अग्रवाल से फेसबुक पर पेंशन कार्ड से संबंधित जानकारी देने के बहाने संपर्क किया गया। इसके बाद व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई। आरोप है कि साइबर ठगों ने उन्हें अपने निर्देशों के मुताबिक नेट बैंकिंग शुरू कराने की प्रक्रिया पूरी कराई।

एफडी तुड़वाकर खाते से निकाले 9.80 लाख

शिकायत के मुताबिक, ठगों ने बैंक खाते तक पहुंच बनाने के बाद उसमें जमा करीब 10 लाख रुपये की एफडी भी तुड़वा दी। इसके बाद 16 अक्टूबर को कई ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से करीब 9.80 लाख रुपये निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बैंक खातों, लेनदेन और डिजिटल साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि रकम किन खातों में पहुंची। फिलहाल आरोपों की जांच की जा रही है।

शाहगंज में पेड़ से लटका मिला युवक का शव, पुलिसकर्मी का बेटा था मृतक

आगरा। शाहगंज क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। तहसील से शाहगंज जाने वाले रास्ते पर पुल से पहले युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक का पिता पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनात है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस युवक की मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

शहर के 70 फीसदी इलाकों में पानी का संकट, दिवाली तक राहत के आसार कम

जरूरत 350 एमएलडी की, रविवार को मिला महज 60 एमएलडी पानी

मध्य गंगा कैनाल से पानी लेने की तैयारी, आपूर्ति सामान्य होने में लग सकते हैं दो दिन

आगरा। घरों में पीने के पानी से लेकर खाना बनाने तक के लिए लोग परेशान हैं। गंगाजल की आपूर्ति बाधित होने से रविवार को शहर के करीब 70 फीसदी इलाकों में पानी नहीं पहुंचा। कहीं सुबह नलों ने साथ नहीं दिया तो कहीं शाम तक पानी का इंतजार होता रहा। परेशान लोगों को डिब्बे और बाल्टियां लेकर पानी का इंतजाम करने निकलना पड़ा। शहर में रोजाना 350 एमएलडी पानी की जरूरत है, लेकिन रविवार को महज 60 एमएलडी ही मिल सका। जलकल विभाग ने संकट से निपटने के लिए मध्य गंगा कैनाल से पानी छोड़ने का अनुरोध किया है।

इसके बाद भी आपूर्ति सामान्य होने में करीब दो दिन लगने की उम्मीद है। ऐसे में दीपावली से पहले जलसंकट से पूरी तरह राहत मिलने को लेकर चिंता बनी हुई है। पालड़ा झाल से गंगाजल की आपूर्ति रुकने के कारण शहर की जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। उपलब्ध पानी शहर की जरूरत का करीब 17 फीसदी ही रहा। इसके चलते कई मोहल्लों में लोगों को पीने के पानी के साथ घरेलू कामकाज के लिए भी परेशानी उठानी पड़ी। सामान्य आपूर्ति नहीं होने से लोगों को वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ा। जलसंकट को देखते हुए जलकल विभाग ने मेरठ के सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर मध्य गंगा कैनाल से पानी छोड़ने का अनुरोध किया है। विभाग को उम्मीद है कि वहां से पानी मिलने के बाद आपूर्ति बहाल करने में करीब दो दिन लग सकते हैं। फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए संकट कम करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, आपूर्ति पूरी तरह कब सामान्य होगी, यह पानी की उपलब्धता और आगे की व्यवस्था पर निर्भर करेगा। दीपावली नजदीक होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। त्योहार पर घरों की सफाई, पकवान बनाने और अन्य घरेलू कामों के लिए पानी की जरूरत बढ़ जाती है। ऐसे में अगर समय रहते आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो लोगों को त्योहार के दौरान भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

सूर्या एनक्लेव में निर्माण की गुणवत्ता पर एडीए वीसी सख्त, ईंट-मसाले के नमूने लिए

लैब में होगी ईंटों की मजबूती और मसाले में सीमेंट के अनुपात की जांच

आगरा। सूर्या एनक्लेव में सड़क और नाली निर्माण की गुणवत्ता परखने के लिए आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) के उपाध्यक्ष विजय कुमार ने सोमवार, 19 अक्टूबर को मुख्य अभियंता के साथ औचक निरीक्षण किया। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए ईंटों और मसाले के नमूने लिए गए। उपाध्यक्ष ने नमूनों की प्रयोगशाला में जांच कराने और निर्माण कार्यों की लगातार निगरानी के निर्देश दिए। नाली की मरम्मत के लिए की जा रही चुनाई में इस्तेमाल ईंटों की दबाव सहने की क्षमता (कंप्रेसिव स्ट्रेंथ) और मसाले में सीमेंट के अनुपात की जांच कराई जाएगी। इससे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का तकनीकी आकलन किया जा सकेगा। सीसी रोड निर्माण के तहत एक दिन पहले डाली गई पीसीसी की तीन अलग-अलग स्थानों पर मोटाई मापी गई। जांच में मोटाई क्रमशः 12, 9.5 और 9 सेंटीमीटर मिली, जबकि निर्धारित मानक 8 सेंटीमीटर है। तीनों स्थानों पर मोटाई तय मानक से अधिक पाई गई।

निरीक्षण के दौरान विजय कुमार ने ठेकेदार के प्रतिनिधि को निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अभियंताओं से कार्यों की सतत निगरानी करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा।

आगरा में सड़क हादसों में नौ माह में 430 लोगों की मौत

आगरा। आगरा में यातायात नियमों की अनदेखी सड़क हादसों में जानलेवा साबित हो रही है। वर्ष 2025 में सड़क हादसों में 459 लोगों की मौत हुई, जबकि 2026 में जनवरी से सितंबर तक 430 लोग जान गंवा चुके हैं। हादसों पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वर्ष 2026 के पहले नौ महीनों में ही बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 8.17 लाख से अधिक चालान किए जा चुके हैं। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई लगातार जारी है। वर्ष 2024 में 5.15 लाख से अधिक दोपहिया चालकों के चालान किए गए। वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 9.63 लाख से अधिक हो गई।

'बड़ा आदमी बनकर लौटूंगा'... खत छोड़ घर से निकले तीन बच्चे, 24 घंटे में मिले

घर छोड़कर जयपुर गए, अगले दिन घर की याद आई तो लौटे आगरा

आगरा। माता-पिता के लिए खत छोड़कर घर से निकले तीन बच्चों को लोहामंडी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। खत में बच्चों ने माफी मांगते हुए लिखा था कि वे कुछ समय के लिए घर छोड़कर जा रहे हैं और बड़ा आदमी बनकर लौटेंगे। पुलिस के मुताबिक, तीनों बच्चे 17 अक्टूबर को ईदगाह बस स्टैंड से जयपुर गए थे। अगले दिन घर की याद आने पर आगरा लौट आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस, स्थानीय लोगों से पूछताछ और सोशल मीडिया प्रोफाइल की मदद से उनकी तलाश की। तीनों को राजामंडी रेलवे स्टेशन के पास चामुंडा देवी मंदिर के नजदीक से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, 17 अक्टूबर को बच्चों के घर से चले जाने की सूचना मिली थी। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की गई। घर से मिले खत में बच्चों ने माता-पिता से माफी मांगी और कुछ बड़ा हासिल करने के बाद लौटने की बात लिखी। खत में पढ़ाई में मन न लगने का भी जिक्र था। अंत में माता-पिता के लिए प्यार जताते हुए लिखा था, 'लव यू पापा जी और मम्मी जी' परिजनों के मुताबिक, बच्चे इंस्टाग्राम पर रील और वीडियो देखते थे और एक-दूसरे को भी साझा करते थे। बच्चों के पिता के मुताबिक, तीनों 17 अक्टूबर को ईदगाह बस स्टैंड से जयपुर के लिए रवाना हुए थे। अगले दिन घर की याद आने पर वे आगरा लौट आए और राजामंडी रेलवे स्टेशन के आसपास पहुंच गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। सुराग मिलने के बाद टीम चामुंडा देवी मंदिर के पास पहुंची और तीनों को सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों को खोजने के लिए पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संभावित रास्तों पर जानकारी जुटाई। स्थानीय लोगों को बच्चों के फोटो दिखाकर पूछताछ की गई। सर्विलांस टीम को सक्रिय करने के साथ ही उनकी सोशल मीडिया प्रोफाइल भी देखी गई। इन प्रयासों के आधार पर पुलिस बच्चों तक पहुंचने में सफल रही। पुलिस के अनुसार, तीनों बच्चों में से दो नाबालिग हैं। बरामदगी के बाद उन्हें बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सामने पेश किया जाएगा। समिति के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। बच्चों के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया।

दशहरे पर सजेगा आस्था का भव्य मंच, शोभायात्रा से रावण दहन तक होंगे खास आयोजन

आगरा। धर्म, आस्था और भारतीय संस्कृति के प्रतीक विजयादशमी पर्व के अवसर पर दशहरा मेला स्वागत समिति, बाग मुजफ्फर खाँ द्वारा 45वें दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन 20 अक्टूबर को वैश्य बोर्डिंग हाउस, सेंट जोंस चौराहे पर किया जाएगा। आयोजन के आमंत्रण पत्र का विमोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव में भव्य शोभायात्रा, भगवान के स्वरूपों का मनोहारी श्रृंगार, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाजसेवियों का सम्मान, आकर्षक आतिशबाजी, रावण दहन एवं भरत मिलाप की लीला प्रमुख आकर्षण होंगे। इस वर्ष पहली बार समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। समिति के मुख्य संरक्षक हेमेन्द्र कुलश्रेष्ठ एवं संरक्षक पं. ओम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि महोत्सव का उद्घाटन तपन ग्रुप के चेयरमैन सुरेश चन्द्र गर्ग द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, सांसद रामप्रताप सिंह चौहान, विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल एवं विजय शिवहरे, महापौर हेमलता दिवाकर, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. बीना लवानिया, रोमसंस ग्रुप के डायरेक्टर विकास खन्ना आदि उपस्थित रहेंगे। मेला संयोजक जुगल किशोर चतुवेर्दी ने बताया कि वृद्धजन सम्मान स्वर्गीय रविन्द्र अग्रवाल एडवोकेट की स्मृति में उनके शिष्य पंकज त्यागी एडवोकेट द्वारा किया जाएगा।

मतदान स्थलों के संभाजन पर राजनैतिक दल २२ को प्रस्तुत करें दावे-आपत्तियां- जिला निर्वाचन अधिकारी

मैनपुरी। अर्ह तिथि 01 नवंबर 2027 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 1,200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान स्थलों के संभाजन किया जाना प्रस्तावित है इसी के तहत आलेख्य प्रकाशन किया गया है, जिसकी प्रति विधान सभावार राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी गयी है, इस सम्बन्ध में किसी भी राजनैतिक दल को कोई आपत्ति हो तो दि. 22 अक्टूबर की सायं 06 बजे तक दावे-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने तथा राजनीतिक दलों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रस्तावित सूची पर दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। उन्होने कहा कि प्राप्त दावे-आपत्तियों का सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा, इसके उपरांत 24 अक्टूबर को प्रक्रिया को अंतिम रूप देकर 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से विलोपित किए गए मतदाताओं के सत्यापन का कार्य भी संचालित है, निर्वाचक नामावलियों को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए पात्र मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने सहित पुनरीक्षण से संबंधित कार्य निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निदेर्शानुसार 17 एवं 24 अक्टूबर को विशेष बूथ दिवस आयोजित किए जा रहे हैं, 17 अक्टूबर को सभी मतदान स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों ने उपस्थित रहकर मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने से वंचित पात्र मतदाताओं से निर्धारित प्रपत्र भरवाए तथा उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक आवेदन अपलोड किए। उन्होने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम निर्वाचक नामावली में शामिल होना आवश्यक है, इसके लिए निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों के साथ राजनीतिक दलों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई मतदान स्थलों पर बूथ लेवल एजेंट उपस्थित नहीं मिले, इस पर उन्होंने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से आगामी 24 अक्टूबर को आयोजित होने वाले विशेष बूथ दिवस पर प्रत्येक मतदान स्थल पर अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट की उपस्थिति से बूथ लेवल अधिकारियों को मतदाता सूची से संबंधित कार्यो में सहयोग मिलेगा, इससे पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जा सकेगा। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के प्रति जागरूक करने तथा इस कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करने को कहा ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति जानकारी या जागरूकता के अभाव में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से वंचित न रहे।

जमीन की रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष

खेत पर काम कर रहे भाई-भाभी और चाचा पर लाठी-कुल्हाड़ी व तमंचों से हमला

चाचा और एक अन्य घायल सैफई रेफर

भोगांव (मैनपुरी)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नूरपुर में जमीन के विवाद को लेकर दबंगों ने ट्रैक्टर से आलू की कूड़ी बना रहे युवक, बचाने आई उसकी पत्नी और बीच-बचाव करने पहुंचे चाचा पर लाठी, कुल्हाड़ी, डंडों और अवैध तमंचों से जानलेवा हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में चाचा और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल से सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

साथ ही हमलावरों ने खेत पर खड़े ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नूरपुर थाना भोगांव निवासी देवेंद्र यादव पुत्र विद्याराम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके परिवार से जमीन को लेकर गांव के ही प्रवीण कुमार पुत्र सुच्चाग्राम, अंकित कुमार, अमित कुमार, सुमित कुमार पुत्रगण प्रवीण कुमार व दिलीप कुमार, दुर्गेश पुत्रगण अजय पाल रंजिश मानते हैं। 15 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 8 बजे प्रार्थी का भाई संजीव कुमार खेत पर ट्रैक्टर से आलू की कूड़ी बना रहा था। तभी उपरोक्त सभी मुल्जिम हाथों में लाठी, कुल्हाड़ी, डंडे और नाजायज तमंचे लेकर एक राय होकर वहां आ धमके और संजीव कुमार को घेर लिया। शोर-शराबा सुनकर जब संजीव की पत्नी गीता यादव अपने पति को बचाने आगे आई, तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। चीखपुकार सुनकर प्रार्थी के चाचा धर्मेन्द्र उर्फ सुशील बचाने दौड़े, तो सभी हमलावरों ने लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। आरोपियों ने खेत पर खड़े ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की। हमले में धर्मेन्द्र उर्फ सुशील गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर बेसुध गिर पड़े। घटना के बाद ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय मैनपुरी लाया गया, जहां से स्थिति नाजुक होने पर सैफई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर किया हवन पूजन

मोहल्ला मरकिचिया में आयोजित दुर्गा पूजा का आज पूणार्हुति के साथ होगा समापन

बेवर। कस्बा बेवर के मोहल्ला मरकिचिया में वार्ड सभासद वीना दीक्षित पत्नी ललित दीक्षित के आवास पर चल रहे नवदुर्गा पूजा अनुष्ठान में सोमवार को अष्टमी और नवमी की पूजा अर्चना की गई।जिसमें आसपास क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। सोमवार को पंडित अखिल दीक्षित द्वारा हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित करा मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई।दर्जनों श्रद्धालुओं द्वारा हवन पूजन में आहुतियां दी गई।पंडित अखिल दीक्षित ने बताया कि नवरात्रि का नौवां दिन मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री को समर्पित है। मान्यता है कि नवरात्रि की नवमी को मां सिद्धिदात्री की पूजा करने के साथ हवन और कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है। मां के इस स्वरूप की पूजा करने से जातक को यश, बल और धन मिलता है। मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से सभी प्रकार की सिद्धियां मिलती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां सिद्धिदात्री भक्तों को मनवांछित फल देने के साथ ही सुख-समृद्धि और ज्ञान प्रदान करती हैं। इस मौके पर वार्ड सभासद वीना दीक्षित पत्नी ललित दीक्षित,निशू दीक्षित,अभिलाष दीक्षित,ऊषा दीक्षित पत्नी गयाप्रसाद,मुन्नीदेवी पत्नी रमाकांत दीक्षित,ममता मिश्रा,अनीता मिश्रा,नीलम शर्मा पत्नी डॉ ललित शर्मा ,नीतू यादव,बीना पाण्डेय पत्नी राकेश पाण्डेय,राजेश्वरी पत्नी रामकृपाल शुक्ला,आशा पत्नी चेतराम दीक्षित,रेणु शुक्ला,गायत्री,विशेष सहयोगी अभिज्ञान दीक्षित,आकाश सिंह देव दीक्षित,स्तुति आदि मौजूद रहे।आयोजक मंडल द्वारा बताया गया कि मंगलवार को पूणार्हुति के साथ बुधवार को रथ यात्रा के साथ भंडारे का आयोजन किया जायेगा।

नवदुर्गा पर विशाल भंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

भोगांवः नवरात्र के अंतिम दिन जगह-जगह पूजा-अर्चना के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जीटी रोड पर हिरदेश पांडेय के प्रतिष्ठान पर भी विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत कन्या पूजन के साथ की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान राहुल पांडेय ने कहा कि माता रानी की कृपा से हर वर्ष इस धार्मिक आयोजन का सौभाग्य प्राप्त होता है। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सहभागिता से मन को शांति मिलती है और समाज में आपसी भाईचारे एवं सद्भाव की भावना मजबूत होती है। हिरदेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति की उपासना और लोक कल्याण का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने आयोजन में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और माता रानी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश पांडेय, नंदन पांडेय, पंकज पांडेय, इन्द्रेश पांडेय, बृजेश पांडेय, मेहरवान सिंह यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

नाली तोड़ने के विवाद को लेकर भाई-बहन के साथ मारपीट

सोने के कुंडल चोरी और जान से मारने की धमकी

भोगांव (मैनपुरी)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला मुंशी में नाली तोड़ने के विवाद को लेकर दबंगों ने घर पर मौजूद भाई-बहन के साथ लाठी-डंडों और गालियों के बीच जमकर मारपीट की। इस दौरान बीच-बचाव करने पर महिला के कान के सोने के कुंडल भी गिरकर गायब हो गए। पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच और कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नगला बख्ती थाना कुरावली निवासी रूबी कुमारी पत्नी उपेन्द्र वर्मा 18 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 7 बजे अपने भाई के मुंशी फार्म हाउस (ग्राम नगला मुंशी, थाना भोगांव) पर आई हुई थीं। उसी दौरान उनके चाचा विजय कुमार पुत्र स्व. रामरतन सिंह द्वारा नाली तोड़ दी गई थी। जब इस बात को लेकर विरोध जताया गया, तो चाचा विजय कुमार, चाची पुष्पा देवी पत्नी विजय कुमार, अभिषेक कुमार पुत्र विजय कुमार और शिवप्रिया पुत्री विजय कुमार (सभी निवासी नगला मुंशी, थाना भोगांव) ने मिलकर उनके भाई विशाल के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब रूबी कुमारी ने अपने भाई के साथ हो रही मारपीट का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे भाई-बहन दोनों को चोटें आईं। आरोप है कि इस दौरान हुई छीनाझपटी और हंगामे में रूबी के कानों के सोने के कुंडल जमीन पर गिर गए, जिन्हें काफी तलाशने के बाद भी नहीं ढूंढा जा सका। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

सदर बाजार में किराना दुकान पर सामान लेने गए युवक और उसके भाई पर लाठी-डंडों से हमला, जान से मारने की धमकी

भोगांव (मैनपुरी)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सदर बाजार में एक किराना दुकान पर सामान खरीदने गए युवक के साथ दबंगों ने लाठी-डंडों और थप्पड़ों से जमकर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए उसके भाई को भी पीटकर घायल कर दिया गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला मिश्राना निवासी शिवम पुत्र मुकेश 18 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 9 बजे सदर बाजार स्थित कन्हैया गुप्ता की किराना दुकान पर सामान खरीदने गया था? इसी दौरान मोहल्ला जौहरी निवासी शिवम गुप्ता, मनोज गुप्ता, अनमोल गुप्ता और विमल गुप्ता वहां आ पहुंचे? आरोप है कि आरोपियों ने आते ही शिवम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर हाथ-थप्पड़ों व लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। मारपीट की आवाज और चिल्लपूं सुनकर जब पीड़ित का भाई राहुल उसे बचाने के लिए मौके पर आया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे दोनों भाइयों को चोटें आईं। शोरगुल सुनकर जब आसपास के अन्य लोग इकट्ठा होने लगे, तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में लगी आग, अफरा-तफरी के बीच तीन लोग झुलसे

कुसमरा। नगर में सोमवार सुबह गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में अचानक आग लगने से घर में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में गृहस्वामी मदन मोहन मिश्रा और उनके माता-पिता झुलस गए। हालांकि, तीनों की हालत गंभीर नहीं बताई गई है और उन्होंने प्राथमिक उपचार कराया। नगर निवासी मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि सोमवार सुबह नवरात्र के अंतिम दिवस पर देवी पूजा के लिए वह कंडे सुलगाने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान जैसे ही उन्होंने गैस बर्नर पर कंडा रख आग आग जलाने का प्रयास किया, तभी सिलेंडर के रेगुलेटर में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने से रसोई में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तत्काल पड़ोसियों की मदद ली। इसके बाद पाइप निकालकर जलते हुए सिलेंडर को घर से बाहर खुले स्थान पर फेंका गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान आग की चपेट में आने से मदन मोहन मिश्रा और उनके माता-पिता झुलस गए। गनीमत रही कि उनकी हालत गंभीर नहीं हुई। इसके बाद तीनों ने प्राथमिक उपचार कराया।

बरबस लिए उठाइ उर लाए कृपानिधान।
भरत राम की मिलनि लखि बिसरे सबहि अपान

खेत पर शीशम के पेड़ को लेकर हुई मारपीट, महिला और उसका पति घायल; थाने में तहरीर दर्ज

भोगांव (मैनपुरी)। थाना कोतवाली भोगांव क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला डाडा में खेत पर खड़े शीशम के पेड़ और हिस्से को लेकर उपजे विवाद में जमकर मारपीट हो गई। घटना में महिला और उसका पति घायल हो गए, जिन्हें चोटें आईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम नगला डाडा निवासी मंजू राजपूत पत्नी संजीव कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 17 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत पर थीं। आरोप है कि गांव के ही रहने वाले अमित कुमार पुत्र ग्रीश पाल, शीला देवी पत्नी ग्रीश पाल और ग्रीश पाल पुत्र रामस्वरूप वहां आए और खेत में खड़ी शीशम के पेड़ व हिस्से को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आए पति संजीव कुमार के साथ भी मारपीट की गई, जिससे मंजू राजपूत के सिर में और उनके पति के दाहिने कान में चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

परिषदीय शिक्षकों की अनंतिम वरिष्ठ सूची चस्पा

बेवर। परिषदीय विद्यालयों के प्रमोशन की चल रही कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई में तेजी आ गई है। जनपद में शिक्षकों की वरिष्ठता सूची तैयार कर अवलोकनार्थ खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर चस्पा कर दी गई है। सूची पर आपत्ति होने की दशा में 22 अक्टूबर तक प्रत्येक दशा में आपत्ति जताने की अंतिम तिथि दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी बेवर सर्वेश यादव ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सूची को तैयार किया गया है। सभी शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सूची का अवलोकन कर लें। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक दोनों ही शिक्षकों की सूची तैयार की गई है। जनपद में 2575 प्राथमिक शिक्षक व 2154 उच्च प्राथमिक शिक्षक का प्रमोशन होना है।

पलक झपकते ही खाक हुई सोने की लंका

कोसीकलां। श्रीरामलीला महोत्सव में लंका की ओर जाते राम-लक्ष्मण व हनुमान जी, सुग्रीव, अंगद जामवंत आदि वानर सेना, लंका की सुरक्षा में तैनात लंकनी आदि की झांकी नगर भ्रमण करती हुई देर रात्रि नगर की आदि देवी राज राजेश्वरी मां भगवती मंदिर स्थित गोमती सरोवर पहुंची, जहां हनुमानजी ने सोने की लंका को पलभर में जलाकर खाक कर दिया। श्री रामलीला संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को लंका की ओर जाते राम-लक्ष्मण हनुमान जी, सुग्रीव, अंगद जामवंत आदि वानर सेना, लंका की सुरक्षा में तैनात लंकनी आदि सहित आधा दर्जन झाकियां थाना रोड स्थित गयालाल स्मृति भवन से नगर भ्रमण को निकाली गयीं। झांकियों में लग रहे जय हुनमान, जय श्री राम, माता सीता आदि के उदघोंषों से समूचा शहर राममय हो गया। झाकियों का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। झाकियां स्मृति भवन से नगर भ्रमण करते हुए नगर की आदि देवी राज राजेश्वरी मां भगवती मन्दिर स्थित गोमती सरोवर पहुंची, जहां देर रात्रि विशाल डोंगा लीला का मंचन किया गया, जिसमें हनुमान जी ने रावण की सोने की लंका को पल भर में जलाकर खाक कर दिया। लीला का संचालन लीला निर्देशक पं0 सत्यनारायण पुरोहित ने किया। मुख्य अतिथियों ने लीला मंचन का शुभारंभ किया। झांकी में संयोजक बॉबी ठाकुर, अध्यक्ष गिर्राज चौधरी, मंत्री हैप्पी गर्ग, अनुराग तायल, नवल भगतजी, अनिक जैन, सौरभ जैन, कल्पेश जैन, कार्तिक चौधरी, धर्मसिंह, युग भारद्वाज, वेद प्रकाश, मोहनदत्त शर्मा, सार्थक शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, देवेश त्यागी, पदम ठाकुर, शिव भगोसिया, गणेश अग्रवाल, आदि लोग साथ चल रहे थे।

दशरथ मरण-भरत मिलाप लीला की मार्मिक लीला का हुआ मंचन

बेवर। कस्बा बेवर के रामलीला मैदान पर आयोजित रामलीला में दशरथ मरण, भरत मिलाप की मार्मिक लीला का मंचन किया गया। रामलीला देख दर्शकों की आंखें छलक उठी। रामलीला में केवट श्रीराम-लक्ष्मण व सीता के चरण धोता है।बदले में श्रीराम केवट को गंगा पार उतारने के लिए दक्षिणा देना चाहते हैं, वह चतुराई से यह कहकर मना कर देता है कि भगवान मैने आपको गंगा पार कराया है,आप भवसागर पार लगा देना। सुमंत जब अयोध्या पहुंचते हैं,राजा दशरथ श्रीराम लक्ष्मण, सीता के वन से वापस नहीं आने के बारे में पूछते हैं, तो सुमंत सारा वृत्तांत सुनाते हैं। राम-लक्ष्मण, सीता को न देखकर हे-राम-राम कहकर दशरथ प्राण त्याग देते हैं। राजा दशरथ के मरने के बाद गुरु वशिष्ठ भरत-शत्रुघ्न को ननिहाल से संदेश देकर बुलाया जाता है। राजा दशरथ के अंतिम संस्कार के बाद भरत-शत्रुघ्न अयोध्या चित्रकूट के लिए रवाना होते हैं। चित्रकूट में श्रीराम-भरत का मिलाप होता है। श्रीराम के आदेश पर भरत उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या रवाना हो जाते हैं।पंडित उमेश दुवे द्वारा दोहा,चौपाइयों के माध्यम से सहयोग किया गया।

आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा

सार्वजनिक विज्ञप्ति

श्री अभिनेन्द्र सिंह भाटी, श्री अभिमन्यु सिंह एवं श्रीमती शशि भाटी द्वारा प्लॉट सं0-1, 2, एवं 3 खसरा सं.-896 का अंश, सिकन्दरा बहिस्ताबाद, लोहामण्डी वार्ड, आगरा पर व्यवसायिक निर्माण हेतु मानचित्र सं.-ADA/BP/MS/2026-27/40145 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत स्थल प्लॉट नं.-1, 2, एवं 3 खसरा सं.-896 का अंश, सिकन्दरा बहिस्ताबाद, लोहामण्डी वार्ड, आगरा पर प्राधिकरण द्वारा खसरा सं.-896 (पार्ट) मौजा-सिकन्दरा बहिस्ताबाद पर स्वीकृत सब-डिवीजन प्लान स्वीकृत कॉलोनी के आवासीय भूखण्ड है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं मॉडल जोनल रेगुलेशन, 2025 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में प्रस्तर-2.2 के अनुसार व्यवसायिक क्रिया न्यूनतम 12.00 मी. मार्ग पर सशर्त अनुमन्य है। प्रश्नगत प्रस्तावित स्थल 18.28 मीटर चौड़े विद्यमान मार्ग पर स्थित है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल रेगुलेशन्स के प्रस्तर-15.1.3 के बिन्दु सं.-IV के अनुसार मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग अनुमन्य किये जाने से पूर्व जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव आमन्त्रित किए जाने का प्राविधान है। प्रस्तावित मानचित्र पर किसी हितबद्ध व्यक्ति/संस्था/जनसामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत करना हो, तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव को मुख्य नगर नियोजक/नगर नियोजक, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। प्रस्तावित मानचित्र का अवलोकन प्राधिकरण कार्यालय स्थित भवन अनुभाग में किया जा सकता है। नियत तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा।

एडीएम ने किया फसल कटाई प्रयोग का अधिकारियों के साथ निरीक्षण



भोगांव, मैनपुरी। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्रीमती श्यामलता आनंद के निरीक्षण में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल कटाई प्रयोग संपादित किया गया। सोमवार 19 अक्टूबर सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से ग्राम पंचायत उदयमपुर नरैनी, तहसील भोगांव में कृषक राकेश सिंह पुत्र दीनदयाल के खेत में किया गया। 10 मीटर के समबाहु त्रिभुज के क्षेत्र में धान की कटाई कराई गई, जिसमें कुल 21.250 किलोग्राम वजन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर तहसीलदार भोगांव घासीराम, क्षेत्रीय लेखपाल अंकित कुमार, फसल बीमा कंपनी एचडीएफसी एर्गो के जिला समन्वयक उमेश गुप्ता व तहसील समन्वयक स्नेह चंद्र मौजूद रहे। उक्त प्रयोग आयुक्त आगरा मंडल आगरा कार्यालय से आए प्रभारी कृषि सांख्यिकी कार्य मैनपुरी राजेंद्र कुमार चौहान द्वारा सांख्यिकी विधि से संपन्न कराया गया।

धूमधाम से हुआ भगत सांगीत प्रदर्शन का झंडा पूजन

कोसीकलां। श्री ब्रज नवयुवक क्लब के तत्वावधान में रामलीला मैदान में सोमवार को धूमधाम से भगत सांगीत प्रदर्शन का झंडा पूजन किया गया। पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण सेठ, पीडी शर्मा, आदि अन्य मुख्य अतिथियों ने मंत्रोच्चारणों के मध्य हनुमान पताका का विधि विधान से पूजा कर आरती उतारी। जमुना चौधरी ने बताया कि इस इस वर्ष कार्यक्रम में 21 अक्टूबर को अमरसिंह राठौर, 22 को इंदल हरण, एवं 23 अक्टूबर को प्रातः 8 से 11:00 बजे तक भजन संध्या तत्पश्चात 11:00 बजे से 24 अक्टूबर की प्रात तक हरिश्चंद्र तारावती का मंचन किया जाएगा। मुकुट बिहारी, अमित जैन, मोहन श्याम सिरोलिया, मुकेश तस्वीर वाले, डॉ. घनश्याम, बलराम बठैनिया ने बताया कि नौंटकी के मंचन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामकिशन काका, चेतराम सरौलिया, रामसिंह सांगवान, लक्खो चौधरी आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों)/ज़मानतदार(रों) के नाम/ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	नवीन गोयल (आवेदक), शालिनी अग्रवाल (सह-आवेदक) ऋण खाता संख्या LBMAT00005223077	यूनिट नंबर 201, दूसरी मंजिल मौजा कोयला अलीपुर बांगुर, गंगा सिटी मथुरा सुपर एरिया 80.91 वर्ग मीटर और बिल्ट अप एरिया 68.40 वर्ग मीटर	रु. 14,23,931/- 16 अक्टूबर, 2026 तक	रु. 22,00,000/- / रु. 2,20,000/-	अक्टूबर 26, 2026 को दोप. 01:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक	नवंबर 27, 2026 को सु. 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(https://BidDeal.in)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 26, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली - 110005** में **नवंबर 26, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **नवंबर 26, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली - 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 26, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** में 8928935040/ 7304914763 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।

तिथि : अक्टूबर 20, 2026
स्थान : मथुरा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

-शारदीय नवरात्र महोत्सव के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धा-

मां सिद्धिदात्रि की आराधना कर मांगी मनौतियां

- माता के जयकारों से वातावरण हुआ भक्तिमय
- जगह-जगह भजन एवं यज्ञों का हुआ आयोजन

नवरात्रि के अंतिम दिन एटा ठंडी सड़क स्थित पथवारी माता मंदिर में पूजा अर्चना को लगी श्रद्धालुओं की भीड़ दूसरे चित्र में माता की आराधना करते श्रद्धालु।

एटा। शारदीय नवरात्र महोत्सव के अंतिम दिन मां सिद्धिदात्री की जनपदभर के माता के मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। मां की आराधना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। महामाई के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मातृ शक्ति ने घरों और मंदिरों में छंद गाकर महामाई का गुणगान किया। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

यहाँ गौरतलव है कि सोमवार को नवदुर्गा महोत्सव का अंतिम दिन था। सुबह से ही श्रद्धालुओं ने घरों में स्थापित भव्य रुप से सजे महामाई के दरबार में पूजा अर्चना शुरू कर दी थी। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर दुर्गा सप्तशती के पाठों का समापन किया। पूजा अर्चना कर महामाई से परिवार और राष्ट्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा अर्चना के बाद यज्ञ में पूर्णाहुति देकर विश्व कल्याण की मंगलकामना की। महामाई की महाआरती कर माता रानी को हलुआ, पूड़ी, चने और प्रसाद का भोग लगाया। भगवान गणेश समेत अन्य देवी देवताओं के साथ मां दुर्गे की आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। दिनभर पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा। महिलाओं ने शाम को छंद गाकर महामाई का गुणगान किया। इसीक्रम में जलेसर माता मॉ पथवारी मंदिर पर भी पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा, एटा मुख्यालय स्थित माता पथवारी मंदिर पर भक्तों का सैलाब उमड़ता रहा, ठण्डी सड़क स्थित माता काली मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां पूजा की सामग्री की दुकानों से लोगों ने चुनरी, श्रंगार का सामान व पोशाकें खरीदकर माता पर चढ़ाई। नवरात्र के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां की आरती उतारी। माता के गुणगान से समूचा शहर मातामय हो गया।

मां के दरवारों की शोभा मोहक नजर आ रही थी। माता के मंदिरों पर पुजारी थालों में मां के प्रसाद को रखकर भक्तों को वितरित कर रहे थे। शहर के अलावा गांव देहात क्षेत्रों व कस्बा जैथरा, अलीगंज, अवागढ़, धुमरी, मारहरा, मिरहची, सकीट, मलावन, राजा का रामपुर सहित आदि स्थानों पर मां के भक्तों ने अंतिम दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के बाद व्रत तोड़ कर मां का गुणगान किया।

अलीगंज मे रामलीला मंचनः हनुमान ने धू-धूकर जलाई सोने की लंका,

एटा/अलीगंज। अलीगंज में रविवार-सोमवार रात श्रीरामलीला महोत्सव में हनुमान द्वारा लंका दहन की लीला का मंचन हुआ, जिसे दतिया के आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने जीवंत किया। दर्शक देर रात तक मैदान में मौजूद रहे। मंचन में दिखाया गया कि श्रीराम की आज्ञा से हनुमानसीता की खोज में लंका पहुंचे। अशोक वाटिका में सीता के दर्शन हुए। हनुमान ने श्रीराम का संदेश देकर भरोसा दिलाया कि वे जल्द ही रावण के बंधन से मुक्त होंगी। इसके बाद हनुमान ने अशोक वाटिका में पेड़-पौधे उखाड़ दिए। सैनिकों ने उन्हें पकड़कर रावण के दरबार में पेश किया। रावण के कहने पर पूंछ में आग लगाई गई। हनुमान ने जलती पूंछ से लंका में आग लगा दी, जिससे वह धू-धूकर जल उठी। लंका दहन के दौरान दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। कलाकारों की प्रस्तुति ने सबका ध्यान खींचा। महोत्सव में 20 अक्टूबर को कैल्ठा रामलीला मैदान में दशहरा और 22 अक्टूबर को श्रीराम राजतिलक होगा।

भाजपा की विधान परिषद चुनाव में जीत की रणनीति पर मंथन

भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी।

एटा। भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को कार्यकर्ता संवाद बैठक हुई। यह बैठक 23 अक्टूबर को होने वाले विधान परिषद स्नातक और शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों और जीत की रणनीति पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। इसमें पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने चुनावी तैयारियों पर बात की। ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अभय गिरी ने कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभी से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से चुनाव में जुटने को कहा। उन्होंने संगठनात्मक तालमेल और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को चुनाव के लिए महत्वपूर्ण बताया। बैठक का मुख्य मकसद चुनाव की तैयारियों को तेज करना और जीत की रणनीति पर कार्यकताओं से बात करना था। सभी ने चुनावी कामों को गंभीरता से लेने और संगठन की योजनाओं के हिसाब से सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया। इस बैठक में पार्टी के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने चुनाव में सक्रिय रूप से भाग लेने और संगठन के निदेर्शों कापालन करने का संकल्प लिया।

दशहरा मिलन समारोह एवं प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

जिलाध्यक्ष ने अतिथियों और समाज के लोगों का जताया आभार

क्षत्रिय सम्मेलन के दौरान मंचासीन अतिथिगण और कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

एटा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा 1897 के तत्वावधान में आयोजित दशहरा मिलन समारोह, विशाल क्षत्रिय सम्मेलन, शस्त्र पूजन एवं प्रांतीय अधिवेशन जिला पंचायत स्थित जनेश्वर मिश्र हॉल में उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों, समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह रहे। अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र पाल सिंह राणा ने की। अतिविशिष्ट अतिथियों में कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ के सभापति जितेंद्र बहादुर सिंह, करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह, हरियाणा से ओकेंद्र राणा, सनी सिंह और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह शामिल रहे। इसके अलावा विभिन्न जिलों से आए गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

महासभा के जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह चैहान ने सभी अतिथियों, समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, कार्यकताओं और क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से कार्यक्रम सफल एवं यादगार बना। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करते हैं।

उन्होंने आयोजन की तैयारियों से लेकर सफल संचालन तक योगदान देने वाले पदाधिकारियों और कार्यकताओं की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक पवन राठौर, सह-संयोजक अजय चैहान, युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप राघव सहित आयोजन समिति के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। अंत में जिलाध्यक्ष ने समाज के सम्मान और उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

एटा और जलेसर मे निकली मॉ काली की भव्य शोभ यात्रा

एटा शहर के बाजार में मॉ काली खेलती हुयी।

एटा। काली कलाकार मण्डलों ने नवमी पर्व एवं विजयदशमी पर्व को लेकर जलेसर शहर अज्ञेर एटा में बड़े ही धूमधाम के साथ मॉ काली की षोभायात्रा निकाली गयी।

विभिन्न देवी देवताओं के मुखौटा लगाकर अपना-अपना करतब दिखा रहे हैं। विभिन्न मार्गो पर मॉ काली को धूमाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने फूलों से स्वागत किया और देवी मां का प्रसाद वितरण किया।

एटा मे काली मंडल में सायं होते ही तलवारे खनकना प्रारंभ हो गई थीं और देर रात्रि तक यह सिलसिला चलता रहा।

शहर स्थित सैनिक पड़ाव से काली शुरू हुई और हाथी गेट, शिकोहाबाद रोड, सुभाषमूर्ति, बली मुहम्मद चैराहा, मेहतापार्क, नन्नूमल चैराहा, ठण्डी सड़क, जीटी रोड, गांधी मार्केट, बाबूगंज, कचहरी रोड, रोडवेज बसस्टेण्ड के अलावा शहर के विभिन्न मोहल्ला में निकलकर रामलीला मैदान में समाप्त हो गई। इस दौरान प्रसाद वितरण कार्यक्रम काफी देर तक चलता रहा।

जलेसर मे मॉ काली की शोभायात्रा मे पालिका चैयरमैन आदि।

जलेसर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई मां काली की भव्य शोभायात्रा ए जयकारों से गूंज उठा जलेसर-उमड़े हजारों श्रद्धालु

जलेसर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर जलेसर षहेर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मां काली की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गईए जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े और पूरा कस्बा मां काली के जयकारों से जलेसर गूंज उठा। नवरात्रि में अष्टमी के दिन हर वर्ष की तरह श्री काली महारानी मेला का आयोजन किया गया। नगर मे मां काली की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव वर्मा आदित्य मित्तलए शुभम बंसल और जलेसर थाना प्रभारी अखिलेश दीक्षित द्वारा किया गया। शोभायात्रा जलेसर सादाबाद मार्ग स्थित अग्रवाल कोल्डस्टोरेज से शुरू होकर कस्बा के विभिन्न मार्गो से होते हुए कस्बे के मां पथवारी मंदिर पर मेला का समापन हुआ। इस दौरान मार्ग में जगह .जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर और भक्तों ने मां काली के स्वरूप की आरती उतारकर जोशीला स्वागत किया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद ।

जलेसर अश्टमी और नवमी पर माता पथवारी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

एटा/जलेसर। कस्बा जलेसर में सोमवार को अश्टमी और नवमी के शुभ अवसर पर जलेसर मॉ पथवारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही माता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। यहॉ गौरतलव है कि जलेसर सहित जिले मे इसवार अश्टमी और नवमी एक ही दिन सोमवार को मनायी गयी। के अवसर पर मंदिर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता रानी के समक्ष पूजा-अर्चना कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। मंदिर परिसर में माता के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और अन्य श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ माता रानी की आराधना की और परिवार तथा समाज की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

अश्टमी और नवरात्र के दौरान पथवारी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की विशेष आस्था देखने को मिली। रही है। नवमी के दिन भी भक्तों में दर्शन और पूजा-अर्चना को लेकर उत्साह रहा। श्रद्धालुओं ने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। पूरे कस्बे में धार्मिक माहौल बना रहा और माता रानी के प्रति लोगों की आस्था देखने को मिली।

रइस मौके पर पथवारी मन्दिर कमैटी सहित सैकड़ो आदि लोग मौजूद रहे।

महिलाओं और बालिकाओं को अधिकारों, सुरक्षा उपायों व हेल्पलाइन सेवाओं की दी जानकारी

एटा। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से एटा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 6.0 के तहत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्वेताभ पांडेय और अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सच्चिदानंद के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत मिशन शक्ति की टीमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों और ग्राम सभाओं में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दे रही हैं। कार्यक्रमों में गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के तरीके, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी अधिकार, लैंगिक समानता, बाल विवाह की रोकथाम तथा महिलाओं और बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा जैसे विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। .पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में बिना भय और संकोच के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, उन्हें सरकारी सहायता सेवाओं और हेल्पलाइन के उपयोग के बारे में भी बताया जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिकारों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।

डीएम ने भदवास में क्रॉप कटिंग का लिया जायजा

फसल उत्पादन के सटीक आकलन के लिए पारदर्शिता बरतने के निर्देश

भदवास में किसान किरण देवी के खेत पर पहुंचकर क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण करती जिलाधिकारी एम. अरुन्मौली।

एटा। जिलाधिकारी एम. अरुन्मौली ने सोमवार को न्याय पंचायत सोंगरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भदवास में किसान किरण देवी के खेत पर पहुंचकर क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। उन्होंने फसल कटाई की प्रक्रिया का जायजा लेते हुए उत्पादन के आकलन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि क्रॉप कटिंग प्रयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। फसल उत्पादन के सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़े प्राप्त करने के लिए निर्धारित क्षेत्रफल में कटाई, प्राप्त उपज के वजन और अन्य आवश्यक बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी आवश्यक अभिलेखों का विधिवत संधारण सुनिश्चित किया जाए। क्रॉप कटिंग के माध्यम से निर्धारित क्षेत्रफल में फसल काटकर प्राप्त उपज के आधार पर वास्तविक उत्पादकता का आकलन किया जाता है। इसके आंकड़े कृषि उत्पादन की स्थिति जानने के साथ ही फसल बीमा योजना सहित किसानों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर नीरज वार्ष्णेय, आरआई अशोक मिश्रा, अपर सांख्यिकीय अधिकारी मुकेश कुमार, लेखपाल कुलदीप भारद्वाज, ग्राम प्रधान के पुत्र पुष्पेंद्र कुमार, फसल बीमा से संबंधित अजीत कुमार सहित अन्य कर्मचारी और किसान मौजूद रहे।

अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर एसएसपी दिखे सख्त

त्योहारों पर पैदल गश्त और संदिग्धों की चेकिंग बढ़ाने पर जोर, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलामारन जी ने सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने आगामी दशहरा और दीपावली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग करने तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई करने और मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया।

उन्होंने लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सभी राजपत्रित अधिकारियों को अपने-अपने सर्किल में प्रतिदिन जनसुनवाई कर शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा लंबित प्रारंभिक जांच, विभागीय कार्यवाही और शासन स्तर से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों के कल्याण, अनुशासन और बेहतर आचरण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। गोष्ठी में एएसपी श्वेताभ पांडेय, एएसपी अपराध सच्चिदानंद सहित जिले के सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

पैसे देने के बावजूद नहीं बने जन्म प्रमाण पत्र

समाधान दिवस में डीएम से शिकायत, कर्मचारियों पर अभद्रता करने का भी आरोप

एटा। अलीगंज में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन करने के करीब तीन माह बाद भी प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर लोगों ने जिलाधिकारी एम. अरुन्मौली से शिकायत की है। समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्रों में संबंधित कर्मचारियों पर पैसे लेने के बावजूद काम नहीं करने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगाए गए हैं। अलीगंज क्षेत्र के ग्राम तुगई निवासी करन पुत्र बलवीर ने बताया कि उन्होंने 10 जुलाई 2026 को जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन संख्या 5066 पर ग्राम विकास अधिकारी की रिपोर्ट लगने के बाद भी प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ। आरोप है कि एसडीएम कार्यालय में तैनात तत्कालीन कर्मचारी दीपांशु पुत्र भूप सिंह और गोविंद सिंह से कई बार अनुरोध किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। करन ने पैसे लेने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया है। वहीं, ग्राम गही निवासी जितेंद्र पुत्र सर्वेश कुमार ने बताया कि उन्होंने नौ जून 2026 को आवेदन संख्या 3458 जमा किया था। ग्राम विकास अधिकारी ने 27 जुलाई को ही अपनी आख्या एसडीएम को भेज दी, इसके बावजूद प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ।

इसके अलावा स्टांप वेंडर मनोज कुमार ने चार आवेदनों के लिए राजस्व कर्मचारी दीपांशु को 800 रुपये देने के बाद भी प्रमाण पत्र जारी नहीं होने की शिकायत की है। शिकायतकताओं ने डीएम से कार्रवाई कर प्रमाण पत्र जारी कराने की मांग की है। अब देखना है कि इन शिकायतों पर प्रशासन क्या कदम उठाता है।

सुभाषित जो तुम्हें बुराईसे बचाता है, नेक राहपर चलाता है और जो मुसीबतके समय तुम्हारा साथ देता है, बस वही मित्र है। ❒ हितोपदेश

बड़े आन्दोलन की आहट

जन-सरोकारसे जुड़े मुद्दोंको लेकर फ्रांसमें विगत शनिवारको देशव्यापी स्तरपर हुई हिंसा, विरोध और प्रदर्शनोंने भारी तबाहीने बड़ा सन्देश दिया है। लगभग दस लाख लोगोंका सड़कोंपर उतरना और कई स्थानोंपर शान्तिपूर्ण प्रदर्शन, हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और लूटपाटकी घटनाएं सरकारके लिए चिन्ता बढ़ाने वाली है। फ्रांसके ऐतिहासिक लिमोज शहरके सिटी हालमें आगजनी और दुकानों तथा सार्वजनिक सम्पत्तियोंकी क्षतिसे एक गम्भीर प्रश्न यह भी सामने आया है कि क्या फ्रांस एक और 'येलो वेस्ट' जैसी लम्बी सामाजिक उथल-पुथलकी ओर बढ़ रहा है? फ्रांसमें आन्दोलनकी शुरुआत स्कूलोंकी खराब स्थिति, शिक्षकोंकी कमी और शिक्षा व्यवस्थासे असन्तोषसे हुई। बादमें महंगी, ईंधनकी बढ़ती कीमत, वेतन, पेंशन और सरकारी खर्चोंमें कटौती जैसे मुद्दे भी इसमें शामिल हो गये। ट्रेड यूनियनों, छात्रों और अन्य सामाजिक समूहोंके शामिल होनेसे आन्दोलन व्यापक हो गया। इस आन्दोलनको केवल फ्रांसका आन्दोलन मानना उचित नहीं होगा। फ्रांससे लेकर बेल्जियम, इटली, पुर्तगाल, स्पेन, ग्रीस, अमेरिका, बोलीविया, अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, अल्बानिया जैसे देशोंमें अलग-अलग कारणोंसे हो रहे प्रदर्शनोंमें एक साझा आर्थिक-सामाजिक असन्तोष दिखायी दे रहा है। एक बड़ा सवाल यह भी उठता है कि यूरोपमें बढ़ता जनाक्रोश बड़े सामाजिक आन्दोलनकी आहट तो नहीं है? इन सभी देशोंमें विरोध प्रदर्शनके कारण भले ही अलग-अलग हों। लेकिन बेचैनी एक जैसी है। बेल्जियममें आर्थिक दबाव और सार्वजनिक सेवाओंको लेकर असन्तोष है। इटलीमें जीवनयापनकी बढ़ती लागत और शिक्षा सम्बन्धी मुद्दे हैं। पुर्तगालमें आवास और बढ़ते किरायेकी समस्या है। स्पेनमें मकानोंका महंगा होना और किरायेके संकटका बढ़ना। अल्बानियामें भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षाकी खराब स्थिति और सरकारके खिलाफ असन्तोषका मामला है। अमेरिकामें राष्ट्रपति ट्रम्पके विरोधमें प्रदर्शन हो रहे हैं। अर्जेटीनामें कठोर आर्थिक नीतियों और आस्ट्रेलियामें महंगीको लेकर जनाक्रोश है। इन सभी देशोंमें मुद्दे अलग हैं, लेकिन शिकायतका मूल स्वर समान है। सरकारें आम नागरिकोंकी आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयोंको पर्याप्त महत्व नहीं दे रही हैं। इन आन्दोलनोंका एक महत्वपूर्ण पहलू युवाओंकी सक्रिय भागीदारी है। युवा वर्गको रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, महंगे आवास और भविष्यकी आर्थिक सुरक्षाको लेकर चिन्ता है। लेकिन इसमें बड़ी चिन्ता आन्दोलनका हिंसक होना है। ऐसे आन्दोलन भारतके लिए क्या संकेत देते हैं, इसपर भी ध्यान देना होगा। यूरोप भारतका सबसे बड़ा व्यापारिक और निवेश साझेदार है। यदि आन्दोलन लम्बे समयतक चला तो इससे भारत भी प्रभावित हो सकता है। यूरोपमें राजनीतिक अस्थिरताका प्रभाव वैश्विक बाजार, तेलकी कीमतोंपर भी पड़ सकता है। भारतको सजग रहनेकी जरूरत है।

खाद्य पदार्थों की निगरानी

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसआई) ने खाद्य पदार्थोंकी निगरानीके लिए जो सख्त और नये नियम जारी किये हैं, वह लोगोंकी सेहतकी सुरक्षाकी दिशामें सार्थक और बड़ा कदम है। इसके लिए जहां सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशोंके सम्बन्धित अधिकारियोंको जांच और विशेष सतर्कता बरतनेका निर्देश दिया गया है, वहीं कारोबारियोंको सचेत किया गया है कि पूरी आपूर्ति चेनमें निर्धारित तापमान और सुरक्षाके पालनमें पूरी सतर्कता बरतें। सुरक्षा मानकोंका उल्लंघन अक्षम्य अपराध माना जायगा और कड़ी कारवाई की जायगी। त्योहारी सीजनमें खाद्य पदार्थोंकी बढ़ती मांगके बीच मिलावटी, नकली और कई दिन पूर्व तैयार किये गये खाद्य पदार्थोंके भण्डारणसे इनकार नहीं किया जा सकता है। कारोबारियोंका इन खाद्य पदार्थोंको भण्डारण और ढुलाईसे लेकर ग्राहकोंतक पहुंचानेकी पूरी प्रक्रियामें निर्धारित तापमान बनाये रखनेका निर्देश महत्वपूर्ण है। खोवा, पनीर, मांस, मछली और इसी तरहके अन्य जल्द खराब होने वाले कई खाद्य पदार्थोंको उचित तापमानपर नहीं रखा जाता जिससे इनके खराब होनेका खतरा बढ़ जाता है। यह सार्वजनिक रूपसे स्वास्थ्यके लिए हानिकारक है। इसी तरह खाने-पीनेके चीजों गैर-खाद्य रंगोंके इस्तेमालपर पूर्ण प्रतिबन्ध भी महत्वपूर्ण है। कच्चे दूध, सादे दही, ताजे फलों, कच्ची सब्जियों और शिशु आहारमें रंग मिलाना पूरी तरह प्रतिबन्धित कर दिया गया है। एफएसएसआईका बाजारोंमें बिकने वाले मिलावटी, नकली और जन-स्वास्थ्यके लिए हानिकारक, बीमारियोंको दावत देने वाले खाद्य पदार्थोंके बिक्रीपर प्रतिबन्ध लोगोंके स्वास्थ्यकी सुरक्षा सुनिश्चित करनेकी दिशामें उपयोगी पहल है लेकिन इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना, इससे भी ज्यादा जरूरी है। इसके पहले भी केन्द्र सरकारने स्वास्थ्यको प्रभावित करने वाले खाद्य पदार्थोंपर अंकुश लगानेके लिए नियमोंमें बदलाव और कड़े निर्देश जारी किये हैं फिर भी स्थिति यथावत है। इसके लिए प्रशासनिक तंत्र जिम्मेदार है। इनकी नकेल कसना जरूरी है, ताकि इन्हें अपना कर्तव्यबोध हो सके, तभी मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थोंकी बिक्री रोकी जा सकती है।

लोक संवाद

परम्पराकी तिलांजलि

महोदय,-पहले किसी किसी भी आयोजन-प्रयोजनमें भारतीय संस्कृतिमें मिट्टीके दीये जलानेकी परम्परा रही है। परन्तु अब तो दीपावलीमें भी लोग इस परम्पराका निर्वहन नहीं करते हैं। मिट्टीके दीयोंकी सोंधी महक, घरमें बनते पकवानोंकी मिठास, आंगनके मांडणों, रिश्तोंके अपनत्व और लोक-परम्पराओंसे जीवंतताका पर्व हुआ करती थी। आज बिजलीकी रंग-बिरंगी लड़ियां हैं, महंगे उपहार हैं, मिठाइयोंके आकर्षक डिब्बे हैं, फोटोखींचके शोर हैं और इंटरनेटपर शुभकामनाओंकी भरमार है। सब कुछ है, लेकिन क्या वह पहले जैसा उल्लास, वह आत्मीयता और वह सुकून भी है। आधुनिकताकी चकाचौंधमें कहीं हम दिवालीकी आत्मा तो नहीं खोते जा रहे हैं? दिवाली केवल अमावस्याकी रातको रोशन करनेका पर्व नहीं है। यह अंधकारपर प्रकाश, निराशापर आशा और दूरीपर अपनत्वकी विजयका प्रतीक है। यह वह अवसर है जब घरोंके साथ रिश्तोंकी भी सफाई होती थी, मनके मैल दूर किये जाते थे और रूठोंको मनाया जाता था। -सुनील प्रजापति, वाया ईमेल।

शौर्य और नवसंकल्प का महापर्व

भारतीय संस्कृतिकी सबसे बड़ी विशेषता है कि उसने जीवनके उत्सवोंको आनन्द और उल्लासके साथ आत्मचिंतन, साधना और जीवन-परिवर्तनका माध्यम बनाया है। प्रत्येक पर्व शाश्वत संदेश समेटे हुए है। विजयादशमी ऐसा ही प्रेरणाप्रद पर्व है, जो आध्यात्मिक परम्पराओं और जीवन-दर्शनसे जुड़कर सत्य और विजयकी राह दिखाता है।

❒ ललित

दशहरा पर्व हमें स्मरण कराता है कि जीवनकी वास्तविक विजय दूसरोंको पराजित करनेमें नहीं, बल्कि अपने भीतर विद्यमान दुर्बलताओं, विकारों और नकारात्मक प्रवृत्तियोंपर विजय प्राप्त करनेमें है। असत्यपर सत्य, अंधकारपर प्रकाश, निराशापर आशा और अधर्मपर धर्मकी विजयका यह उत्सव भारतीय जनमानसमें सदियोंसे नयी ऊर्जा, नया विश्वास और नया संकल्प भरता आया है। दशहरेकी सांस्कृतिक चेतनाका सबसे प्रभावशाली आधार भगवान श्रीरामकी रावणपर विजय है। रामायणका यह प्रसंग केवल एक ऐतिहासिक अथवा पौराणिक युद्धकी परिणति नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और अहंकारके बीच संघर्षका शाश्वत आख्यान है। श्रीराम मर्यादा, करुणा, सत्य, कर्तव्य और धर्मनिष्ठाके प्रतीक हैं, जबकि रावण ज्ञान, सामर्थ्य और वैभवसे संपन्न होनेके बावजूद अहंकार, अनियंत्रित इच्छाओं और अनैतिक आचरणका प्रतीक बन जाता है। रावणका व्यक्तित्व इस सत्यको उजागर करता है कि ज्ञान यदि विवेकसे, शक्ति यदि मर्यादासे और समृद्धि यदि नैतिकतासे विमुख हो जाय तो मनुष्यके पतनका कारण बन जाती है। श्रीरामकी विजय इसलिए महत्वपूर्ण है कि उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियोंमें भी अपने आदर्शोंका परित्याग नहीं किया। दशहरा हमें सिखाता है कि परिस्थितियां कितनी ही कठिन क्यों न हों, सत्य और धर्मके मार्गपर चलने वाला व्यक्ति अंततः समाजकी आस्था और इतिहासकी प्रेरणा बनता है।

भारतीय संस्कृतिमें दशहरेका संबंध केवल रामकी विजयसे नहीं, बल्कि मां दुर्गाकी महिषासुरपर विजयसे भी जुड़ा है। नवरात्रके नौ दिनोंमें शक्तिकी आराधना और दसवें दिन विजयादशमीका उत्सव इस बातका प्रतीक है कि साधनाके बाद सिद्धि, संघर्षके बाद सफलता और आत्मबलके जागरणके बाद विजयका मार्ग प्रशस्त होता है। मां दुर्गाकी उपासना हमें यह संदेश देती है कि जीवनकी चुनौतियोंका सामना करनेके लिए शक्ति और संवेदना, साहस और विवेक तथा पराक्रम और करुणाका समन्वय आवश्यक है। भारतीय आध्यात्मिक परम्परामें शक्तिका अर्थ केवल बाहुबल अथवा प्रभुत्व नहीं है, बल्कि आत्मबल, इच्छाशक्ति, धैर्य, आत्मसंयम और अन्यायके विरुद्ध खड़े होनेकी नैतिक क्षमता भी है। इसीलिए दशहरा शक्तिकी साधनाके साथ-साथ उस शक्तिके सदुपयोगका भी पर्व है।

दशहरा पर्वका आध्यात्मिक पक्ष अत्यंत गहरा है। बाहरी रावणका दहन तभी सार्थक है, जब मनुष्य अपने भीतर बैठे रावणको पहचानने और परास्त करनेका साहस जुटाये। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी जैसी प्रवृत्तियां मनुष्यके व्यक्तित्वको भीतरसे दुर्बल बनाती हैं। रावणके दस सिरोंको इन दस विकारोंके प्रतीकके रूपमें भी देखा जा सकता है। प्रतिवर्ष रावणके पुतले जलते हैं, आतिशबाजी होती है और उत्सव संपन्न हो जाता है, लेकिन यदि हमारे भीतर ईर्ष्या, छल, स्वार्थ, द्वेष और अहंकार जीवित रहें तो विजयादशमीका मूल उद्देश्य अधूरा रह जाता है। सच्चा दशहरा वह है, जब हम किसीके प्रति अपने मनमें पल रहे द्वेषको समाप्त करें, अपने व्यवहारसे छलको निकालें, अपने अधिकारोंके साथ कर्तव्योंको स्वीकारें और अपनी सफलतामें दूसरोंके योगदानको भी सम्मान दें। आत्मविजय ही सभी विजयोंका आधार है।

भारतीय संस्कृति उत्सवको साधना और साधनाको जीवनकी श्रेष्ठतासे जोड़ती है। विजयादशमी इसी परम्पराका जीवंत उदाहरण है। इस दिन शस्त्रपूजाकी जाती है, नये कार्योंका शुभारम्भ होता है और विजयकी कामनाके साथ जीवनमें आगे बढ़नेका संकल्प लिया जाता है। शस्त्रपूजाका वास्तविक अर्थ केवल अस्त्रोंकी आराधना नहीं, बल्कि शक्तिके प्रति श्रद्धा और उसके उत्तरदायी उपयोगका संकल्प है। आजके सन्दर्भमें हमारे शस्त्र ज्ञान, विवेक, शिक्षा, विज्ञान, श्रम, नैतिकता और सत्यनिष्ठा भी हैं। यदि इन शक्तियोंका उपयोग मानवताके कल्याणके लिए किया जाय तो वे राष्ट्रनिर्माणके प्रभावशाली साधन बन सकती हैं। दशहरा हमें अकर्मण्यतासे कर्मशीलता, निराशासे आशा और निष्क्रियतासे सृजनशीलताकी ओर बढ़नेकी प्रेरणा देता है। यह दिन अपने अधूरे संकल्पोंको पूरा करने, नयी संभावनाओंके द्वार खोलने और जीवनको श्रेष्ठ दिशा देनेका अवसर है।

दशहरा हमें भीतरके प्रकाशका दीप जलाने, निराशाओंके बीच आशा, कठिनाइयोंमें साहस बनाये रखने और जीवनको नवसृजनकी दिशा देनेका सन्देश देता है। इस विजयादशमीपर हम अपने भीतरके अहंकार, स्वार्थ और दुर्बलताओंको समाप्त कर सत्यको आधार, करुणाको स्वभाव और कर्मको अपनी साधना बनायें। यही भारतीय संस्कृतिकी आध्यात्मिक विरासतका सम्मान है। यही उत्सवकी सार्थकता और विजय है, जो व्यक्तिके जीवनको प्रकाशित करते हुए परिवार, समाज और राष्ट्रमें नयी चेतनाका संचार कर सकती है। क्योंकि सच्चा दशहरा तभी है, जब रावणका दहन मैदानमें ही नहीं, मनमें भी हो।

दशहरेका एक महत्वपूर्ण पक्ष प्रकृति, कृषि और लोकजीवनसे उसका संबंध भी है। भारतीय समाजमें यह पर्व फसल, समृद्धि, ऋतु-परिवर्तन और सामुदायिक उल्लासकी परम्पराओंसे जुड़ा रहा है। शमी वृक्षकी पूजा, उसके पत्तोंका आदान-प्रदान और नये कार्योंका शुभारंभ प्रकृतिके प्रति श्रद्धा तथा मंगलकामनाकी भावनाको व्यक्त करते हैं। कृषि प्रधान भारतमें फसलकी समृद्धि केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि धरती, किसान और प्रकृतिके परस्पर सहयोगका उत्सव भी है। यह परम्परा हमें याद दिलाती है कि मनुष्यकी प्रगति प्रकृतिसे अलग होकर संभव नहीं है। जिस संस्कृतिने वृक्षों, नदियों, पर्वतों और धरतीमें पवित्रताका अनुभव किया, उसकी उत्सवधर्मितामें पर्यावरण संरक्षण और सह-अस्तित्वकी प्रेरणा भी अंतर्निहित है। आज जब पर्यावरणीय संकट मानवताके सामने गम्भीर चुनौती बन रहा है, तब दशहरा हमें प्रकृतिके प्रति अपनी जिम्मेदारियोंको पुनः समझनेका अवसर देता है।

विजयादशमी भारतीय संस्कृतिकी समन्वयकारी चेतना का भी उत्सव है। देशके अलग-अलग क्षेत्रोंमें इसे विविध रूपोंमें मनाया जाता है। कहीं रामलीला और रावण-दहन होता है, कहीं दुर्गापूजाके बाद मांकी विदाई, कहीं शस्त्रपूजा तो कहीं लोक-परम्पराओंके माध्यमसे विजयका उल्लास व्यक्त किया जाता है। इन विविधताओंके पीछे एक साझा सांस्कृतिक सूत्र है-सत्यके प्रति आस्था, धर्मके प्रति निष्ठा, शक्तिके प्रति सम्मान और जीवनमें मंगलकी कामना। आज दशहरेके सन्देशको अपने सामाजिक और राष्ट्रीय जीवनमें उतारना पहलेसे अधिक आवश्यक है। भ्रष्टाचार, हिंसा, सामाजिक विद्वेष, अनैतिक प्रतिस्पर्धा, छलपूर्ण व्यवहार और स्वार्थपरक राजनीति जैसी प्रवृत्तियां समाजकी नैतिक शक्तिको कमजोर करती हैं। इन बुराइयोंका अंत केवल भाषणों, नारों अथवा प्रतीकात्मक आयोजनोंसे नहीं हो सकता। इसके लिए व्यक्तिगत चरित्र, सामाजिक उत्तरदायित्व और संस्थागत ईमानदारीको मजबूत करना होगा। यदि हम अपने कार्यक्षेत्रमें प्रामाणिकता अपनायें, सार्वजनिक जीवनमें कर्तव्यनिष्ठ रहें, शिक्षा और चिकित्साको मानवीय संवेदनासे जोड़ें तथा समाजमें प्रेम और सद्भावको बढ़ावा दें तो यही दशहरेकी वास्तविक साधना होगी। राष्ट्रकी शक्ति केवल उसकी आर्थिक समृद्धि, सैन्य क्षमता अथवा तकनीकी उपलब्धियोंमें नहीं, बल्कि उसके नागरिकोंके चरित्र, नैतिकता, अनुशासन और परस्पर विश्वासमें भी निहित होती है।

दशहरा अंततः बाहरी विजयसे अधिक आंतरिक जागरणका पर्व है। यह हमें अपने भीतर प्रकाशका दीप जलाने, निराशाओंके बीच आशा खोजने, कठिनाइयोंमें साहस बनाये रखने और जीवनको नवसृजनकी दिशा देनेका सन्देश देता है। आइये इस विजयादशमीपर हम केवल रावणका पुतला जलानेतक सीमित न रहें, बल्कि अपने भीतरके अहंकार, स्वार्थ, असत्य और दुर्बलताओंको समाप्त करनेका संकल्प लें। सत्यको अपना आधार, विवेकको अपना मार्गदर्शक, करुणाको अपना स्वभाव और कर्मको अपनी साधना बनायें। यही भारतीय संस्कृतिकी आध्यात्मिक विरासतका सम्मान है, यही उत्सवकी सार्थकता है और यही वह विजय है, जो व्यक्तिके जीवनको प्रकाशित करते हुए परिवारए समाज और राष्ट्रमें नयी चेतनाका संचार कर सकती है। क्योंकि सच्चा दशहरा तभी है, जब रावणका दहन मैदानमें ही नहीं, मनमें भी हो। विजयका उत्सव केवल आतिशबाजीमें नहीं, आचरण में दिखाई देय और प्रकाश केवल दीपोंमें नहीं, हमारे विचारों, संस्कारों तथा कर्मोंमें भी प्रकट हो।

दशहरे के असली अर्थ को समझें

दशहरा नवरात उत्सवके बाद मनाया जाने वाला सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक त्योहार है। असत्यपर सत्यकी विजय और राक्षस प्रवृत्ति और संस्कृतिपर दैवीय प्रवृत्ति एवं संस्कृतिकी विजय जैसे तमाम संदर्भ इससे जुड़ते हैं।

❒ अखिलेश आर्येन्दु

दशहरा यानी विजयादशमी मानवका चरित्र उच्चता हासिल कराता है और नीचता भी। यह चरित्र ही है जिससे कुल, गोत्रादिको उच्च या निम्न बनाता है। चरित्रकी वजहसे ही रावण और उसका खानदान लाखों सालोंसे तिस्कार ही नहीं, बल्कि पुतला जलाकर उसके अत्यंत दागदार चरित्रको दुत्कारा जाता है। इन्द्रियोंका संयम कितना महत्वपूर्ण है इसका वर्णन रामायण और रामचरित मानस दोनों पुस्तकोंमें देखा जा सकता है। राम-लक्ष्मणके अलावा हनुमान, अंगद और सुग्रीव इसके उदाहरण हैं। वेदमें आया है-अकृण्वत श्रवस्यानि दुष्टरा, यानी वे संसारमें ऐसे अद्भुत और महान् कार्य करते हैं जो सुननेमें अद्भुत मालूम पड़ते हैं। यह है उच्च चरित्रके वैभवका आदर्श है। दशहरा हमारे जिन्दगीका वह सबसे बेहतर एवं पुनीत अवसर प्रदान करता है जब हम अपनी अच्छी-खराब वृत्तियोंकी विवेचना ही नहीं करते, बल्कि सफलता और असफलतामें मानवीय सद्गुणोंका क्या महत्व है उनकी विवेचनाका भी अवसर होता। महज रावण कुलके वीरोंका पुतला जलाकर दशहरा मनानेका कोई मायने नहीं, बल्कि अपने परिवार, समाज और संस्कृतिके साथ-साथ स्वराष्ट्रके बारेमें चिन्तन एवं विमर्श भी हमें लगातार करनेका संकल्प लेना चाहिए। अपने जीवन, परिवार, समाज एवं राष्ट्रकी हालातको समझनेके लिए राजारामके चरित्र और रावणके चरित्रको देखना और यह समझना कि बड़ा-सा बड़ा साम्राज्यका प्रमुख यदि चरित्रवान नहीं है तो उसकी गति वैसी ही होती है जैसी दिग्विजयी रावण की। रावणकी लंकाको हनुमानने जला डाली, यह बहुत हैरतकी बात थी। योगदर्शनके मुताबिक सिद्धियां हासिल किया हुआ व्यक्ति वे सभी तरहके करिश्मे कर सकता है जो आम तौरपर असंभव लगता है। हनुमान सिद्ध थे उन्होंने अपनी सिद्धियोंके बलपर सोनेकी लंका फूंक डाली। यानी अलौकिक शक्तियोंकी महाशक्तिके आगे असंभव कुछ नहीं होता।

दशहराको हम त्यौहार या उत्सव कस रूपमें मनाते हैं। इसके पीछे छिपे हुए भाव, धर्म, व्यवहारए प्रेरणा और मूल्योंको समझना आवश्यक है। विश्व मानवताका कल्याण जिन मानवीय सद्गुणोंसे हो सकता है उसके निर्माता और संस्थापक श्रीराम हैं। श्रीरामका नाम आते ही मानवता, धर्म, संस्कृति, सभ्यता, शिक्षा, सदव्यवहार और आचार-विचारकी उत्तमता स्वमेव प्रकत हो जाती है। एक उच्च चरित्रका मानव कैसा होना चाहिए रामके जीवनमें देखा जा सकता है। आज जब देश-दुनियामें अन्याय, अनर्थ, हिंसा, शोषण, विश्वासघात और क्रूरताएं इंसानियतको लहू-लुहान कर रहीं हैं, भगवान रामका जीवन आदर्श इन्हें रोकनेका कार्य कर सकतीं हें। भगवान रामका जीवन विश्वमें अनुपम, अद्भुत और मूल्यपरक है जिसकी कीर्ति आज भी विश्वमें कायम है। विश्व जानता है भगवान रामका चरित्र उच्च, आदर्श और प्रेरणा देने वाला है। जिसका गुणगान भारतमें ही नहीं, बल्कि भारतसे बाहर भी लेखकों, कवियों और इतिहासकारोंने अनेक लेख, कविताएं एवं किताबें लिखीं। इनमें कामिल बुल्के, वारान्निकोव और हेनरी केलाग सहित सैकड़ों विदेशी विद्वान शामिल हैं, जिन्होंने राम कथाके प्रसंगमें राम-रावण-युद्धकी विवेचनाएं अत्यंत सुन्दर, गौरव-युक्त और वैदिक एवं राक्षस संस्कृतिपर व्यापक स्तरपर लिखा।

भारतीय संस्कृति सदासे मानव मूल्योंपर आधारित रही है। इनसे ही विश्वमें सनातनसे हमारी संस्कृतिका डंका बजता रहा है। इन मूल्योंके जो सबसे अधिक स्वीकार्यकर्ता हुए उन्हें भगवान या ईश्वरके रूपमें सम्मान दिया गया। इन्हीं मूल्योंके प्रतिप्रादक थे भगवान श्रीरामचन्द्र। रामका सारा जीवन संघर्षका पर्याय रहा, लेकिन कभी संघर्षोंकी वजहसे उन्होंने मानव मूल्यों यानी सद्गुणोंको नहीं छोड़ा। वहींपर रावणने सभी तरहके सद्गुणोंको छोड़ दिया और अमानवीय गुणोंको ही जिन्दगीका आधार बना लिया, जिससे वेदोंका ज्ञाता होते हुए भी सबके तिरस्कारकी वजह बना। राम-रावण युद्धकी वजह भी यही रहा। वैदिक संस्कृतिमें पग-पगपर मूल्योंकी वीथियाएं बनायी गयी हैं। वे वीथियाएं राम जैसे भगवत्ता प्राप्त यानी बारह कलाओंसे युक्त भगवान राम जैसे युग-पुरुषोंने बनायी थी। इसलिए राम आज भी जहां-जहां भी भारतीय संस्कृतिका वैभव यानी धन है वहां-वहां वे विराजमान हैं। क्योंकि संसारमें भले ही आज हिंसा चारों तरफ अपना दबदबा कायमकी हो, लेकिन अहिंसा, धर्म, प्रेम, धैर्य और न्याय हर किसीको चाहिए। राम मानव सभ्यता संस्कृतिके प्रेरक, आदर्श और नायक हैं। क्योंकि वे सबके लिए शुभ और शांतिके प्रेरक हैं। शुभ और अशुभ नामोंका स्मरण संत तुलसीदासकी दृष्टिमें जानना आवश्यक है। यह नाम और कर्मकी कैसी विलक्ष्णता है कि राम नामका ध्यानमें लाना शुभ और रावण नामका स्मरण अशुभ माना गया है। इसका मनोवैज्ञानिक कारण है। हम राम नामका स्मरण करते ही यह धारणा बना लेते हैं कि राम नामके केवल जपसे कल्याण हो जाता है। राम हमारी चेतनके अंग हैं। सत्य जहां भी होता है वहां आदर्श और नीति दोनों भी रहते हैं। और ये सब सद्गुणोंसे ही हासिल हो सकते हैं और मानव संस्कृति महानायक राममें ये सभी सद्गुण मौजूद हैं। विदेशी विद्वान् भी कहते हैं- राम हमारे लिए इसलिए भी पूज्य हैं, क्योंकि वे सभी तरहके सद्गुणोंसे युक्त हैं। तुलसी दास भी। कहते हैं-धीर बीर रघुबीर प्रिय सुमिरि समीर कुमारु। अगम सुगम सब काज करु करतल सिद्धि विचारु॥ राम धीर, वीर, गम्भीर प्रकृति वाले हैं। रामसे अतिशय प्रेम करने सच्चा रामानुरागी कभी युग-धर्मसे प्रभावित नहीं होता है। क्योंकि रामका जीवन चरित्र युग-धर्मकी द्वंद्वात्मक विश्रृखलाओंसे पूरी तरह रहित है। संत तुलसी दासने लिखा है- काल धर्म नाहिं व्यापहिं ताही, रघुपति चरन प्रीति अति जाही। मानसमें युगानुरूप धर्मके चार चरणोंका वर्णन किया गया है। वे हैं, सत्य, दया, तप और दान। इन चार चरणोंकी व्याख्या मानस मर्मज्ञ अपनी सुविधानुसार करते हैं। लेकिन मेरा चिन्तन कहता है कि ये मानवको सम्पूर्णता दिलाने वाले मूल्य हैं जिसकी जरूरत हर युगमें जन-जनको होती है। रामराजमें ये चारों चरण मौजूद थे। इसलिए रामराजको स्वर्गका राज कहा जाता है जहां निवास करनेके लिए देवता भी आतुर रहते हैं। वहींपर लंका सोनेकी होकर भी बनी न रह सकी। कारण धर्मके चारों चरणोंमें वहां कोई चरण मौजूद नहीं था।

मानसकी ये पंक्तियां, प्रकट चारि पद धर्मके कलि महुं एक प्रधान। जेन केन बिधि दीन्हे दान करइ कल्यान। वैदिक संस्कृतिमें चार पुरुषार्थ बताये गये हैं और इनमें पहला पुरुषार्थ धर्म है। राम उन असंख्य मानवोंमेंसे एक हैं, जिन्होंने धर्मका सम्यक् पालन किया। जिनका सारा जीवन ही धर्ममय है। मूल्य जिनके जीवनके आभूषण हैं। मानसकार कहते हैं-नर सहस्त्रमें सुनहु पुरारी, कोउ एक होइ धर्म व्रत धारी। मानव मनके आदर्श, मर्यादा, नियम और मूल्यसे आदर्शका निर्माण होता है और वह आदर्श रामकी जिन्दगीमें पग-पगपर देखा जा सकता है। दशहरा भारतीय समाजका ऐसा त्यौहार है जिसमें असत्यकी पराजय, दुष्ट प्रवृत्तियोंका पराभव और अहंकारका नाश होता है। मूल बात यह है कि अधर्म जहां भी दिखे उसके खात्मेके लिए बिना देर किये हर किसीको लग जाना चाहिए-रामने यही किया। राम सभी मूल्योंके उदगाता हैं इसलिए वह परमेश्वर हैं। मूल्योंसे रहित कोई भी व्यवहार, सम्बन्ध, भाव और मर्यादा निर्मित नहीं हो सकते हैं। दशहराके अवसरपर हम रावण परिवारके पुतलोंका ही दहन न करें, बल्कि रावणी प्रवृतियोंके खात्मेका संकल्प लें। तभी दशहरा मनानेका मकसद पूरा हो सकता है।



कुल्लू दशहरा

❒ भवान सिंह

हिमाचल प्रदेशकी सुरम्य वादियोंमें बसा कुल्लू केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरताके लिए ही नहीं, बल्कि अपनी अनूठी सांस्कृतिक धरोहरके लिए भी दुनियाभरमें प्रसिद्ध है। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहराकी विश्वमें पहचान है। जब बाकी जगहोंपर दशहरा खत्म होता है तो कुल्लूमें रघुनाथ जीकी रथयात्राके साथ कुल्लूका दशहरा शुरू होता है। इसमें कुल्लू घाटीके दूरदराज क्षेत्रोंसे आये देवी-देवता रघुनाथ जीकी रथयात्रामें शामिल होते हैं। पूरी वादीमें ढोल-नगाड़े और श्रीराम जीकी जय जयकारके उद्घोष सुनाई देते हैं। बड़ा जनसैलाब रघुनाथ जीकी रथयात्रामें शामिल होता है। कुल्लू दशहरामें आने वाले सभी देवी-देवता ढालपुर मैदान और आसपासके चिह्नित स्थानोंपर अस्थायी शिविरोंमें ठहराते हैं। सात दिनतक चलने वाले इस दशहरा उत्सवके दौरान भगवान रघुनाथ भी ढालपुरमें अस्थायी शिविरमें रहकर उत्सवको सुशोभित करते हैं। दशहरा मनाते हुए हमें इस महत्वपूर्ण तथ्यका बोध अवश्य होता है। हिमाचल प्रदेशके कुल्लू जिलामें मनाया जाने वाला दशहरा उत्सव न सिर्फ देशमें, बल्कि विदेशोंमें भी ख्याति प्राप्त है। कुल्लूका दशहरा सबसे अलग और अनोखे अन्दाजमें मनाया जाता है। यहां इस त्योहारको दशमी कहते हैं। आश्विन महीनेकी दशवीं तारीखको इसकी शुरुआत होती है। जब पूरे भारतमें विजयादशमीकी समाप्ति होती है, उस दिनसे कुल्लू घाटीमें इस उत्सवका रंग और भी अधिक बढ़ने लगता है। कुल्लू दशहराके लिए ३६९ साल पहले राजा जगत सिंहने देवताओंको बुलानेके लिए न्योता देनेकी परम्परा शुरू की थी, जो आज भी चली आ रही है। बिना न्योतेके देवता अपने मूल स्थानसे कदम नहीं उठाते। न्योतेपर करीब २०० किमी. तक पैदल यात्रा कर नदियों, जंगलों, पहाड़ोंसे होते हुए अट्ठारह करडूकी सोह ढालपुर पहुंचते हैं। सात दिनोंमें एक जगहपर तीन सौसे अधिक देवी-देवताओंके दर्शनके लिए लाखोंकी संख्यामें लोग, देशी-विदेशी पर्यटक, शोधार्थी हाजिरी भरते हैं। देवी हिडिंबाके बिना रघुनाथ जीकी रथयात्रा नहीं निकाली जाती है। दशहरेके आरंभमें सर्वप्रथम राजाओंके वंशजों द्वारा देवी हिडिंबाकी पूजा-अर्चना की जाती है तथा राजमहलसे रघुनाथ जीकी सवारी रथ मैदान ढालपुरकी ओर निकल पड़ती है। राजमहलसे रथ मैदानतककी शोभा यात्राका दृश्य अनुपम एवं मनमोहक होता है। इस स्थानपर जिलेके विभिन्न भागोंसे आये देवी-देवता एकत्रित होते हैं। दशहरेके छठे दिन सभी देवी-देवता रघुनाथ जीके शिविरमें शीश नवाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं। देवी-देवताओंकी पालकियोंके साथ ग्रामवासी वाद्य यंत्र बजाते हुए चलते हैं। ब्यास नदीके तटपर एकत्रित घास एवं लकड़ियोंको आग लगानेके पश्चात पांच बलियां दी जाती हैं तथा रथको पुनः खींचकर रथ मैदानतक लाया जाता है। इसीके साथ लंका दहनकी समाप्ति हो जाती है तथा रघुनाथ जीकी पालकीको वापस मंदिर लाया जाता है। देवी-देवता भी अपने-अपने गांवके लिए प्रस्थान करते हैं।

बुराइयां मिटाने से ही सार्थक होगी विजयदशमी

❒ योगेश कुमार गोयल

धार्मिक मान्यताओंके अनुसार विजयादशमी वह दिन है, जब भगवान श्रीरामने लंकापति रावणका वध कर सत्य और धर्मकी विजय स्थापित की थी और जब आदि शक्ति दुर्गाने महिषासुर जैसे महाबलशाली असुरका संहार कर धरती और देवताओंको उसके अत्याचारोंसे मुक्त किया था। यही कारण है कि इसे बुराईपर अच्छाईकी जीतका पर्व कहा जाता है। दशहरा शब्द स्वयं अपने भीतर गहन प्रतीकवाद समेटे हुए है। 'दश' का अर्थ है दस और 'हरा' का अर्थ है हर लेना, नष्ट करना या दूर करना। इस दृष्टिसे दशहराका अर्थ हुआ, मनुष्यके भीतर मौजूद दस प्रमुख अवगुणों जैसे काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, आलस्य, असत्य, अन्याय और हिंसाको नष्ट करनेका संकल्प लेना। विजयादशमीको इतिहासमें भी शुभारंभ और विजयके प्रतीक पर्वके रूपमें माना जाता रहा है। कई प्राचीन राजाओं और क्षत्रियोंने युद्ध या किसी विशेष अभियानपर निकलनेके लिए इसी दिनको चुना, क्योंकि यह दिन विजयके लिए प्रस्थानका प्रतीक है। भगवान श्रीराम द्वारा समुद्र तटपर शारदीय नवरात्रिकी पूजाका प्रारम्भ और उसके बाद लंकापर चढ़ाईका ऐतिहासिक प्रसंग भी इसी परम्परासे जुड़ा है। नवरात्र और विजयादशमीका गहरा संबंध है। नवरात्रके नौ दिन शक्तिकी उपासनाके लिए माने जाते हैं। देवीके नौ रूपोंकी पूजाके माध्यमसे भक्त अपने भीतर शक्ति और साहसका संचार करते हैं और दसवें दिन यानी दशमीको विजयका प्रतीक मानते हैं। नवरात्रके दौरान शक्तिकी उपासनाका एक व्यापक सामाजिक और दार्शनिक महत्व है। यह समाजमें स्त्री शक्तिके प्रति सम्मान और आदरका संदेश है। दशहरेका वास्तविक संदेश तभी साकार होगा, जब हम समाजमें प्रत्येक नारीको गरिमा, शिक्षा, स्वतंत्रता और सम्मानका अधिकार देंगे। दशहरेका सांस्कृतिक और सामाजिक स्वरूप भी अत्यन्त जीवंत है। उत्तर भारतमें इस दिन रावण, मेघनाद और कुम्भकर्णके विशाल पुतले बनाये जाते हैं और शामको उनका दहन किया जाता है। हजारों लोग एकत्रित होकर इस आयोजनको देखते हैं और आतिशबाजीके बीच रावणके पुतलेके जलनेका दृश्य सामूहिक रूपसे बुराईपर अच्छाईकी जीतका प्रतीक बन जाता है। यह दृश्य न केवल धार्मिक भावनाओंसे जुड़ा है, बल्कि सामुदायिक एकता और लोक परम्पराओंका भी अद्भुत उदाहरण है। बंगाल और पूर्वी भारतमें दुर्गा पूजाका भव्य आयोजन इसी कालमें सम्पन्न होता है। दुर्गा प्रतिमाओंकी स्थापना, पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फिर विसर्जन, ये सब इस पर्वके सामाजिक और सांस्कृतिक आयामको और समृद्ध करते हैं। यह पर्व भारतीय संस्कृतिकी विविधतामें एकताका सशक्त प्रतीक है। लोकमान्यताओं और ग्रामीण परम्पराओंमें तो दशहरेका विशेष स्थान है। कई क्षेत्रोंमें दशहरेके दिन घरों और खेतोंमें बोये गये जौको काटकर 'ज्वारे' के रूपमें पूजा जाता है। इन्हें स्त्रीके गर्भ और उसकी संतानका प्रतीक माना जाता है। बहनें अपने भाइयोंके सिरपर ज्वारे रखती हैं और भाई बहनोंको उपहार देते हैं। यह परम्परा भाई-बहनके पवित्र संबंधको और अधिक मजबूत करनेका संदेश देती है। इस पर्वमें पारिवारिक, सामाजिक और भावनात्मक संबंधोंकी यह गहराई भारतीय जीवन मूल्योंकी विशेषता है।

पौराणिक दृष्टिसे देखें तो दशहरा केवल रावण-वधतक सीमित नहीं है। महिषासुर मर्दिनीकी कथा भी इसी दिनसे जुड़ी है। जब महिषासुरके आतंकसे देवता और मनुष्य सभी पीड़ित हो उठे थे, तब देवी दुर्गाने नौ दिनोंतक उससे युद्ध किया और दसवें दिन उसका वध किया। यह घटना शक्ति और साहसके महत्वको उजागर करती है। यह बताती है कि जब बुराई और अन्याय अपने चरमपर पहुंच जाते हैं, तब शक्तिका स्वरूप धारण कर ही उनका अंत किया जा सकता है। महिषासुर वधकी कथा स्त्री शक्तिकी सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जो हमें सिखाती है कि प्रत्येक व्यक्तिमें यह शक्ति निहित है कि वह अन्याय और अत्याचारका सामना कर सके। दशहरेका वास्तविक महत्व आत्मचिंतन और आत्मसुधारमें निहित है। यह पर्व केवल रावणके पुतले जलानेका उत्सव नहीं है, बल्कि हमें यह सोचनेपर विवश करता है कि हमारे भीतर कौन-कौनसे रावण अब भी जीवित हैं। अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या, स्वार्थ, असत्य, ये सब रावणके ही विभिन्न रूप हैं। यदि हम हर दशहरेपर यह संकल्प लें कि कमसे कम अपनी एक बुराईको समाप्त करेंगे तो धीरे-धीरे हम अपने भीतरके रावणका अंत कर पायंगे। यही इस पर्वकी सच्ची साधना और सार्थकता है। आजके समयमें जब समाजमें हिंसा, असमानता, भ्रष्टाचार, शोषण और अन्याय जैसी समस्याएं व्याप्त हैं, तब दशहरेका महत्व और बढ़ जाता है। यह पर्व हमें प्रेरित करता है कि हम सामूहिक रूपसे भी इन बुराईयोंके विरुद्ध खड़े हों। जिस प्रकार भगवान रामने रावणका अंत कर धर्म और सत्यकी स्थापना की, उसी प्रकार हमें भी अन्याय और भ्रष्टाचारके विरुद्ध संघर्ष करना होगा। जिस प्रकार माता दुर्गाने महिषासुरका वध किया, उसी प्रकार समाजकी स्त्रियोंको भी अपने अधिकारों और गरिमाकी रक्षाके लिए सशक्त और आत्मनिर्भर बनना होगा। दशहरा राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक अखंडताका प्रतीक है। भारत जैसे विशाल और विविधताओंसे भरे देशमें यह पर्व हमें जोड़ता है। चाहे उत्तरमें रामलीला और रावण-दहनकी परम्परा हो या पूर्वमें दुर्गा पूजा, पश्चिममें शस्त्र-पूजन हो या दक्षिणमें देवी विजयादशमी उत्सव, सबका उद्देश्य एक ही है, बुराईपर अच्छाईकी जीतका संदेश देना। यह पर्व हमें अहसास कराता है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर कितनी समृद्ध है और हमारी परम्पराएं किस प्रकार हमें एक सूत्रमें बांधती हैं। दशहरेका सबसे बड़ा संदेश यही है कि धर्म, सत्य, न्याय और करुणाकी विजय निश्चित है। चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न लगे, अंततः अच्छाई ही विजयी होती है। यह पर्व हमें केवल उत्सवका आनन्द लेनेके लिए नहीं, बल्कि अपने जीवनको संवारने और समाजको बेहतर बनानेकी दिशामें कदम बढ़ानेके लिए प्रेरित करता है। सही मायनोंमें विजयादशमीका उत्सव तभी सार्थक है, जब हम अपने भीतरके रावणका वध कर सकें और अपने जीवनमें अच्छाई, सत्य और प्रेमको स्थान दे सकें। यही इस पर्वका वास्तविक और शाश्वत संदेश है, जो इसे सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय एकताका पर्व बनाता है।

स्वीटी सुपारी के संस्थापक स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की हीरक जयन्ती पर परिजनों ने लिया अभूतपूर्व समाज सेवा संकल्प

श्रद्धा, संत सम्मान और संस्कृति को समर्पित रहेगे भव्य आयोजन

२० अक्टूबर को परिणय गार्डन में ब्रज क्षेत्र के साधु-संतों के लिए प्रसादी, वृंदावन में हमारे राम का भव्य मंचन तथा गोवर्धन बरसाना एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर विशेष पोशाक एवं फूल बंगला दर्शन

मथुरा। मथुरा-वृंदावन स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप अपने संस्थापक स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की ७५वीं जन्म जयंती (हीरक जयंती) के अवसर पर सेवा, श्रद्धा, संत सम्मान एवं आध्यात्मिक मूल्यों को समर्पित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से उनके प्रेरणादायी जीवन, धार्मिक आस्था और समाज के प्रति सेवा भावना को स्मरण किया जा रहा है। स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल एक दूरदर्शी उद्यमी, कर्मठ व्यक्तित्व एवं सिद्धांतों के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उन्होंने सीमित संसाधनों से अपनी व्यावसायिक यात्रा प्रारंभ की और मेहनत, ईमानदारी तथा विश्वास के बल पर (स्वीटी सुपारी) को विशिष्ट पहचान दिलाई। व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी, पारिवारिक संस्कार, धार्मिक आस्था और मानवीय मूल्यों के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणादायी रहा। उनके आदर्शों और विरासत को उनके सुपुत्र एवं एम. आर. ग्रुप के चेयरमैन सुनील कुमार अग्रवाल तथा पौत्र एवं मैनेजिंग डायरेक्टर लव कुमार बंसल आगे बढ़ा रहे हैं। हीरक जयंती के उपलक्ष्य में १८ अक्टूबर २०२६ को ग्रीन वैली में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से सेवा एवं जनकल्याण की उस भावना को आगे बढ़ाया गया, जो स्वर्गीय श्री अग्रवाल के जीवन का अभिन्न हिस्सा रही। २० अक्टूबर २०२६ को प्रात: परिणय गार्डन में ब्रज क्षेत्र के ५५१ साधु-संतों के लिए भव्य प्रसादी का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें ब्रज के विभिन्न क्षेत्रों से साधू-संतों एवं ब्रजवासियों की सहभागिता रहेगी। संत सेवा, अन्नदान और ब्रज समाज के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की भावना से आयोजित यह प्रसादी स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल के धार्मिक संस्कारों, सेवा भावना और संतों के प्रति आदर को समर्पित रहेगी। इसी क्रम में २० अक्टूबर को गोवर्धन स्थित श्री दानघाटी मंदिर, बरसाना स्थित श्री राधारानी मंदिर एवं मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठाकुर जी की विशेष पोशाक एवं भव्य फूल बंगला दर्शन का आयोजन स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप परिवार की ओर से किया जाएगा। इन तीनों पवित्र स्थलों से स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल का विशेष आत्मीय एवं आध्यात्मिक जुड़ाव रहा। वे अपने जीवनकाल में इन स्थानों पर श्रद्धापूर्वक दर्शन करने जाया करते थे। उनकी इसी गहरी आस्था और भावनात्मक लगाव को स्मरण करते हुए परिवार द्वारा इन धार्मिक आयोजनों का संकल्प लिया गया है। यह आयोजन उनके आराध्य ठाकुर जी के चरणों में परिवार की ओर से भावपूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित करने का माध्यम है। हीरक जयंती के मुख्य सांस्कृतिक आयोजन के अंतर्गत मंगलवार, २० अक्टूबर २०२६ को वृंदावन स्थित स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम, गीता शोध संस्थान में फेलिसिटी थिएटर की बहुचर्चित नाट्य प्रस्तुति (हमारे राम) का भव्य मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुति भगवान श्रीराम के जीवन, मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों को भव्य मंच सज्जा, संगीत एवं प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से जीवंत करती है। इसमें राहुल आर. भूचर प्रभु श्रीराम, आशुतोष राणा रावण, दानिश अख्तर भगवान हनुमान, तरुण खन्ना भगवान शिव तथा अमृता परिहार माता सीता की भूमिका में नजर आएंगे। भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों और स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल के सिद्धांतनिष्ठ जीवन के बीच भावनात्मक एवं वैचारिक जुड़ाव को ध्यान में रखते हुए इस विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। यह मंचन उनके आदर्शों, संस्कारों और जीवन दर्शन को समर्पित एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि है। हीरक जयंती की तैयारियों में विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष एवं परिवार के वरिष्ठ सदस्य कन्हैयालाल अग्रवाल का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। उनके निरंतर स्नेह, अनुभव और सहयोग के प्रति एम. आर. ग्रुप परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है। स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप की पूरी टीम पिछले लगभग तीन महीनों से हीरक जयंती की तैयारियों में समर्पण भाव से जुटी हुई है। मंच व्यवस्था, सजावट, फोटोग्राफी, भोजन, अतिथि सत्कार एवं अन्य व्यवस्थाओं से जुड़े सहयोगियों और उनकी टीमों का योगदान भी सराहनीय है। ग्रुप परिवार सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है। एम. आर. ग्रुप परिवार के लिए यह हीरक जयंती अपने संस्थापक के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने, संत सेवा एवं ब्रज समाज के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनके प्रेरणादायी जीवन मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक भावपूर्ण अवसर है। स्वीटी बाय एम. आर. ग्रुप परिवार स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की पावन स्मृति को नमन करते हुए उनके द्वारा स्थापित सेवा, सत्यनिष्ठा, धर्म, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व के आदर्शों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराता है।

बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप, हाई-वोल्टेज तार की चपेट में आकर मासूम गंभीर सौफूटा के पास मथुरा-वृंदावन मार्ग पर हुआ हादसा, आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रहा बच्चा

वृंदावन। मथुरा-वृंदावन मार्ग पर सौफूटा के पास बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सड़क के पास नीचे झूल रहे हाई-वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आने से एक मासूम बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। करंट लगने के बाद बच्चा बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए झुलसे बच्चे को रामकृष्ण मिशन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए आईसीयू में भर्ती किया गया। फिलहाल बच्चे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। शिकायतों के बावजूद नहीं सुधरे झूलते तार, लोगों में आक्रोश- स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में बिजली के तार लंबे समय से नीचे झूल रहे हैं। इस संबंध में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद बिजली विभाग के अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते तारों को ठीक करा दिया जाता, तो इस तरह के हादसे की आशंका को टाला जा सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने, झूलते तारों को तत्काल दुरुस्त कराने और लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना होगा कि मासूम की जान पर बन आई इस घटना के बाद विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं और क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

राया में व्यापारी पुत्र की सकुशल बरामदगी पर एसएसपी सहित पुलिस टीम को किया सम्मानित

राया। कस्बा राया में हार्डवेयर कारोबारी के १६ वर्षीय पुत्र का दिनदहाड़े अपहरण कर ५० हजार रुपये की फिरौती मामले में राया पुलिस द्वारा किशोर को महज चार घंटे में सकुशल बरामद करने और मुठभेड़ के दौरान थार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार करने पर व्यापारियों ने पुलिस टीम का सम्मान किया।इस अवसर पर कस्बे के व्यापारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, क्षेत्राधिकारी महावन संजीव कुमार राय, थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह, कस्बा प्रभारी इंतजार अली, उपनिरीक्षक उमेश कुमार, चौकी बिचपुरी प्रभारी कुशलपाल सिंह तथा हाईवे चौकी प्रभारी नितिन त्यागी सहित पुलिस टीम मे शामिल कर्मियों को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।व्यापारियों ने कहा कि दिनदहाड़े किशोर के अपहरण की घटना से कस्बे में चिंता का माहौल बन गया था। ऐसे में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किशोर को सकुशल बरामद किया और आरोपियों को मुठभेड़ मे गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया। पुलिस की इस कार्रवाई से व्यापारियों और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, अग्रवाल सभा अध्यक्ष भूपेश अग्रवाल, प्रतुल गंगल, अजय अग्रवाल, पंकज गुप्ता, सचिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमित अग्रवाल सहित कस्बे के अनेक व्यापारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

संत रमेश बाबा के सेवा और संघर्ष को किया नमन, गौसेवा एवं यमुना संरक्षण का लिया संकल्प

श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

मथुरा। गौमाता के संरक्षण तथा यमुना मैया की अविरल धारा और स्वच्छता के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे संत रमेश बाबा को स्वामी घाट स्थित यमुना मैया मंदिर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति एवं श्री वामन भगवान महोत्सव समिति (रजि.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में संत रमेश बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सेवा, समर्पण और संघर्षपूर्ण जीवन को नमन किया गया। श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राम गोपाल शर्मा ने कहा कि संत रमेश बाबा ने गौमाता की रक्षा और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। गौसेवा के प्रति उनकी निष्ठा और यमुना मैया की अविरल धारा के लिए उनका संघर्ष समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संत रमेश बाबा के आदर्शों को आत्मसात कर उनके सेवा कार्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संस्थापक, श्याम शर्मा ने बताया कि संत रमेश बाबा का जीवन त्याग, तपस्या और जनसेवा का अनुपम उदाहरण रहा। उन्होंने गौमाता के संरक्षण और यमुना मैया की स्वच्छता के लिए निरंतर प्रयास किए। उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों को भी समाज और प्रकृति की सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि संत रमेश बाबा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के संजय हरियाणा ने कहा कि संत रमेश बाबा ने गौसेवा और यमुना संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका संघर्ष हमें सिखाता है कि धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संत रमेश बाबा के बताए मार्ग पर चलते हुए गौमाता की रक्षा तथा यमुना मैया की स्वच्छता के लिए निरंतर प्रयास करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संचालन यमुना भक्त पंकज चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में बंसी लाल शर्मा आशीष शर्मा अजय शर्मा के के शर्मा ललित स्वामी सुनील शर्मा सर्वेश चतुर्वेदी लब्बू पंडित हरीश शर्मा शैलेश आदि मौजूद थे।

दशहरा मेला को लेकर सभा के पदाधिकारियों ने रामलीला मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थायें सुनिश्चित की

मथुरा। श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में दशहरा मेला व रावण वध की तैयारियों के संदर्भ मै सभा के पदाधिकारियों द्वारा रामलीला मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थायें सुनिश्चित की । महामंत्री मूलचन्द गर्ग ने बताया कि इस बार दशहरा मेला अत्यन्त आकर्षक होगा । रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध के मंचन के लिये १२ फुट ऊँची, ८० फुट लम्बा व १२० फुट चौड़ा मंच तैयार किया गया है रावण का पुतला ८० फुट ऊँचा एवं अहिरावण का पुतला ६५ फुट ऊँचा बनाया गया है। दशहरा मेला मंत्री अजय कान्त गर्ग ने बताया शिवाकाशी, भरतपुर व दिल्ली के आतिशबाजों द्वारा आकर्षक आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा । साथ ही इलैक्ट्रोनिक डिजिटल आतिशबाजी का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा । रामलीला मैदान में चारों ओर भव्य सजावट तथा दर्शकों के बैठने के लिये पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है । साथ ही इस वर्ष ड्रोन के द्वारा पुष्प वर्षा की बहुत ही भव्य व्यवस्था की गई है ! रामलीला मैदान में कार्यालय मंत्री संजय बिजली, अनूप टैण्ट वालों की देखरेख में मैदान की समस्त व्यवस्था की जा रही है । निरीक्षण व्यवस्था के दौरान दशहरा मेला मंत्री अजयकांत गर्ग, बाड़ा मंत्री गौरव अग्रवाल टैण्ट वाले, पं शशांक पाठक ,पं० अमित भारद्वाज, मृदुल मोहन मित्तल, विकास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, धीरज गोयल, अशोक अग्रवाल, अतुल बंसल, मोनू मुकुट वाले, नरेन्द्र मुकुट वाले, दिनेश गोयल, नितिन अग्रवाल सर्राफ, राजेश वृन्दावन, विनोद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, विवेक जी एल ए ,कृष्ण मुरारी अग्रवाल,ललित अग्रवाल,संतोष सिंघल प्रमुख रूप उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वृहद गौ संरक्षण केंद्र, ग्राम पैंठा का औचक निरीक्षण किया।

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वृहद गौ संरक्षण केंद्र, ग्राम पैंठा का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने आगामी ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौवंशों को ठंड से बचाव के उपायों हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संचालित व्यवस्थाओं, रख-रखाव और गौवंशों की देखभाल की स्थिति का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने शेड की स्थिति, स्वच्छता, पेयजल, हरा-चारा, भूसा भंडारण और पोषण की उपलब्धता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने गौवंशों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और बीमार पशुओं के उपचार की व्यवस्था के बारे में भी पूछताछ की गई। जिलाधिकारी ने गौवंशों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि बीमार गौवंशों को तत्काल उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने गौशाला प्रबन्धकों को निर्देश दिए कि अधिकाधिक हरा-चारा गौवंशों को दिया जाए। ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी गोवर्धन/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सलोनी गौतम, नायब तहसीलदार गोवर्धन जयंती, ग्राम प्रधान सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

शिक्षक समस्याओं का समाधान न होने पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने व्यक्त किया आक्रोश

मथुरा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मथुरा का प्रतिनिधि मंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति से मिला प्रतिनिधि मंडल द्वारा शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समाधान न होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा १६ अक्टूबर २०२६ को पत्र निर्गत कर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश प्रदान गए हैं जबकि जनपद में शिक्षकों की जो वरिष्ठता सूची बनाई गई है उसमें अनेक विसंगतियां हैं अत: सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के द्वारा प्रदत्त निर्देशों एवं अध्यापक सेवा नियमावली १९८१ अद्यतन संशोधित के नियम २२ के अनुसार जनपद की वरिष्ठता सूची में व्याप्त विसंगतियों को हटाते हुए वरिष्ठता सूची बनाई जाए जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शासनादेशों के अनुरूप वरिष्ठता सूची को पुन: नए सिरे से बनाने हेतु समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत ने कहा कि जनपद में शिक्षकों के विगत कई वर्षों से प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत नहीं किए गए हैं जबकि विकास खण्डों से प्रोन्नत वेतनमान के आवेदन पत्र संपूर्ण विभागीय कार्यवाही पूर्ण करते हुए आपके कार्यालय में जमा है जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दीपावली से पूर्व प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृति के आदेश निर्गत करने का आश्वासन संघ को दिया। विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं में नियुक्त शिक्षकों जिनके सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन पूर्ण हो चुके हैं उनके एरियर भुगतान के आदेश दीपावली से पूर्व निर्गत करने, १० वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृत करने, शासनादेश एवं विभागीय निर्देशों के अनुसार शिक्षकों को प्रत्येक माह की १ तारीख को वेतन का भुगतान करने, १५००० शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों की वेतन निर्धारण में विसंगति को एक वेतन वृद्धि का लाभ देने, शिक्षकों के कैशलेस चिकित्सा हेतु ऑन लाइन कार्ड विकास खंड स्तर से खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा अग्रसारित न किए जाने, मानव संपदा से शिक्षकों के विभागीय पहचान पत्र डाउनलोड करने हेतु सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देने, ६९००० शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में नियुक्त शिक्षकों के ब्रिज कोर्स हेतु अवकाश स्वीकृत करने, शिक्षकों के किसी कारण से एक दिन के रुके हुए वेतन को बहाल करने, निलंबित शिक्षकों को जांच प्रक्रिया पूर्ण होते ही तुरंत ही बहाल करने, शिक्षकों के अवकाश प्रार्थना पत्रों पर मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करने सहित अन्य शिक्षक समस्याओं से अवगत कराया जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संघ को आश्वासन दिया गया कि संघ द्वारा शिक्षकों की जो समस्याएं उनके संज्ञान में लाई गई हैं उनका शीघ्र ही समाधान कर दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रतन कीर्ति एवं वरिष्ठ खण्ड शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र त्रिपाठी का सकारात्मक दृष्टिकोण रहा । प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत जिला अध्यक्ष अतुल सारस्वत जिला महामंत्री लक्ष्मी नारायण जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द शर्मा, बदन सिंह यादव, संजीव यादव, राजीव पचौरी, बलदेव के संरक्षक राजकुमार शर्मा, मांट के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह छोकर, मथुरा के अध्यक्ष हेमन्त कुमार, राया के अध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा, बलदेव के अध्यक्ष नन्द किशोर, मंत्री शुशेन्द्र मित्तल, शैलेन्द्र वार्ष्णेय, देवेन्द्र कौशिक, राजेश चौधरी, कृष्ण कुमार चौधरी, लोकेंद्र मिश्रा, सिद्धार्थ, शिव कुमार पचौरी, हरीश चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

वोट की ताकत, लोकतंत्र की ताकत - जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पदयात्रा करेगी मुकेश धनगर

मथुरा। लोकतंत्र में जनता का वोट केवल एक मत नहीं, बल्कि देश का भविष्य तय करने की सबसे बड़ी ताकत है। इसी लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा और मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक स्तर पर पदयात्रा निकालेगी। यह पदयात्रा जनता के बीच जागरूकता फैलाने, मतदाताओं के अधिकारों की आवाज बुलंद करने और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता की मांग को मजबूती से उठाने का माध्यम बनेगी। हमारा स्पष्ट संदेश हैख्र वोट जनता का अधिकार है, किसी की मेहरबानी नहीं! लोकतंत्र में हर नागरिक के मत का सम्मान होना चाहिए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से गलत तरीके से नहीं हटना चाहिए और न ही किसी अपात्र व्यक्ति का नाम अनुचित रूप से शामिल होना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर निकलने वाली यह पदयात्रा गांव-गांव, गली-गली और जन-जन तक लोकतांत्रिक अधिकारों का संदेश पहुंचाएगी। हम जनता के बीच जाकर मतदाता सूची की जांच करने, किसी भी अनियमितता की शिकायत संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की मांग करने का कार्य करेंगे। हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की रक्षा और जनता के मताधिकार के सम्मान के लिए है। आओ हम सब एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लें। हमारी आवाज शांतिपूर्ण, संवैधानिक और जनहित के लिए समर्पित होगी। वोट हमारा अधिकार है, लोकतंत्र हमारा सम्मान है, और निष्पक्ष चुनाव की मांग हर जागरूक नागरिक की आवाज है! जय हिंद! जय संविधान! जय लोकतंत्र!

२२ अक्टूबर को विश्व ब्राह्मण परिषद का विप्र जन एवं पदाधिकारी सम्मान समारोह

वेद ध्वनियों के बीच में प्रारंभ होगा विप्र जन सम्मान समारोह वितरित किए जाएंगे पदाधिकारी को नियुक्ति प्रमाण पत्र ब्राह्मण समाज के विकास पर होगी परिचर्चा

मथुरा। ब्रजमंडल में वृंदावन धाम विश्व ब्राह्मण परिषद जिला इकाई के तत्वावधान में विप्रजन सम्मान समारोह एवं पदाधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र का आयोजन भव्य स्तर पर किया गया है। विश्व ब्राह्मण परिषद के गोवर्धन विधानसभा महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता गुरुजी बाबा साहब मा हठ योगी युवराज डॉ केशव आचार्य गोस्वामी कात्यान पचौरी ने बताया गया है कि कार्यक्रम का आयोजन श्री नंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर बांके बिहारी फाउंडेशन श्रीजी उपवन वृद्ध आश्रम के पास रामताल रोड वृंदावन २२ अक्टूबर समय ३:०० बजे से कार्यक्रम समापन तक ब्राह्मण समाज के विकास पर पर चर्चा ब्राह्मण समाज की राजनीतिक ल जागृत पर चर्चा नियुक्ति पत्र वितरण आदि कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें विभिन्न प्रदेशों से ब्राह्मण समाज के विद्वंजन कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे समस्त ब्राह्मण समाज कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और ब्राह्मण समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाज से नष्ट करने के लिए अपना सहयोग दें और विद्वान ब्राह्मण समाज के उद्गारों से समाज को लाभान्वित कराया जाएगा।

नौटंकी को फिर से मिला राष्ट्रीय सम्मान

मथुरा। मथुरा जनपद के गाँव हुलवाना (छाता) निवासी गजेन्द्र सिंह मैथिल को सङ्गीत नाटक अकादमी नई दिल्ली ने देश के प्रतिष्ठित पुरस्कार बिस्मिल्ला खां युवा पुरस्कार-२०२४ से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान उन्हें उत्तर भारत के लोकनाट्य नौटंकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु केंद्रीय संस्कृति मंत्री माननीय गजेन्द्र सिंह शेखावत, डॉ. सन्ध्या पुरेचा (अध्यक्ष- केंद्रीय सङ्गीत नाटक अकादमी,नई दिल्ली) के कर कमलों द्वारा प्रदान किये गया जिसमें उन्हें २५ हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। गजेन्द्र सिंह मैथिल को इस राष्टीय पुरस्कार के मिलने से उनके चाहने वाले और नौटंकी से जुड़े कलाकारों में हर्ष की लहर व्याप्त है। गजेन्द्र सिंह ने इसे नौटंकी जगत से जुड़े हर व्यक्ति का सम्मान बताया है। इस अवसर पर उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय लोकनाट्य विशेषज्ञ व सङ्गीत नाटक अकादमी पुरस्कार-२०१४ विजेता आचार्य डॉ. खेमचन्द यदुवंशी शास्त्री, आकाशवाणी के टॉप ग्रेड लोकगायक व भागवताचार्य पण्डित दामोदर शर्मा, सुप्रसिद्ध गजलकार डॉ. श्रीगोपाल शर्मा, वरिष्ठ नौटंकी कलाकार विष्णु दत्त वशिष्ठ, चौधरी रामहेत सिंह, मास्टर गणपतलाल, प्रकाश सिसोदिया,होतीलाल पाण्डेय, लेखराज बैनीवाल, कृष्णा कुमारी माथुर, जाफरी बेगम, सरिता चौधरी, हेमा ब्रजवासी, पद्मश्री पण्डित रामदयाल शर्मा आदि ने बधाई दी है। मथुरा जनपद की तहसील छाता के गाँव हुलवाना में लखीराम मैथिल एवं शांतिदेवी घर सन १९९१में जन्मे गजेन्द्र सिंह मैथिल के अंतर्गत बचपन से नौटंकी विधा के प्रति गहरी रुचि थी इसलिए साल की उम्र से ही रंगमंच की विधा नौटंकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए अपने ही गाँव के पंडित श्रीराम शर्मा देशल जी से नौटंकी गायन एवं पैरपेटी हारमोनियम वादन की शिक्षा मात्र सात वर्ष की आयु से ग्रहण की और विभिन्न मंचों पर प्रस्तुति देना प्रारंभ किया।आपने नौटंकी के महान गुरु हुकुम चन्द वार्ष्णेय (छाता), पद्मश्री पंडित राम दयाल शर्मा (नई दिल्ली), पंडित विष्णु दत्त शर्मा (चिरवाड़ी-हरियाणा) से भी नौटंकी की बारीकियों को सीखा। वर्तमान में आप भारतीय पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय गोरखपुर के कार्यालय-अधीक्षक के पद पर कार्यरत है तथा आकाशवाणी दिल्ली एवं मथुरा बी हाई ग्रेड के कलाकार हैं।

विजयदशमी पर्व को लेकर डीएम, एसपी ने रावण दहन स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण

शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दशहरा पर्व मनाने की अपील

हाथरस। विजयदशमी पर्व के दृष्टिगत आगरा रोड स्थित एमज़ी. पॉलीटेक्निक ग्राउंड रावण दहन स्थल का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रावण दहन कार्यक्रम में आने वाले श्रद्वालुओं एवं दर्शकों की संभावित भीड़ को देखते हुए क्राउड कंट्रोल, यातायात व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही स्थल पर आने वाले लोगों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने रावण दहन के दौरान आग से बचाव एवं किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय रखी जाए तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका हाथरस सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

1974 में डाक विभाग ने रावण पर भी किया था डाक टिकट जारी

हाथरस। विजयदशमी के पर्व पर बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया जाता है। बुराई को रावण की संज्ञा दी जाती है लेकिन हमारा देश ऐसा सहिष्णु देश है वह दुश्मन की स्मृति को भी जीवित रखना जानता है। डाक टिकट विभाग ने सन 1974 में रावण पर भी डाक टिकट जारी किया। यह टिकट हाथरस शहर के डाक टिकट संग्रहकर्ता शैलेंद्र वार्ष्णेय सर्राफ के संग्रह में मौजूद है। सदियों से रावण को बुराई का प्रतीक मानते आ रहे हैं उसे महापापी भी बताया गया है, लेकिन हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता यह रही है कि हम किसी की बुराई को उजागर करती है तो अच्छाई को भी सम्मानजनक स्थान देते हैं। रावण को ज्ञानी भी बताया गया है इसलिए भारत सरकार ने रावण के सम्मान में जब डाक टिकट निकाला तो उसके साथ सूर्य चंद्र व नरसिंह भगवान पर डाक टिकट

जारी किया। यह चारों डाक टिकट एक ही दिन जारी हुई जिसमें सूर्य भगवान की डाक टिकट की कीमत 20 पैसे चंद्र भगवान की डाक टिकट की कीमत 50 पैसा तथा नरसिंह भगवान की डाक टिकट की कीमत 1 रुपये थी। इसका मतलब डाक टिकट कीमतों पर भी रावण को अधिक सम्मान दिया गया। इन डाक टिकटों का लिफाफा प्रमुख रूप से रावण के फोटो से भी संवारा गया है। इस संबंध में शैलेंद्र सर्राफ ने कहा है की रावण ने भगवान राम के हाथों मरकर अपने आपका व अपने परिजनों का उद्वार कर मोक्ष प्राप्त कर लिया।

जनपद हाथरस की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन, राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न

हाथरस। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं निर्धारित गाइडलाइन्स के अनुरूप जनपद हाथरस की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के उपरांत मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन 19 अक्टूबर 2026 के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों एवं गाइडलाइन्स के अनुपालन में जनपद की समस्त तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों का सम्भाजन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-25 के अंतर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 78-हाथरस (अज़ा), 79-सादाबाद एवं 80-सिकन्दराराऊ के मतदेय स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार 19 अक्टूबर 2026 को किया गया है। जिसकी प्रति सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी गयी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आलेख्य रूप से प्रकाशित मतदेय स्थलों की सूचियां संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों अर्थात तहसील कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, हाथरस में जनसामान्य के निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से कहा है कि मतदेय स्थलों की सूची के संबंध में कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो, तो 25 अक्टूबर 2026 तक संबंधित प्रकाशन स्थलों पर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विचार किया जाएगा।

बैठक के दौरान भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजय सिकरवार, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेक उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी सुनील वर्मा एडवोकेट, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकपूर, सीपीआई (एम) के जिला सचिव श्याम सिंह वर्मा, अपर जिलाधिकारी वि/रा. प्रशांत तिवारी, समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विजयदशमी पर श्री राधाकृष्ण कृपा भवन में आज होगा भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह

विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियां होंगी सम्मानित

हाथरस। विजयदशमी के पावन पर्व पर श्री राधाकृष्ण कृपा भवन, आगरा रोड एवं पद्मश्री काका हाथरसी द्वारा स्थापित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ब्रज कला केंद्र, हाथरस शाखा के वार्षिकोत्सव के अवसर पर 20 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, साहित्यकारों, समाजसेवियों, पत्रकारों तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सत्यप्रकाश पटेल एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा की उपस्थिति में होगा। मुख्य विकास अधिकारी पीएन. दीक्षित एवं उप जिलाधिकारी, हाथरस सदर राज बहादुर सिंह का सानिध्य प्राप्त होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी प्रशांत तिवारी एवं प्रकाश चंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा, जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रद्युम्न गुप्ता, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार, अधिशासी अधिकारी संजीव कुमार, एआरटीओ लक्ष्मण प्रसाद तथा नगर पालिका परिषद, हाथरस के अधिशासी अधिकारी रोहित सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की भतीजी मरियम अंसारी एवं पुणे से अमित कोरडे की उपस्थिति प्रस्तावित है। समारोह की अध्यक्षता संत तुलसी साहिब आश्रम के वर्तमान गद्दीधर महंत गुरु लोचन दास जी महाराज करेंगे। कार्यक्रम के संरक्षक एवं निदेशक डा॰राजेंद्र कृष्ण अग्रवाल, कुलपति एवं अध्यक्ष, ब्रज संगीत विद्यापीठ, नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं दायित्वों की शपथ दिलाएंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य ऊषा गुप्ता एवं धर्मसेवी नन्नूमल गुप्ता का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। कृष्णगोपाल वार्ष्णेय एवं कैलाश कुमारी स्मृति सम्मान से विभूतियां को सम्मानित किया जाएगा। श्री राधाकृष्ण कृपा भवन के संस्थापक स्मृतिशेष कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय 'नेताजी' की स्मृति में प्रदान किया जाने वाला कृष्णगोपाल वार्ष्णेय स्मृति सम्मान राजकुमार वार्ष्णेय को प्रदान किया जाएगा। वहीं संस्थापिका स्मृतिशेष कैलाश कुमारी की स्मृति में दिया जाने वाला कैलाश कुमारी स्मृति सम्मान सरिता वार्ष्णेय को प्रदान किया जाएगा। समारोह में मेला श्री दाऊजी महाराज एवं रामलीला कमेटी से जुड़े प्रतिनिधियों, साहित्यिक सहयोगियों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के सम्मानित पत्रकार बंधुओं तथा शहर के सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय गणमान्य नागरिकों का भी सम्मान किया जाएगा। इस आयोजन में काका हाथरसी स्मारक समिति, राष्ट्रीय कवि संगम, ब्रज कला अकादमी, संस्कार भारती, साहित्य संगम, अपना घर आश्रम, ज्ञान कल संजीवनी समिति, द्रौपदी देवी गुलजारी लाल 'कातिल' चौरिटेबल ट्रस्ट तथा कैलाश कुमारी कृष्ण गोपाल मेमोरियल ट्रस्ट सहित शहर की विभिन्न साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थाएं सहयोगी की भूमिका निभाएंगी। कवि सम्मेलन का संचालन वरिष्ठ आशुकवि अनिल बोहरे करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत रावण दहन तथा पधारे भगवान श्रीराम-जानकी परिवार, श्री हनुमान जी एवं मां काली की पूजा-अर्चना के साथ समारोह का समापन होगा।

भक्तों ने धूमधाम से मनाई महानवमी

देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का लगा तांता, दिखा श्रद्धा और आस्था का संगम

हाथरस। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिन महानवमी का पर्व सोमवार को श्रद्वा और आस्था के साथ मनाया गया। देवी मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों का तांता लग गया। भक्तों ने घर-घर में हवन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया भक्तों ने मंदिरों में पूड़ी, चना, हलवा से देवी का भोग लगाया गया। वहीं, घरों में कन्याओं को पूज कर भोज खिलाया गया। वहीं कुछ लोगों के द्वारा मंगलवार को भी महानवमी पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान शहर के प्रमुख मंदिरों में देवी के मनोहारी श्रृंगार की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालु उमड़ते रहे। पूरा वातावरण देवी के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने पिछले आठ दिनों से इस दिन का इंतजार किया था। जिन श्रद्वालुओं ने उपवास रखा था, उन्होंने प्रसाद ग्रहण कर उपवास खोला। मंदिरों में भक्तों ने देवी का जलाभिषेक किया और लौंग, गुग्गल, कपूर, सिंदूर, पुष्प आदि सामग्री से उनकी पूजा की। भीड़भाड़ वाले प्रमुख मंदिरों में शीतला देवी मंदिर, बौहरे वाली देवी मंदिर, रमनपुर स्थित मां चामुंडा मंदिर, चामड़ गेट स्थित मां चामुंडा मंदिर, अलीगढ़ रोड स्थित मां कंकाली मंदिर, हाथरसी देवी मंदिर, बिसाना स्थित मां तारागढ़ मंदिर, सहपऊस्थित मां भद्रकाली मंदिर, पथवारी माता मंदिर आदि पर श्रद्वालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इससे पहले रात में भक्तों ने परिक्रमा भी लगाई, जिससे वातावरण में भक्ति का अद्‌भुत समा बंध रहा।

माँ कात्यायनी मंदिर पर आज भव्य फूलबंगला, छप्पन भोग एवं महाआरती

हाथरस। अलीगढ़-आगरा बाईपास स्थित जोगिया के बाँके बिहारी एन्क्लेव में नवनिर्मित सिद्वपीठ माँ कात्यायनी नवदुर्गा मंदिर में दस दिन से चल रहे भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन भव्य फूलबंगला, छप्पन भोग के दर्शन होंगे, वहीं महाप्रसादी का भी आयोजन किया जा रहा है। कात्यायनी मन्दिर पर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अन्तिम दिन मंगलवार को मंदिर परिसर में महाआरती, भव्य फूलबंगला एवं छप्पन भोग के दर्शन होंगे। इसके साथ ही विशाल भंडारा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माँ साध्वी परमशक्तिपीठ, श्रीधाम वृंदावन तथा नाभापीठाधीश्वर जगद्‌गुरु सुतीक्ष्ण दास देवाचार्य महाराज, सुदामाकुटी, श्रीधाम वृंदावन का आगमन होगा। इस पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ब्रज प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र का विशेष सानिध्य भी रहेगा। यह जानकारी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के मीडिया प्रभारी आशीष सेंगर ने दी है।

लार्ड कृष्णा विद्यालय में साप्ताहिक गतिविधियों का हुआ आयोजन

हाथरस। मथुरा रोड स्थित लार्ड कृष्णा विद्यालय में साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं तकनीकी जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डिजिटल अवेयरनेस गतिविधि का आयोजन किया गया। सब जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने आकर्षक वेशभूषा एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया, वहीं जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने डिजिटल तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की समझ दिखाई। प्रतियोगिताएं कृष्णा, केशव, गोविंद और माधव सदनों के बीच आयोजित हुई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में सब जूनियर वर्ग में कक्षा 1 से क्षमिता मदनावत प्रथम, पावनी शर्मा व वैष्णवी द्वितीय। कक्षा 2 से आर्य प्रथम व अनमोल द्वितीय स्थान पर रहे। जूनियर वर्ग से माधव चौधरी कृष्णा हाउस प्रथम, पल्लवी गौतम माधव हाउस व प्रियल राना गोविंद हाउस द्वितीय वहीं सीनियर वर्ग से महक राना केशव हाउस प्रथम, आकांक्षा कृष्णा हाउस द्वितीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने कहा कि ऐसी गतिविधियों विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें तकनीकी युग की चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहायक होती है। उन्होंने सफल छात्रों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर सीखने और डिजिटल तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर गौड़, अरविंद पाठक, ज्योति सिंह, तरुणा वशिष्ठ, लक्ष्मी शर्मा, हेमलता गौड़, मनीषा वर्मा, धर्मेंद्र गोस्वामी, अंजना शर्मा, चंबल शर्मा, स्वतंत्र भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

नप्सा स्पोर्ट्स फिएस्टा में नारायण इंटरनेशनल स्कूल बना एथलेटिक्स का ओवरऑल चैंपियन

40 विद्यालयों के बीच सादाबाद के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, भाला फेंक और डिस्कस थ्रो में जीते स्वर्ण व रजत पदक

सादाबाद। नप्सा स्पोर्ट्स फिएस्टा-2026 में एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए नारायण इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। आगरा स्थित द इंटरनेशनल स्कूल (टीसा) में नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल्ज एसोसिएशन (नप्सा) के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने एथलेटिक्स की ओवरऑल चैंपियनशिप जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में 40 प्रमुख विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग की जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) स्पर्धा में नारायण इंटरनेशनल स्कूल के मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि गौतम ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। डिस्कस थ्रो में प्रदीप चैधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, वहीं अनमोल चैधरी ने दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। बालिका वर्ग की डिस्कस थ्रो स्पर्धा में श्रेया सोलंकी ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नप्सा अध्यक्ष संजय तोमर, जिम

कॉर्बेट स्कूल के चेयरमैन आरके राघव, सचिव राजपाल सोलंकी, लोकपाल सिंह, कोषाध्यक्ष मोहित बंसल, आर्यभट्ट स्कूल की प्रधानाचार्या वृंदा रानी, नारायण इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ. हरीश चैधरी, खेल संयोजक सुमनलता यादव और डॉ. फिरोज खान ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र और ओवरऑल चैंपियनशिप की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर लौटने पर विजेता खिलाड़ियों का शिक्षकों और सहपाठियों ने जोरदार स्वागत किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नीतू सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विद्यालय के खिलाड़ी पिछले तीन वर्षो से नप्सा फिएस्टा की खो-खो, ताइक्वांडो, कबड्डी और एथलेटिक्स स्पधाओं में लगातार पदक और ट्रॉफी जीत रहे हैं। इसके अलावा सीबीएसई क्लस्टर और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के खिलाड़ियों ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

इस उपलब्धि पर उप प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, कोऑर्डिनेटर करिश्मा सिन्हा, सनी गुप्ता और अभिषेक सारस्वत सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

चित्रकार हाथरसी की कलाकृति आधुनिक दुर्गा में दिखी नारी शक्ति और सामाजिक न्याय की झलक

पारंपरिक देवी स्वरूप के जरिए समकालीन चुनौतियों, समानता और अन्याय के प्रतिरोध को दी कलात्मक अभिव्यक्ति

सादाबाद। नारी शक्ति केवल आराधना का विषय नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा भी है। इसी विचार को रंगों और प्रतीकात्मक दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया है भारतीय कला-अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय सादाबाद के डॉ. भेद प्रकाश सिंह ह्यचित्रकार हाथरसीह्न ने। नवदुर्गा पूजन के अवसर पर तैयार उनकी मिश्रित माध्यम (मिक्स मीडिया) से हस्तनिर्मित कागज पर निर्मित कलाकृति आधुनिक दुर्गा नारी शक्ति, सामाजिक न्याय और मानवीय संवेदना के सवालों को प्रभावशाली ढंग से सामने रखती है। डॉ. भेदप्रकाश सिंह ने बताया कि कलाकृति में मां दुर्गा की



विशाल और सजग दृष्टि के माध्यम से समाज की सामूहिक चेतना तथा उसके उत्तरदायित्व को प्रतीकात्मक रूप में दशार्या गया है। न्याय की तराजू, संघर्षरत स्त्री, श्रमशील जनजीवन और नृत्यरत आकृति जैसे दृश्य-तत्त्व आधुनिक सामाजिक परिस्थितियों से संवाद स्थापित करते हैं। इन प्रतीकों के माध्यम से कलाकार ने समाज में न्याय, समानता और मानवीय मूल्यों के महत्व को रेखांकित करने का प्रयास किया है। डॉ. सिंह ने देवी दुर्गा के पारंपरिक स्वरूप को समकालीन नारी के जीवन और उसकी चुनौतियों से जोड़ते हुए यह संदेश दिया है कि नारी शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं है। यह अन्याय का प्रतिरोध करने, सामाजिक असमानताओं के खिलाफ खड़े होने और समानता की स्थापना के लिए प्रेरित करने वाली शक्ति भी है।

राम नवमी पर घर-घर हुआ कन्या-लांगुरा पूजन, कराया भोजन

सादाबाद। राम नवमी के पावन अवसर पर मंगलवार को सादाबाद में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। घर-घर माता रानी की पूजा-अर्चना के बाद कन्या-लांगुरा पूजन किया गया। लोगों ने कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर विधि-विधान से पूजन किया और उन्हें भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा भेंट की। सुबह से ही कन्या-लांगुरों को जिमाने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों की टोलियां एक घर से दूसरे घर जाती नजर आईं। श्रद्धालुओं ने कन्याओं के पैर धोकर, तिलक लगाकर और चुनरी व अन्य उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। घरों में हलवा, चना और पूड़ी का प्रसाद तैयार किया गया। नवरात्र के अंतिम दिन कन्या-लांगुरा पूजन के साथ श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

नौकायन में रजत पदक जीतने पर सौरभ चैधरी का किया सम्मान

विधायक प्रदीप चैधरी ने गांव रमचेला पहुंचकर साफा पहनाया, स्मृति चिह्न भेंट कर बढ़ाया उत्साह

सादाबाद। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर रजत पदक जीतकर गांव रमचेला और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले युवा खिलाड़ी सौरभ चैधरी का गांव पहुंचने पर सम्मान किया गया। सादाबाद विधायक प्रदीप चैधरी उर्फ गुड्डू भैया ने गांव रमचेला पहुंचकर खिलाड़ी का साफा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए विधायक ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। ग्राम रमचेला निवासी सौरभ चैधरी ने एशियन गेम्स की रोइंग (नौकायन) प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर विधायक प्रदीप चैधरी ने बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना बड़ी उपलब्धि है। सौरभ ने अपनी मेहनत और

लगन से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विधायक ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की है। सौरभ की सफलता क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान ग्राम प्रधान महाराज सिंह, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि कुरसंडा आकाश, दीपू चैधरी, महिपाल सिंह, साहुकार सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

सादाबाद। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को सादाबाद कोतवाली की महिला डेस्क में मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी उपायों और शासन की ओर से संचालित हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार प्रतीक्षा कटारा, सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण, कोतवाली प्रभारी विजय कुमार सिंह, मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह और महिला उपनिरीक्षक रीता गौतम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्हें महिला संबंधी अपराधों से बचाव, कानूनी

अधिकारों तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में पुलिस से सहायता प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी गई।

अभियान के दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने के उपाय भी बताए गए।

महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी आपातकालीन स्थिति में बिना संकोच पुलिस की सहायता लेने और अपने साथ होने वाले अपराध या उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई। मौके पर आशा व आंगनबाडी कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं।

मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारी तेज, चार जनवरी को होगा अंतिम प्रकाशन

बीएलओ की गैरहाजिरी पर होगी कार्रवाई-जिलाधिकारी फिरोजाबाद

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आगामी विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाने के साथ नए मतदाताओं के नाम जोड़ने पर जोर दिया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 24 अक्टूबर को विशेष पुनरीक्षण अभियान, 31 अक्टूबर को डाटा फ्रीज, 2 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन, 12 नवंबर से 12 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां तथा 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 1 जनवरी 2027 को अर्हता तिथि मानते हुए 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। जिले में मतदाता स्थलों की संख्या 2181 से बढ़कर 2191 हो गई है। विधानसभा क्षेत्रवार टूंडला में 472, जसराना में 467, फिरोजाबाद में 439, शिकोहाबाद में 413 और सिरसागंज में 400 मतदाता स्थल निर्धारित हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं संशोधन की प्रक्रिया सरल रखी गई है। इसके लिए निर्धारित फॉर्म के साथ आधार कार्ड या अन्य वैध पहचान पत्र का उपयोग किया जा सकता है। एसआईआर के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक एवं डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन का कार्य भी तेजी से जारी है, ताकि किसी वास्तविक मतदाता का नाम सूची से न छूटे। उन्होंने सभी बीएलओ को अपने निर्धारित बूथों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित बीएलओ के विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला महासचिव कांग्रेस शैलेंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अशोक यादव, सपा जिला सचिव चरण सिंह यादव, बसपा के एबरन सिंह जाटव व अखिलेश कुमार, सीपीआईएम महामंत्री नवल सिंह एडवोकेट, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप लोधी, जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह सहित मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल, समस्त उपजिलाधिकारी और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

पर्ल्स निवेशकों की लड़ाई जारी, 25 अक्टूबर को शिकोहाबाद में होगा राष्ट्रीय निवेशक सम्मेलन

फिरोजाबाद। पर्ल्स निवेशकों की डूबी रकम की वापसी और भुगतान संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 अक्टूबर 2026 को शिकोहाबाद स्थित बाबा तूफानी गेस्ट हाउस, एटा चौराहा पर राष्ट्रीय निवेशक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के संबंध में अमित गर्ग एडवोकेट ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। अमित गर्ग ने बताया कि 22 अगस्त 2014 को सेबी द्वारा पर्ल्स कंपनी पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से निवेशक अपनी मेहनत की कमाई वापस पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 2 फरवरी 2016 को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर निवेशकों के भुगतान के लिए लोढ़ा कमेटी गठित की गई थी। इसका उद्देश्य कंपनी की संपत्तियों को बेचकर निवेशकों को उनकी रकम लौटाना था, लेकिन लगभग दस वर्ष बीतने के बाद भी बड़ी संख्या में निवेशक भुगतान से वंचित हैं। उनके अनुसार, करीब पांच करोड़ निवेशकों में से अब तक कुछ लाख निवेशकों को ही भुगतान मिल पाया है। उन्होंने सेबी के हवाले से कंपनी पर लगभग 50 हजार करोड़ रुपये की देनदारी होने की बात कही। उन्होंने बताया कि निवेशकों के भुगतान की मांग को लेकर पूर्व में जन आंदोलन, भूख हड़ताल, बाइक रैली, पैदल मार्च और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किए जा चुके हैं। सेबी की ओर से भुगतान प्रक्रिया के लिए चाब्स त्मानिदक वेबसाइट भी बनाई गई थी, जिस पर निवेशकों ने अपने बॉन्ड और जरूरी दस्तावेज जमा किए। इसके बावजूद अनेक निवेशकों को आधा-अधूरा भुगतान मिलने की शिकायत है। अमित गर्ग एडवोकेट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोगों की मेहनत की कमाई कंपनी में लगी हुई है, लेकिन भुगतान प्रक्रिया से जुड़ी पूरी जानकारी उन तक नहीं पहुंच पा रही है। इसी उद्देश्य से सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दूर-दराज से एजेंट और कार्यकर्ता पहुंचकर भुगतान संबंधी जानकारी प्राप्त करेंगे। सम्मेलन में हरियाणा से सुरेश जांगड़ा, मुरादाबाद से रवि शंकर गौतम, कानपुर से विकास त्रिपाठी, लखनऊ से डॉ. राम सागर शुक्ला और मथुरा से रामदेव गौतम सहित अन्य लोगों के शामिल होने की जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता में डॉ. निजामुद्दीन खान, जेपी शर्मा, डॉ. नवीन विद्यार्थी, पूनम गौतम, सुनीता और सुनील शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मां कैला देवी मंदिर में सप्तमी पर सजा भव्य फूल बंगला, हुआ विशाल देवी जागरण

छप्पन भोग के दर्शन कर भावविभोर हुए श्रद्धालु, भजनों और धार्मिक झांकियों से गूंजा मंदिर परिसर

फिरोजाबाद। मां राजराजेश्वरी कैला देवी मंदिर में सप्तमी के पावन अवसर पर मां राजराजेश्वरी कैला देवी सायंकालीन आरती समिति द्वारा विशाल देवी जागरण, भंडारा, छप्पन भोग एवं भव्य फूल बंगला का आयोजन किया गया। मां के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। देर रात तक भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। राजस्थान के करौली के पंजीकृत भगत हरिओम शर्मा तुल्ली ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। देवी जागरण में गायिका प्रीति शर्मा, दीक्षा शर्मा, सुरेंद्र परमार एवं मोनू शर्मा ने मां की भेंट प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मथुरा-वृंदावन से आए कलाकारों की आकर्षक धार्मिक झांकियां विशेष आकर्षण रहीं। भक्तिमय भजनों और मां के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग एवं फूल बंगला के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पीयूष अग्रवाल, रीतेश अग्रवाल, राहुल कुमार, अंकित वर्मा योगाचार्य, निखिल वार्ष्णेय, आकाशदीप, शिवांशु श्रीवास्तव, संजय शर्मा, मनीष अग्रवाल, संदीप पोरवाल, सौरभ मित्तल, अभिषेक शर्मा, आनंद अग्रवाल सहित समिति के सदस्यों एवं अनेक भक्तों का सहयोग रहा।

श्रीमद्भागवत कथा में अंकुर यादव अंकी भैया ने बढ़ाया सेवा का संकल्प, कन्याओं-संतों का किया सम्मान

फिरोजाबाद। जसरान के ग्राम झपारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भारतीय समाज सेवा फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष अंकुर यादव उर्फ अंकी भैया ने अपनी सक्रिय सहभागिता से सामाजिक सेवा और धार्मिक आयोजनों के प्रति समर्पण का संदेश दिया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह के निर्देश पर पहुंचे पदाधिकारियों ने प्रदेश उपाध्यक्ष जसवीर शरण महाराज के नेतृत्व में फाउंडेशन के कार्यों एवं उद्देश्यों को जनमानस के सामने रखा।

जसवीर शरण महाराज ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश सुनाते हुए जरूरतमंदों की हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

इस अवसर पर कलश धारण करने वाली कन्याओं, संत-महात्माओं एवं व्यास मंडल का स्वागत-सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष अंकुर यादव उर्फ अंकी भैया की मौजूदगी ने कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता और सेवा भावना को मजबूती प्रदान की।

कार्यक्रम में आयोजन समिति अध्यक्ष मनोज कुमार, युवा जिलाध्यक्ष योगेश कुमार, तहसील अध्यक्ष अभय कुमार, युवा तहसील उपाध्यक्ष ऋषभ यादव सहित फाउंडेशन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

आगरा खंड स्नातक-शिक्षक चुनाव को लेकर डीएम ने दिए सख्त निर्देश, सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सौंपी जिम्मेदारी

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार दोपहर आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2026 की तैयारियों को लेकर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की समीक्षा बैठक हुई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी मजिस्ट्रेट निर्वाचन प्रक्रिया के नियमों, तकनीकी व कानूनी पहलुओं की पूरी जानकारी रखें, ताकि मतदान के दौरान पीठासीन अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकें। उन्होंने मतदान से पूर्व पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतदान सामग्री की उपलब्धता और मतदान केंद्रों पर सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान शुरू कराने और समापन की प्रक्रिया सेक्टर मजिस्ट्रेटों की उपस्थिति में संपन्न कराने तथा मतदान के बाद सभी पीठासीन अधिकारियों के साथ निर्वाचन सामग्री जमा कराने को कहा। बैठक में सीडीओ शत्रोहन वैश्य, एडीएम कल्पना जायसवाल, समस्त एसडीएम और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

फिरोजाबाद में यातायात पुलिस का बड़ा अभियान, 503 वाहनों के चालान, एक बाइक सीज

फिरोजाबाद। एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में यातायात पुलिस ने सोमवार शाम विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की। अभियान में अधिक सवारी बैठाने वाले 52 ऑटो-ई-रिक्शा, ओवरस्पीड के 153 वाहनों समेत कुल 503 वाहनों के चालान किए गए, जबकि एक मोटरसाइकिल सीज की गई। इसके अलावा 12 स्लीपर व निजी बसों की जांच की गई। पुलिस ने हेलमेट, सीट बेल्ट, निर्धारित गति सीमा और नशे में वाहन न चलाने के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

शिक्षक-स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक, तैयारियों पर मंथन

फिरोजाबाद। शिक्षक एवं स्नातक खंड निर्वाचन को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सदर विधायक मनीष असीजा के आवास पर सोमवार शाम 5 बजे करीब आयोजित बैठक में महानगर प्रभारी विवेक सारस्वत और महानगर जिलाध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर की मौजूदगी में चुनावी रणनीति, मतदाताओं से संपर्क और संगठनात्मक समन्वय पर चर्चा हुई। बैठक में पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों को चुनावी तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया। इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह बाबा, स्नातक खंड संयोजक विवेक अग्रवाल, शिक्षक खंड संयोजक विष्णु सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार, दो जिंदा कारतूस बरामद

फिरोजाबाद। जसराना थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर मस्तपुर में पत्नी सुशीला देवी की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी भुवनेश उर्फ भोले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को मुस्तफाबाद-शिकोहाबाद तिराहे से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर 315 बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए। मामले में आर्म्स एक्ट की धारा की बढ़ोतरी करते हुए पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार, तमंचा और कारतूस बरामद

फिरोजाबाद। थाना मटसेना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित अभियुक्त रॉकी उर्फ शिवेन्द्र निवासी रसीदपुर कनैटा को दबरई से फिरोजाबाद जाने वाली सर्विस रोड पर सैनिक कैंटीन के आगे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। कार्रवाई थानाध्यक्ष विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

ट्रांसफार्मर से कॉपर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

मोबाइल में मिली ट्रांसफार्मरों की रेकी की वीडियो, चोरी की कॉपर और नकदी बरामद

कासगंज। शहर के रेलवे मालगोदाम यार्ड स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर चोरी करने के मामले में आरपीएफ ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से आठ किलोग्राम चोरी की कॉपर और उसे बेचकर मिले 3500 रुपये बरामद किए हैं। आरोपी के मोबाइल में राजस्थान के दो स्थानों पर लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों की रेकी की वीडियो भी मिली हैं। पूछताछ में उसने साथियों के साथ मिलकर कई अन्य चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है।गत 17 अगस्त 2026 को कासगंज स्टेशन के मालगोदाम यार्ड स्थित रेलवे विद्युत ट्रांसफार्मर से करीब 17 किलोग्राम कॉपर बाइंडिंग चोरी हुई थी। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। भौतिक साक्ष्यों और सटीक जानकारी के आधार पर आरपीएफ ने सोमवार सुबह करीब 4रू15 बजे आकाश यादव पुत्र कन्हैयालाल निवासी गिरधरपुर, थाना दादों, जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने 19 सितंबर को दरी अलाऊ गांव में ट्यूबवेल से विद्युत उपकरण, छर्रा क्षेत्र में खेत से अल्टरनेटर तथा एक और 17 अक्तूबर को पाली मुकीमपुर क्षेत्र में बीएसएनएल मोबाइल टावरों से विद्युत उपकरण चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी और उसके गिरोह के खिलाफ विभिन्न थानों में ट्रांसफार्मर चोरी समेत संगठित अपराध के करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। एटा के मलावन थाने में गैंगस्टर एक्ट का मामला भी दर्ज है। पुलिस ने आरोपी द्वारा बताए गए साथियों की तलाश शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेश कुमार मीणा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

रावण दहन कार्यक्रम से पहले प्रभु पार्क की सुरक्षा व्यवस्था परखी

एसपी ने अधिकारियों को दिए सतर्कता बरतने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

कासगंज। रावण दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए कासगंज पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने कोतवाली कासगंज क्षेत्र के प्रभु पार्क में आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से आकलन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। भीड़ को नियंत्रित रखने, यातायात सुचारु बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि सार्वजनिक आयोजनों के दौरान पुलिसकर्मी सतर्क दृष्टि बनाए रखें, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सके और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चैहान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कासगंज जगदीश चंद्र सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कासगंज पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

फिरोजाबाद में पहली बार लाखों चूड़ियों से मां दुर्गा का अद्भुत सुहाग श्रृंगार, भक्तों में उमड़ा उत्साह

फिरोजाबाद। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर महानवमी पर्व पर गणेश नगर स्थित श्री शिव मंदिर में मां भगवती दुर्गा जी का लाखों चूड़ियों से भव्य सुहाग श्रृंगार किया गया। नगर में पहली बार हुए इस अनूठे श्रृंगार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। आचार्य श्री आनंद शर्मा जी की प्रेरणा से भक्ति पथ आस्था परिवार महिला मंडल की सदस्याओं ने इस दिव्य आयोजन को साकार किया। इसमें श्रीमती पूनम अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, कनिका मित्तल, चारुल अग्रवाल, ममता गुप्ता, भावना मित्तल, रितु तिवारी, राखी तिवारी सहित अन्य सदस्याओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। समस्त गणेश नगर निवासियों के अभूतपूर्व सहयोग से संपन्न इस भव्य आयोजन ने नवरात्रि की भक्ति और आस्था को विशेष स्वरूप प्रदान किया। मां भगवती के मनमोहक चूड़ी श्रृंगार के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ नवरात्र का समापन

नवाब तरोरा चामुंडा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, कन्या पूजन कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

कासगंज। जनपद कासगंज में इन दिनों नवरात्र की धूम मची हुई है। नवरात्र के नौवें दिन सोमवार को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही नौ दिवसीय नवरात्र अनुष्ठान का समापन हो गया। नवमी के अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक देवी मंदिरों में विशेष सजावट और श्रृंगार किया गया। कासगंज के नवाब तरोरा स्थित चामुंडा मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं ने विशेष रूप से मां के दर्शन किए और नारियल, चुनरी सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर परिवार की मंगलकामना की। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और माता के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। मां सिद्धिदात्री को सभी सिद्धियों और सफलताओं की दात्री माना जाता है। मान्यता के अनुसार, नवमी के दिन मां की पूजा करने से भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाया। वहीं, नवरात्र का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में हवन-पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन में आहुतियां देकर अनुष्ठान की पूर्णाहुति की गई। इसके बाद नौ दुर्गा के स्वरूप में कन्याओं का पूजन कर उन्हें हलवा, पूड़ी, चना और खीर का प्रसाद खिलाया गया। कन्याओं को दक्षिणा और उपहार देकर श्रद्धालुओं ने व्रत का पारण किया। इस तरह जिले में श्रद्धा और भक्ति के साथ नवरात्र पर्व संपन्न हुआ।

101 मरीजों के नेत्रों का हुआ परीक्षण, 10 मोतियाबिंद से पीडित मिले

कासगंज/गंजडुंडवारा। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान गोवर्धन रोड जचैंदा ने थियोब्रोमा और हेल्पएज इंडिया के सहयोग से नेत्र चिकत्सा शिविर लगाया गया। शिविर नगर पालिका परिसर में संपंन हुआ। इस दौरान 101 मरीजों ने पंजीकरण कराया। वरिष्ठ चिकित्सकों पंजीकृत सभी मरीजों के नेत्रों का परीक्षण किया। इस दौरान 10 मरीज मोतियाबिन्द से पीडित मिले। जिन्हें निशुल्क आपरेशन के लिए कल्याणं करोति नेत्र चिकित्सा संस्थान गोवर्धन रोड जचैंदा भेज दिया गया। शिविर में डा. अनुभव उपाध्याय, कॉर्डिनेटर पंकज, राज, पवन समेत अन्य मौजूद रहे।

तमंचा, कारतूस समेत आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को तमंचा, कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई की है। गंजडुंडवारा कोतवाली प्रभारी चमन कुमार गोस्वामी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने रईस बाबू पुत्र हबीब निवासी सुजावलपुर को ढपाली बाईपास पर स्विमिंग पूल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा, दो कारतूस बरामद किए हैं।

वनवास मंचन देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, वन को चले राम रघुराई, संग में सीता और लघु भाई



कासगंज। अमांपुर कस्बे के बारहद्वारी पर चल रही रामलीला महोत्सव के सप्तम दिवस रामलीला कमेटी के संरक्षक दिलीप सिंह फौजी, हरिकिशोर मिश्रा, परन्तप सोलंकी, महामंत्री हिदेश सर्राफ, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, डां विकास कुमार ने भगवान के स्वरूपों का पूजन कर आरती उतारी। आदर्श श्रीराम लीला मंडल के आचार्य प्रभात दास महाराज के तत्वावधान में श्रीधाम वृन्दावन के कलाकारों ने बहुत ही मनमोहक दृश्यों के बीच मंथरा-कैकई संवाद, दशरथ-कैकई संवाद, लक्ष्मण-राम संवाद और राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। गणेश जी की वंदना के साथ रामलीला शुरू हुई। अयोध्या का सिंहासन भगवान श्रीराम को सौंपने की तैयारी चल रही थी। सभी अयोध्यावासी इस निर्णय से काफी खुश थे। लेकिन कैकयी की दासी मंथरा को यह बात गले नहीं उतरी। वह कैकयी को समझाती है। वह राजा दशरथ के दो वचनों की याद कैकयी को कराती है। इसके बाद कैकयी राजा दशरथ से राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत के राजतिलक का वचन मांग लेती हैं। पिता की आज्ञा से श्रीराम वन को चल देते हैं।

मातारानी की पूजा-अर्चना कर मांगी खुशहाली, मंदिर में उमड़े भक्त

कासगंज। अमांपुर कस्बा के देवी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने मातारानी के दरबार में माथा टेका और अर्जी लगाई। परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने घरों व मंदिरों पर मां के भजन कीर्तन किए। सुबह से ही कस्बा के देवी मंदिर, ग्राम देवी माता, शीतला माता मंदिर में भोर की पहली किरण से दोपहर तक श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। शांति स्वरूपा कल्याणकारी महागौरी की पूजा अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ की गई। देवी मंदिर पर उमड़े भक्तों महागौरी को हलुआ, पूरी, चना, पुष्प, अक्षत, चुनरी व नारियल आदि चढ़ाकर मां से अखंड सौभाग्यवती का वरदान मांगा। घंटे घडियालों की गूंज से वातावरण भक्तिमय नजर आ रहा था। अष्टमी तिथि पर श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ के साथ साथ अपने बच्चों के मुडंन व जनेऊ संस्कार भी कराए। इसके बाद आरती व दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ ही अज्ञारी पूजन कर मां महागौरी से जीवन की बाधाएं दूर करने का आशीर्वाद मांगा। इसके अलावा घरों में कन्या पूजन के साथ के मां की आराधना की गई।

चुनाव से कुछ माह पूर्व बसपा को लगा बड़ा झटका

पूर्व मंडल कोऑर्डिनेटर अंसार हाथी से उतरे, रामपुर में उड़ाई पतंग

❑छर्रा विधानसभा से मांग रहे थे टिकट, लंबे समय से मुस्लिम क्षेत्रों में बसपा का कर रहे थे प्रचार ❑रामपुर में ओवैसी के साथ किया मंच साझा

अलीगढ़। बसपा में में लंबे समय से विभिन्न पदों पर रहे मुस्लिम समाज के नेता अंसार अहमद शेख एडवोकेट इस बार छर्रा विधानसभा से बसपा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। कई महीने से क्षेत्र में पार्टी के प्रचार और उनकी नीतियों को लोगों तक पहुंचा रहे थे। सूत्रों की माने तो बसपा के प्रमुख नेताओं ने टिकट के बदले उनसे टिकट के लिए एक भारी भरकम रकम की मांग रख दी। इस मांग को सुनते ही उनके होश उड गए।

उन्होंने कुछ दिग्गज नेताओं से यह भी कहा कि पार्टी प्रमुख ने कभी किसी से इस तरह की डिमांड तक नहीं की, जिसके बाद उन्होंने रकम देने से इंकार कर दिया। उन्होंने ओवैसी की पार्टी के जिलाध्यक्ष पूर्व पार्षद यामीन खान से संपर्क कर रविवार को रामपुर में एआईएमआईएम की विशाल रैली में पहुंचकर बसपा छोड़कर उनकी पार्टी में शामिल होने की घोषणा कर दी। बताया जाता है उनके साथ बसपा के एक दर्जन से अधिक नेताओं ने बसपा को छोड़ दिया।

एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के साथ मंच साझा करते अलीगढ़ जिलाध्यक्ष यामीन खान, महानगर अध्यक्ष बुंदू खान, अंसार अहमद शेख सर सैय्यद का चित्र भेंट करते

शुक्रिया रामपुर टांडा,

बसपा नेता, मंडल कोअर्डिनेटर, अलीगढ़ बार के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंसार अहमद शेख रामपुर टांडा में आयोजित जनसभा में एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली, पश्चिमी यूपी अध्यक्ष डॉ महताब चौहान ने एआईएमआईएम पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष यामीन खान अब्बासी पूर्व पार्षद, महानगर अध्यक्ष बुंदू खान, मुख्य महासचिव कुंवर हारून खान, पश्चिमी यूपी सचिव पंडित दिलीप कुमार शर्मा, महानगर महा सचिव डॉ हजरत अली, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नजीर खान उर्फ हप्पू, महानगर उपाध्यक्ष, इब्राहिम मलिक आदि मौजूद रहे।

23 को श्री वार्ष्णेय कालेज में दीपक लक्खा, कीर्ति कौशिक बिखेरेंगे आवाज का जादू

अलीगढ। श्री वार्ष्णेय मंदिर पर 13वाँ नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। महाआरती का आयोजन किया, मातारानी से समस्त जगत के दुख हरने की कामना की।

श्री नवदुर्गा महोत्सव सेवा समिति के मीडिया प्रभारी ने बताया कि महोत्सव में माता की चौकी के रूप में गरवा एवं डांडिया कार्यक्रम दिन शुक्रवार की शाम सात से रखा। श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर भजन गायक दीपक लक्खा चंडीगढ़, कीर्ति कौशिक आवाज का जादू बिखेरने आ रहे हैं।

श्री वार्ष्णेय मंदिर में हुई महाआरती में मुख्य रूप से श्री नव दुर्गा महोत्सव सेवा समिति संस्थापक संयोजक संजीव वार्ष्णेय अध्यक्ष, कृष्ण कुमार वार्ष्णेय, संदीप कुमार, गौरव गुप्ता, रोहित, भुवनेश वार्ष्णेय, सुमित गोटेवाल, सुमित, निखिल वार्ष्णेय, सुनील, अभिषेक गुप्ता, गुंजीत वार्ष्णेय, अमित, राज. ेश, डॉ. मुकेश वार्ष्णेय, सचिन अग्रवाल, सुनील मित्तल, अनिकेत, अजय वार्ष्णेय, पवन जिंदल, अश्वनी वार्ष्णेय, लवनीश वार्ष्णेय, लव वार्ष्णेय, पुष्पेंद्र वार्ष्णेय, विष्णु हरि गुप्ता, नीटू शर्मा, धीरेंद्र अग्रवाल, मिरघर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

सोनल बनीं पंचायत परिषद की राष्ट्रीय सचिव

अलीगढ़। अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महासचिव ठा. गवेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया मुजफ्फरपुर बिहार की सोनल पिछले सात आठ वर्ष से गुजरात में ग्रामीण शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्यों में योगदान कर रही है।

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान ने राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया। राष्ट्रीय सचिव बनने पर उनको राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार शर्मा, गवेंद्र सिंह, ठाकुर ध्यान पाल सिंह चौधरी भूपेंद्र सिंह मीडिया सलाहकार बद्री प्रसाद राष्ट्रीय सचिव चौधरी वीरेंद्र सिंह डॉ राकेश सक्सेना आदि ने बधाई दी।

मतदान के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: एचएल. पटेल

❑ विधान परिषद आगरा खंड स्नातक, शिक्षक चुनाव तैयारियों की हुई समीक्षा

अलीगढ़। यूपी विधान परिषद आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रेक्षक हीरालाल पटेल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें चुनाव तैयारियों, मतदान कार्मिकों प्रशिक्षण, सुरक्षा व्यवस्था, वीडियोग्राफी, पोलिंग पार्टियां रवाना, वापसी सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक के बाद प्रेक्षक द्वारा पो. लिंग पार्टियों की रवानगी, वापसी स्थल राजकीय नौरंगी लाल इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक, सीडीओ योगेंद्र कुमार ने बताया कि डीइओ अविनाश कुमार ने सभी प्रभारी अधिकारियों को दायित्व देने के निर्देश दे चुके हैं।

बैठक का संचालन करते हुए एडीइओ सौरभ भट्ट ने बताया कि चुनाव को 29 सितंबर को अधिसूचना जारी की थी। जिले में स्नातक चुनाव के लिए 37 मुख्य, 11 सहायक मतदेय स्थल सहित करीब 48 मतदेय स्थल निर्धारित किए। शिक्षक चुनाव को 19 मुख्य मतदेय स्थल बनाए। दोनों चुनाव क्षेत्रों में करीब 67 मुख्य, सहायक मतदेय स्थल हैं। सबंधित एसडीएम, बीडीओ ने मतदान केंद्रों का सत्यापन कर लिया। मतदान 23 की सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान टोलियों 22 को रवानगी होगी।

उन्होंने बताया कि स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 23,185 पुरुष, 15,958 महिला सहित करीब 39,143 मतदाता हैं। इसी प्रकार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में 4,444 पुरुष एवं 2,602 महिला सहित कुल 7,046 मतदाता पंजीकृत हैं। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों को मिलाकर कुल 46,189 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए रिजर्व कार्मिक सहित 296 मतदान कार्मिकों की व्यवस्था की। पोलिंग पार्टियों के आवागमन को 44 हल्के वाहन, 26 बसों सहित करीब 70 हल्के, भारी वाहनों का उपयोग होगा। सुरक्षा, निगरानी की दृष्टि से चुनाव क्षेत्र को 7 जोन, 37 सेक्टर में बांटा है। मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के लिए 67 वीडियोग्राफर लगाए। 67 मतदेय स्थलों पर 134 मतपेटियां प्रयोग में लाई जाएंगी। एडीइओ ने बताया कि मतदान कार्मिकों, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी, वापसी को नौरंगीलाल इंटर कॉलेज निर्धारित किया। चुनाव संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान, समस्याओं के त्वरित निस्तारण को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के प्रथम तल पर कंट्रोल रूम संचालित है, जिसका दूरभाष नंबर 0571-2420141 है।

इस दौरान सीडीओ, प्रभारी अधिकारी कार्मिक योगेंद्र कुमार, एडीएम सिटी संगीता देवी, एसडीएम सदर गजेंद्र सिंह, पीटीओ ज्योति मिश्रा, तहसीलदार सदर रामगोपाल, एडीओ पंचायत देशराज गिरि, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

22 तक मांगे मतदेय स्थलों पर आपत्ति-सुझाव

अलीगढ़। एडीएम प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट ने बताया कि जिले के सातों विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन चार जुलाई 2026 को कर दिया। सूची भारत चुनाव आयोग के निर्देशों के तहत मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार के बाद जारी की।

मतदेय स्थलों के संबंध में आपत्ति या सुझाव 22 अक्टूबर तक संबंधित तहसील के एसडीएम, कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में लिखित रूप से दिए जा सकते हैं।

मतदेय स्थलों के संभाजन से मतदाताओं को मिलेगी सहूलियत

अलीगढ़। विधानसभा चुनाव क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में सोमवार को कलेक्ट्रेट में एडीएम प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में मतदेय स्थलों की आलेख्य सूचियां उपलब्ध कराते हुए सम्भाजन के प्रस्तावों पर चर्चा की।

एडीइओ ने कहा कि मतदेय स्थलों के संभाजन का उद्देश्य मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में सहूलियत देना, अनावश्यक दूरी एवं असुविधा कम करना, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाना है। मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया में राजनीतिक दल प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की, ताकि मतदान केंद्रों की व्यवस्था अधिक सुविधाजनक और सुव्यवस्थित बनाई जा सके।

आज को रावण वध, श्रीरामचंद्र महाराज का सिंहासन मेला को लेकर रूट डायवर्ट

अलीगढ़। अचलताल रामलीला मैदान से दशहरा पर्व पर मंगलवार दोपहर एक बजे से श्रीरामलीला गौशाला कमेटी के तत्वाधान में श्रीरामचंद्र महाराज का सिंहासन मेला शुरू होकर आर्यसमाज रोड, मदारगेट चौराहा, गांधीपार्क, मामूभांजा होते हुये मीरुमल चौराहा पहुंचेगा। मामूभांजा स्थित श्री राधामोहन मन्दिर से श्रीकाली की सवारी मौहल्ले भ्रमण के बाद शोभायात्रा मे शामिल होगी। जिसके बाद शोभायात्रा पत्थर बाजार बारहद्वारी चौराहा, रघुवीरपुरी चौराहा, नई तहसील के सामने होते हुये समय करीब शाम चार बजे नुमाइश मैदान पहुंचेगी। नुमाइश मैदान मे रावण वध लीला मंचन के बाद श्रीराम, लक्ष्मण, सीता आदि के डोले मसूदाबाद जीटी. रोड होते हुए वापस रामलीला मैदान अचलताल पहुंचकर डोला यात्रा में करीब 70-80 झांकी के साथ संपन्न होगी। इसे देखते हुए शहर में और शहर के बाहर से आने वाले वाहनों के रूटों में बदलाव कर दिया है।

शोभायात्रा प्रारम्भ होने के समय नौरंगाबाद पुल डीएवी इंटर कॉलेज की तरफ से अचलताल की ओर, दुबे पड़ाव चौराहे से अचलताल की तरफ, मदारगेट से आर्यसमाज रोड की तरफ, कम्पनीबाग से मदारगेट की तरफ, मीरुमल से मामूभांजा की तरफ, बारहद्वारी से मीरुमल की तरफ, शंहशाह तिराहा से होली चौक, होली चौक से रघुवीरपुरी बारहद्वारी की तरफ वाहनों को डायवर्जन किया है। हालांकि यह डायवर्जन एंबुलेंस, इनके अतिरिक्त अन्य आपातकालीन सेवाओं से संबंधित सभी प्रकार के वाहन पर लागू नहीं होगा।

खैर में कल से चलेगा बंदर पकडो अभियान

खैर। खैर क्षेत्र में बंदरों के आतंक से जल्द ही लोगों को निजात मिल सकेगी। बुधवार से खैर नगर पालिका बंदर पकडवाने का अभियान चलाएगी। क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि स्कूली बच्चों को सुबह घर से स्कूल बस तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। वहीं कपड़ों और बाहर रखे जूतों को बंदरों से बचाने के लिए लोग परेशान रहते हैं। बंदरों के बढ़ती तादात से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। बंदरों के हमलों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर रोज अनेकों लोग बंदरों के काटने से घायल होकर खैर सीएचसी पहुंच रहे हैं। लोगों ने नगर पालिका से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की थी। लोगों की शिकायत के बाद खैर चेयरमैन ने बताया कि बंदरों को पकड़ने के लिए कई मंकी कैचर एजेंसियों से बातचीत हुई है। बुधवार से बंदरों को पकड़ने का अभियान शुरू होगा। बंदरों को पकड़कर पालिका कर्मचारियों की मौजूदगी में दूरदराज के क्षेत्रों में छोड़ा जाएगा, ताकि वे फिर से कस्बे में लौटकर ना आ सकें।

आरएसएस का आज महानगर के तीन दर्जन स्थानों से निकलेगा संचलन

❑ सोमवार को विवेकानन्द नगर धनीपुर क्षेत्र के स्वयंसेवक कदम से कदमताल करते निकलें

अलीगढ। विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के की ओर से पर्व को उत्साह पूर्वक मनाया जायेगा। संघ की स्थापना और शताब्दी वर्ष के अंतिम चरण में विजयादशमी पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की। स्वयंसेवक गणवेश की तैयारी पूर्ण कर चुके हैं। संघ स्थान व्यवस्थित किये जा चुके हैं। ध्वज, पोल, पुष्प, चित्र आदि सभी की व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। संचलन के रूट भी तय हो चुके हैं। मंगलवार को महानगर में करीब तीन दर्जन से अधिक स्थानों से पथ संचलन निकाले जायेंगे। स्वयंसेवक कदम से कदमताल करते हुए निकलेंगे। इस बार बाल और तरुण स्वयंसेवको में गजब का उत्साह है। पथ संचलन के लिए महानगर में जगह जगह तोरणद्वार बनाए।

सोमवार को विजयादशमी पर विवे. कानंद नगर के विकास लोक बस्ती के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। समारोह में मुख्य वक्ता व आरएसएस के विभाग सह प्रचार प्रमुख राज नारायण ने कहा कि संघ की स्थापना वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी। इसलिए संघ विजय का प्रतीक है। संघ के साथ जो भी है उसकी जीत सुनिश्चित है। आज विश्व के तमाम देशों में अराजकता के हालात हैं, अस्थिरता है। हाहाकार मचा हुआ है। मगर, भारत प्रबल आत्मविश्वास के साथ खड़ा हुआ है। क्योंकि यहां के उत्सव सकारात्मक शक्ति का संचार करते हैं, इसलिए नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं। हमें मां भारती की सेवा करते हुए राष्ट्र को सशक्त बनाना है।

नगर संघचालक कैप्टन राजेश ने कहा कि हम सभी एकजुट रहें। संघ से जुड़े रहें, यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति होगी। इसके पश्चात विकास लोक कालोनी स्थित सनराइज फार्म हाउस से पथ संचलन प्रारंभ हुआ। संचलन का संचालन कर रहे देवेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में नगर में स्वयंसेवक निकलें। कुंवर नगर कालोनी, कमाल पुर बाईपास, 42 फुटा रोड आदि स्थानों से संचलन निकाला गया। नगर वासियों ने जगह जगह पुष्पवर्षा करके संचलन का स्वागत किया। भारत माता और वंदेमात. रम के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे। उनका अनुशासन देखते ही बनता था। नगर कार्यवाह अधिवक्ता मनवीर सिंह ने व्यवस्थाएं संभाली। शाखा कार्यवाह टिंकू ने आभार जताया। संचलन में कुशलपाल सिंह, छोटे लाल, लक्ष्मीराज सिंह, बिल्लू सिंह, रणवीर आदि मौजूद थे।

विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपाइयों की बैठक

अकराबाद। गांव बिचपुरी स्थिति एक महाविद्यालय में आगरा खंड स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनाव को लेकर विधायक ठाकुर रवेंद्र पाल सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारियों एवं संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में स्नातक खंड के प्रत्याशी डाक्टर एवं शिक्षक खंड के प्रत्याशी चुनावी की तैयारियों पर एक दूसरे से विचार विमर्श कर चुनाव प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा संगठनात्मक समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया।

बैठक में भाग लेने वालों में एम.एल.सी. चौधरी ऋषिपाल सिंह, नगर पंचायत छर्रा चेयरमैन प्रतिनिधि लालू महाजन, शि. वनारायण शर्मा, मानवेंद्र सिंह, अनु प्रताप सिंह, बौबी ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विनीता सेंगर, अवधेश शर्मा, मोनू सिंह, नागेंद्र प्रताप सिंह, रविकांत आर्य, प्यारेलाल, निरंजन बघेल, हेवेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पड़ाव मैदान में होगा रावण दहन, शाम से सजेगा दशहरा मेला

❑मैदान की साफ सफाई तेज, मेला कमेटी पदाधिकारी तैयारियों में जुटे

खैर। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व खैर में धूमधाम से मनाया जाएगा। पड़ाव मैदान में मंगलवार शाम चार बजे रावण के पुतले का दहन होगा। दशहरा मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने में मेला कमेटी के लोग जुटे हैं। दशहरा मेले को लेकर पड़ाव मैदान में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं हो रही हैं। नगर पालि. का अध्यक्ष संजय शर्मा के निर्देशन में मैदान की सफाई युद्धस्तर पर करायी जा रही है, जिससे मेले में आने वालों को किसी तरह की परेशानी न हो। मेले का शुभारंभ कन्या महाविद्यालय प्रबंधक, पूर्व प्रधानाचार्य महेश चंद्र शर्मा, भाजपा नेता राजीव चौहान करेंगे। मेला कमेटी अध्यक्ष अनमोल शर्मा, महामंत्री अभिषेक गंगल, कोषाध्यक्ष सौरभ कंसल आदि पदाधिकारी व्यवस्थाओं में जुटे हैं। रावण दहन के साथ मैदान में दशहरा की रौनक देखने को मिलेगी।

पर्दे के पीछे के कलाकार, जिनके बिना अधूरी है श्रीराम लीला

❑स्वरूपों का ऐसा करते हैं श्रृंगार कि सजीव हो उठते हैं पात्र ❑37 वर्षों से राम-रावण समेत विभिन्न पात्रों का कर रहे श्रृंगार

खैर। रामलीला के मंच पर जब भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण जैसे पात्र अपने-अपने स्वरूप में नजर आते हैं तो दर्शक भाव-विभोर हो जाते हैं। उनके अभिनय और संवादों के पीछे जहां कलाकारों की मेहनत होती है, वहीं पर्दे के पीछे कुछ ऐसे लोग भी होते हैं, जिनकी कला के बिना रामलीला का मंचन अधूरा है। इन्हीं में एक नाम है राजकुमार श्रृंगारिया का, जो पिछले 37 वर्षों से खैर की ऐतिहासिक रामलीला में विभिन्न पात्रों का श्रृंगार कर उन्हें उनके किरदार के अनुरूप स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। उनके हाथों की कला का ही कमाल है कि कलाकारों के चेहरे पर रंग-रूप और भाव-भंगिमा उभरते ही पात्र जीवंत नजर आने लगते हैं।राजकुमार श्रृंगारिया बताते हैं कि जब उन्होंने रामल. ीला में श्रृंगार का काम शुरू किया था, तब आज की तरह आधुनिक मेकअप सामग्री उपलब्ध नहीं थी। उस समय पात्रों का श्रृंगार करने के लिए कोयला, स्याही की टिक्की, गोंद और मुर्दासन जैसी पारंपरिक सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाता था। इन्हीं की मदद से कलाकारों के चेहरे पर तिलक, मूंछ, दाढ़ी और पात्रों के अनुरूप अलग-अलग आकृतियां बनाई जाती थीं। सीमित संसाधनों के बावजूद ऐसा श्रृंगार किया जाता था कि कलाकार का स्वरूप उसके किरदार की पहचान बन जाता था। समय बदला तो रामलीला में पात्रों के श्रृंगार का तरीका भी बदल गया। अब मेकअप किट, क्रीम, फेस पेंट और अन्य आधुनिक सामग्री का इस्तेमाल होने लगा है। इससे कलाकारों को आकर्षक और प्रभावशाली स्वरूप देना पहले की अपेक्षा आसान हुआ है। हालांकि, आधुनिक सामग्री के बावजूद पात्र के स्वभाव, प्रसंग और भूमिका के अनुरूप श्रृंगार करने के लिए अनुभव, बारीकी और हुनर की जरूरत होती है। राज. कुमार वर्षों के अनुभव से इस कला में पारंगत हो चुके हैं।

सेवा को मानते हैं अपनी साधना

राजकुमार श्रृंगारिया के लिए रामलीला में श्रृंगार करना महज एक काम नहीं, बल्कि आस्था और सेवा से जुड़ा दायित्व है। 37 वर्षों से वह लगातार इस परंपरा का हिस्सा बने हुए हैं। मंच पर कलाकारों के उतरने से पहले पर्दे के पीछे उनकी तैयारी में जुटे रहना उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा है। रामलीला में प्रतिदिन सात से आठ घंटे लगते हैं। शिक्षक होने के बावजूद उन्हें कॉलेज से छुट्टी लेनी पड़ती है। उनका मानना है कि रामलीला की भव्यता केवल मंच पर दिखाई देने वाले अभिनय से नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे काम करने वाले कलाक. ारों और सहयोगियों की मेहनत से भी निखरती है। यही वजह है कि बदलते दौर में भी रामल. ीला के प्रति उनका समर्पण और उत्साह बरकरार है।

''राजकुमार की सेवा वाकई काबिले तारीफ है। वह अपने हुनर से स्वरूपों को इस तरह तैयार करते हैं कि उन्हें देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। वह यह कार्य पूरी निष्ठा और सेवा भाव से करते हैं और आज तक कोई पारिश्रमिक नहीं लिया। उनके बिना रामलीला का मंचन अधूरा है।''

❑रामगोपाल अग्रवाल, संरक्षक, रामलीला परिवार

''राजकुमार शर्मा विशेष सम्मान के पात्र हैं, वह रामल. ीला परिवार के अभिन्न अंग हैं। उनकी सेवा के आगे सब छोटा है। रामलीला कमेटी उनका तहे दिल से सम्मान करती है।''

❑ पंकज रावत, अध्यक्ष रामलीला सुपर कमेटी खैर

नोएडा के फ्लैट में लटकी मिली लाश, छतारी पहुंचे शव देख कोहराम

बुलंदशहर। छतारी थाना क्षेत्र के शेखूपुर गांव निवासी अंजली (22) का शव नोएडा सेक्टर 39 स्थित कमरे में मिला। रविवार रात को पोस्टमार्टम जांच के बाद जम शव गांव पहुंचा तो परिजनों पुलिस कार्रवाई पर आरोप लगाया। साथ ही सोमवार सुबह गांव में दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग को लेकर हंगामा किया। तीन थानों की फोर्स पहुंची गांव हंगामे की सूचना पर डिबाई विधायक सीपी०सिंह और सीओ०डिबाई मधुप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे व परिजनों को समझाने का प्रयास किया। हंगामा बढ़ता देख तीन थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। करीब चार घंटे के हंगामा के बाद परिजन शांत हुए और अंतिम संस्कार के लिए सहमत हो गए। प्राप्त विवरणनुसार गाजियाबाद के लोहिया नगर कॉलोनी निवासी आकाश दीप ने बताया कि मूलरूप से बुलंदशहर जनपद के छतारी थाना क्षेत्र स्थित शेखूपुर गांव

निवासी उनकी साली अंजली (22) गाजियाबाद के एक कंपनी में नौकरी करती थी। वहीं, इंदिरापुरम में किराए के फ्लैट पर अपनी सहेली के साथ रहती थी।

रविवार को अवकाश होने के चलते आकाश दीप की पत्नी लतेश ने अंजली को फोन किया तो पुलिस ने फोन उठाया। उन्होंने फोन पर कहा कि नोएडा स्थित पोस्टमार्टम हाउस आ जाओ। यह सुनकर के लतेश के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने घबराते हुए यह बात आकाश दीप को बताई। तभी आकाश और उनकी पत्नी लतेश नोएडा पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। जहां अंजली को मृत देख वह बिलख उठे और उन्होंने इसकी जानकारी गांव में परि. जनों को दी। गांव से परिजन भी नोएडा आ गए। आरोप है कि उस वक्त नोएडा पुलिस ने उनको कोई जानकारी नहीं दी कि अंजली की मौत कैसे हुई। यह बताया कि सेक्टर-39 स्थित एक कमरे में शव मिला।

रविवार रात को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा। रात ज्यादा होने के कारण अंतिम संस्कार सोमवार को करने का निर्णय लिया। वहीं सोमवार सुबह करीब नौ बजे अंतिम संस्कार से पहले परिजनों ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी और मामले में दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इस बात पर ग्रामीणों और परि. जनों ने हंगामा शुरू कर दिया।

पुलिस कस्टडी से फरार हुआ हिस्ट्रीशीटर

बुलंदशहर। जनपद न्यायालय में पेशी पर लाया गया एक शातिर हिस्ट्रीशीटर बंदी पुलिस अभिरक्षा से चकमा देकर फरार हो गया था, जिसे कुछ ही घंटे बाद दबोच लिया गया। इस मामले में हवालात प्रभारी की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने फरार बंदी और अभिरक्षा में तैनात सिपाही की लापरवाही को लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। न्यायालय से फरार हुआ बंदी जिला कारागार में विचाराधीन असलम पुत्र अशरफ (निवासी ग्राम एत्माद सराय, थाना कोतवाली देहात) को न्यायालय में पेशी हेतु हवालात सदर सेशन लाया गया था। हवालात प्रभारी हेड कांस्टेबल अरुण कुमार ने बंदी असलम को एडीजे-4 की अदालत में पेशी के लिए आरक्षी प्रशांत की सुपुर्दगी में रवाना किया था। घ्दोपहर लगभग 2:25 बजे सिपाही

प्रशांत ने हवालात सदर के गेट पर आकर सूचना दी कि बंदी असलम मौके से गायब हो गया है।

सूचना मिलते ही कचहरी सुरक्षा स्टाफ और प्रतिसार निरीक्षक को अवगत कराया गया और सघन तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन बंदी का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में पुलिस टीमों द्वारा फरार बंदी को कुछ ही घंटे बाद क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया गया। उधर, नगर कोतवाली पुलिस ने घ्हवालात प्रभारी की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके अनुसार आरोपी असलम कोतवाली देहात क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर है और उस पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सिपाही की लापरवाही सामने आने के बाद कोतवाली नगर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की भिड़ंत, किसान की मौके पर मौत

बुलंदशहर। अगौता थाना क्षेत्र के गांव लुहारली में सोमवार सुबह करीब 9 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव लुहारली निवासी कृष्ण पुत्र घषिपाल उम्र 40 वर्ष सोमवार सुबह बाइक से गांव के बाहर कहीं से आ रहे थे। इसी दौरान एक युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली में रोड़ी-बदरपुर भरकर गांव की ओर आ रहा था। रास्ते में अचानक एक अज्ञात वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली और

बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कृष्ण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामींणों द्वारा बताया गया कि मृतक कृष्ण खेतीबाड़ी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर अगौता पुलिस को घटना की सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के दौरान चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन समय पर नहीं रुक सका। समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम होकर गांव आ चुका है लोग अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। थाना प्रभारी संजेश कुमार ने बताया कि मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रो. एम. वसीम रजा ने तुर्किये में मुगल साम्राज्य पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुत किया

अलीगढ। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर एम. वसीम रजा ने तुर्किये के इस्तांबुल में आयोजित मुगल साम्राज्य पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में आमंत्रित वक्ता के रूप में भाग लिया। इस संगोष्ठी का आयोजन तुर्क ओजाकलारी की इस्तांबुल शाखा और महिला शिक्षाविद् संघ ने किया था। इसका आयोजन मुगल साम्राज्य की स्थापना के 500 वर्ष पूरे होने के अवसर पर किया गया।

प्रो. रजा ने "समरकंद से हिंदुस्तान तकः मुगल साम्राज्य के निर्माण में संप्रभुता, आवागमन और तैमूरी-तुर्की शासन परंपराओं का रूपांतरण" शीर्षक से शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने बताया कि बाबर की मध्य एशियाई पृष्ठभूमि और तैमूरी राजनीतिक परंपराओं ने उभरते हुए मुगल राज्य को किस प्रकार आकार दिया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में राजनी. तिक विचारों, संस्थाओं और सांस्कृतिक विरासतों के आवागमन तथा उनके अनुकूलन पर भी प्रकाश डाला।शोधपत्र में मुगल राज्य के गठन को प्रवासन, संप्रभुता और साम्राज्य निर्माण के व्यापक अंतरक्षेत्रीय इतिहास के संदर्भ में प्रस्तुत किया गया। इसमें मध्य एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप के बीच ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित किया गया।

प्रस्तुति में मुगल इतिहास का अध्ययन मध्य एशिया और भारत को अलग-अलग ऐतिहासिक क्षेत्रों के रूप में देखने के बजाय उनके परस्पर संबंधों के व्यापक संदर्भ में किए जाने के महत्व पर भी जोर दिया गया। प्रो. रजा की भागीदारी से अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक मंच पर एएमयू के ऐतिहासिक शोध कार्यों को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। यह इतिहास विभाग की मध्य एशियाई इतिहास, भारत-तुर्क संबंधों तथा मुगल साम्राज्य की राजनीतिक और सांस्कृतिक नींव से जुड़े शोध में सक्रिय भागीदारी को भी दर्शाता है।

कार सवार दबंगों पर युवक के अपहरण और बेरहमी से पिटाई का आरोप, आंख फोड़ी

बुलंदशहर। अगौता थाना क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर निवासी सागर राठी के अपहरण और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि कार सवार युवक. ों ने सागर को अगवा कर बेरहमी से पीटा और गंभीर हालत में जंगल में फेंककर फरार हो गए। घायल का मेरठ मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।परिजनों के अनुसार विगत देर शाम सागर बुलंदशहर से मोबाइल ठीक कराकर गांव लौट रहा था। मालागढ़ के पास कार सवार आकाश उर्फ अक्कू, गौरव और विपिन पर उसे अगवा करने का आरोप है। आरोप है कि उसे कोतवाली देहात क्षेत्र के ताजपुर अंडरपास पर ले जाकर बुरी तरह पीटा गया। हमले में उसकी आंख, सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद आरोपी उसे आसिफाबाद-चंदपुरा के जंगल में फेंककर फरार हो गए।

राहगीर की सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने घायल को गुलावठी अस्पताल पहुंचाया। वहां से जिला अस्पताल और फिर मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पीड़ित के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया, लेकिन तीन दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। परि. जनों ने आरोपियों पर धमकी देने का दावा करते हुए जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उनका यह भी कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से हत्या के मुकदमे विचाराधीन हैं। पीड़ित के भाई अनुज राठी, ताई सुंदरी और पिता बिजेंद्र सिंह ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।

ईंट लदे-ट्रैक्टर से कुचलकर दो युवकों की मौत

बुलंदशहर। अनूपशहर कोतवाली क्षेत्र मे सोमवार को दुगरऊ गांव के पास एक सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिल सवार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक ईंटों से लदे एक ट्रैक्टर के नीचे आ गए थे। हादसा इतना तेज था कि दोनों युवकों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। वे दिल्ली नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। अचानक तेज गति से हुई दुर्घटना में बाइक सवारो के गंभीर चोट लगने से उनकी जान चली गई।

घटना की सूचना मिलते ही अनूपशहर के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) मनीष कुमार और कोतवाली प्रभारी जय किशोर गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और शवों को कब्जे में लेकर सिनाखत आदि की आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

नरौरा गंगा में मछली पकड़ने गया युवक डूबा, नहीं मिला सुराग, पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

बुलंदशहर। नरौरा क्षेत्र में गंगा नदी में मछली पकड़ने गया 30 वर्षीय युवक डूब गया। युवक की पहचान उदयगढ़ी की मढ़ैया निवासी रामजीत पुत्र मुंशीलाल के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने गंगा में उसकी तलाश शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था।

प्राप्त विवरणनुसार रामजीत गंगा किनारे मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों को घटना की जानकारी हुई तो घाट पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस

मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। गंगा में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। लेकिन देर तक उसका पता नहीं

चल सका।

राजघाट चौकी प्रभारी उमाशंकर भारद्वाज ने बताया कि उदयगढ़ी की मढ़ैया के पास बांदा नंबर-5 पर एक युवक के गंगा में डूबने की सूचना मिली थी। पुलिस और गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हैं। हादसे के बाद से युवक के परिवार में मातम पसरा है। परिजन उसके मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

राजपुर इंडस्ट्रियल सिटी के विरोध में आए ग्रामीण

लैंड पूलिंग के खिलाफ किसानों में भारी आक्रोश

खैर। खैर क्षेत्र के राजपुर, सोफा और नरायणपुर गांव की जमीन पर बसाई जा रही प्रस्तावित राजपुर इंडस्ट्रियल सिटी का राजपुर गांव के किसानों ने विरोध करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने एडीए द्वारा की जा रही लैंड पूलिंग योजना को सिरे से नकारते हुए कहा कि वह किसी भी कीमत पर जमीन नहीं देंगे।

गांव में हुई बैठक में ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा कि पिछले कई सालों से राजपुर का सर्किल रेट नहीं बढ़ाया। ऐसे में पुराने, कम रेट पर उनकी कीमती जमीन लेना किसानों के साथ अन्याय है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन ही उनके जीवन यापन का एकमात्र

पंचायत सचिवालय पर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। फोटो--- 'आज'

साधन है। एक किसान ने कहा, हम अपनी जमीन बेच देंगे तो फिर हम कहां जाएंगे, हमारे बच्चे क्या करेंगे। हम अपनी पुश्तैनी जमीन बेचने के पक्ष में बिल्कुल नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राजपुर इंडस्ट्रियल सिटी जैसे ही चर्चा में आई है तो अने. कों प्रॉपर्टी डीलरों ने गांव भोले-भाले किसानों से सस्ते दामों पर खेत खरीद लिए हैं। अब यही प्रॉपर्टी डीलर लैंड पूलिंग की अनुमति विभाग को दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें इसमें मोटा मुनाफा और मुआवजा मिलने का लालच है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रॉपर्टी डीलरों ने सस्ती जमीन खरीद ली और अब मुआवजे को तैयार बैठे हैं, लेकिन वास्तविक किसान जो जमीन पर खेती कर रहे हैं, वह न तो लैंड पूलिंग से खुश हैं और न जमीन बेचना चाहते हैं। किसानों ने मांग की है कि अलीगढ़ विकास प्राधिकरण पहले राजपुर क्षेत्र का सर्किल रेट बढ़ाए और किसानों की सहमति के बिना कोई भी योजना न थोपी जाए। अगर जबरन जमीन ली गई तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मामले को लेकर गांव में लगातार पंचायतें हो रही हैं और ग्रामीण एकजुट होकर विरोध की रणनीति बना रहे हैं।

नगर पंचायत की जमीन से रातों रात काट डाले पांच हरे भरे पेड़

औरंगाबाद (बुलंदशहर)। नगर पंचायत की जमीन पर लगे पांच हरे भरे पेड़ रातों रात काट लिए गए। नगर पंचायत के सर्वेसर्वा मौन धारण कर बैठे रहे। अधिशासी अधिकारी ने एक लिपिक से थाने पर तहरीर दिलाकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी ओर डी एफ ओ का कहना है कि पेड़ काटने की अनुमति विभाग ने नहीं दी है। कस्बे के मौहल्ला मुरादनगर में सरकारी जमीन पर पांच हरे पेड़ लगे हुए थे। दो दिन पहले वो पेड़ एक लकड़ी माफिया ने रातों रात काट कर वाहन में भरकर ले जाकर बेच दिए। इस दुष्कृत्य की विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अधिशासी अधिकारी ने लिपिक किशोरी लाल को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए। लिपिक ने अजीजाबाद निवासी फजलू को पेड़ काटने का नामजद आरोपी बनाते हुए थाने पर तहरीर दी है। थाना प्रभारी सुखवीर सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

जिला वन अधिकारी डॉ०हरेंद्र सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने पेड़ काटे जाने की अनुमति किसी को भी दिये जाने से साफ इंकार किया है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बच्चे की मौत

बुलंदशहर। क्षेत्र के नेशनल हाईवे-509 पर गांव रुस्तमगढ़ी के समीप तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े 10 वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हादसे से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने गांव में हंगामा कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रविवार की देर शाम गांव रुस्तमगढ़ी माजरा बुढ़ांसी निवासी रामप्रकाश का 10 वर्षीय पुत्र मंगल सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मंगल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मुआवजे की मांग और आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने गांव में हंगामा कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार और रामघाट थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अपनी जिंदगी

सम्मान

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

प्रेम और सम्मान की भावना तथा अनुभूति आपके भीतर ही निवास करती हैं। जब आपके हृदय में निर्मलता और मन में स्पष्टता होती है, तब ये भावनाएँ स्वाभाविक रूप से प्रकट होती हैं। प्रेम और सम्मान अपने आप घटित होते हैं। यदि आप प्रयास करके अपने भीतर सम्मान या प्रेम लाना चाहेंगे, तो यह प्रयास असफल होगा। आप स्वयं को तनाव से मुक्त रखें और मन में ज्ञान धारण करें। ज्ञान का अर्थ है - संसार को व्यापक दृष्टिकोण से देखना तथा स्थायी और अस्थायी के अंतर को समझना। लोगों की राय और उनके विचार - ये सब अस्थायी हैं। यह सब परिवर्तनशील है; यह स्मरण रखना चाहिए। सम्मान की लालसा न रखें। कोई आपको सम्मान देता है या नहीं देता, यह उसकी पसंद है; लेकिन यदि आपका जीवन दूसरों के सम्मान पर निर्भर है, तो आप दुर्बल हो जाते हैं। जितनी अधिक निर्भरता होगी, उतना ही आप अधिक कमजोर होते जाएँगे और अधिक दुःखी भी होंगे। आपको यह जानना चाहिए कि मुझे किसी के सम्मान की आवश्यकता नहीं है -मेरा सम्मान मेरे भीतर है। इसका अर्थ यह नहीं कि आप असम्मानजनक व्यवहार करें। आप सभी को सम्मान दें, किंतु बदले में सम्मान की अपेक्षा न रखें। यदि कोई आपको सम्मान नहीं देता, तो स्वाभाविक बने रहें। यह उनकी संस्कृति और उनके विकास के स्तर को दर्शाता है। यदि आप अधिक विकसित और परिपक्व हैं, तो आप हर किसी का सम्मान करेंगे - चाहे वह समझदार हो या पागल। आप एक पागल व्यक्ति का भी सम्मान करेंगे, क्योंकि यह आपका स्वभाव है। वे भी सृष्टि का ही एक भाग हैं; वे भी उसी दिव्यता से जुड़े हैं। आप सभी का सम्मान करें। यह दर्शाता है कि आप कितने बुद्धिमान हैं। सम्मान की अपेक्षा करना हमारी कमजोरी को प्रकट करता है, जबकि बिना किसी भेदभाव के सभी को सम्मान देना हमारी बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। प्रेम इस सृष्टि का मूल आधार है। वह कभी समाप्त नहीं होता; वह सदैव विद्यमान रहता है। प्रेम दीजिए - वह कई गुना होकर आपके पास लौटेगा। प्रेम से विरह उत्पन्न होता है, और विरह ही भगवान है; प्रेम ही भगवान है। विरह के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है। विरह उत्पन्न करना गुरु का कार्य है। लोग संसार के लिए दुःखी होते हैं, किंतु यदि संसार के दुःख से ऊपर उठकर भगवान के लिए विरह उत्पन्न हो जाए, तब जीवन का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है। इसलिए विरह का जन्म होना अत्यंत शुभ है। प्रेम और विरह, ये दोनों साथ-साथ चलते हैं। उसकी खोज करो, उसके लिए तड़पो, उसे पाने की आकांक्षा रखो और यह खोज स्वयं में ही सुंदर है। दिव्यता के लिए तड़पना, सर्वोच्च सत्य के लिए लालायित होना, अपने आप में अत्यंत सुंदर है। इसीलिए तड़प को राधा कहा गया है। राधा का अर्थ है - लालसा, तड़प; और श्याम का अर्थ है - प्रेम। तड़प और प्रेम साथ-साथ चलते हैं। यदि तड़प नहीं है, तो प्रेम भी नहीं हो सकता; और जहाँ प्रेम है, वहाँ तड़प अवश्य होती है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

फ्रांस में हिंसा और लूटपाट से बिगड़े हालात, कई इलाकों में कर्फ्यू की तैयारी

पेरिस, लियोन और मार्सेई में आगजनी; 2,400 से अधिक गिरफ्तार

पेरिस। फ्रांस में बढ़ती महंगाई और स्कूलों की खराब स्थिति के खिलाफ शुरू हुए प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं। पेरिस, लियोन और मार्सेई समेत कई शहरों में आगजनी और दुकानों में लूटपाट की घटनाओं के बाद सरकार सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने हिंसा प्रभावित चुनिंदा इलाकों में सीमित कर्फ्यू लगाने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में कम से कम 2,400 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रधानमंत्री लेकोर्नू ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपात बैठक के बाद कहा कि शनिवार को व्यापक हिंसा और संपत्ति को भारी नुकसान के बावजूद किसी की मौत नहीं हुई। उन्होंने हिंसक भीड़ से निपटने में पुलिस की कार्रवाई का बचाव किया। कर्फ्यू किन इलाकों में लागू होगा, इसका विवरण बाद में जारी किए जाने की बात कही गई है। इस बीच, गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने रविवार को इस्तीफे की पेशकश की थी, लेकिन राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसे स्वीकार नहीं किया। मैक्रों ने कहा कि मौजूदा संकट में पुलिस और कानून प्रवर्तन एजेंसियों का नेतृत्व लगातार जारी रहना जरूरी है। उन्होंने हिंसा की साजिशों और खुफिया जानकारी जुटाने में हुई चूकों की जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। रविवार शाम कई शहरों में प्रदर्शनकारियों ने कूड़ेदानों, साइकिलों और अन्य वस्तुओं में आग लगाई तथा दुकानों को निशाना बनाया।

जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर संदिग्ध यात्री पकड़ा

सीआईएसएफ जवानों को देखकर भागने की कोशिश, एग्जिट गेट के पास दबोचा; जांच के लिए पुलिस को सौंपा

नई दिल्ली। दिल्ली के जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने एक संदिग्ध यात्री को पकड़ लिया।

यात्री के अंडरगारमेंट के सिले हुए हिस्से में अज्ञात ठोस पदार्थ छिपा मिला। जवानों को देखकर यात्री ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे स्टेशन के निकास द्वार के पास पकड़ लिया गया।

सीआईएसएफ के अनुसार, बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक्स-रे मशीन की स्क्रीन पर एक संदिग्ध घनी वस्तु दिखाई दी। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने यात्री की जांच की। सामान की तलाशी लेने पर

उसके अंडरगारमेंट के सिले हुए हिस्से में छिपा पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ में यात्री ने खुद को मलेशिया के कुआलालंपुर में रहने वाला अनिवासी भारतीय (एनआरआई) बताया। इसके बाद उसे बरामद पदार्थ समेत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया।

ऑस्ट्रेलिया में महिला सांसद को एसयूवी से कुचलने की कोशिश, गंभीर

चुनावी कार्यालय के बाहर हुई घटना; प्रधानमंत्री अल्बनीज बोले— यह हादसा नहीं भी हो सकता, चालक गिरफ्तार

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में महिला सांसद हेलेन हेन्स को उनके चुनावी कार्यालय के बाहर एसयूवी से टक्कर मार दी गई। घटना में 65 वर्षीय सांसद गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने आशंका जताई कि यह महज दुर्घटना नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया हमला हो सकता है। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, वांगाराटा में सांसद हेन्स को टोयोटा लैंड क्रूजर एसयूवी ने टक्कर मारी। घटना के बाद एक राहगीर ने कथित तौर पर चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। अधिकारियों ने वाहन से एक चाकू भी बरामद किया है। प्रधानमंत्री अल्बनीज ने कहा कि शुरूआती जानकारी के आधार पर घटना दुर्घटना नहीं लगती, हालांकि इसके पीछे का मकसद अभी स्पष्ट नहीं है। राष्ट्रीय आतंकवाद-निरोधक टीम भी जांच में शामिल है। पुलिस यह पता लगा रही है कि सांसद को जानबूझकर निशाना बनाया गया था या नहीं। फिलहाल घटना को आतंकवादी हमला घोषित नहीं किया गया है। हेलेन हेन्स पहली बार 2019 में संसद के लिए निर्वाचित हुई थीं। इस घटना के बाद ऑस्ट्रेलिया में जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.वी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञान मण्डल प्राईवेट लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष ३६ पूर्णांक संख्या १३९८५
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं.- ०५६२२५२१५१६
सम्पादकीय-०५६२२८५३२२२,०५६२४३१५२३१
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com
ajagraeditor@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।